राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 12 अंक - 26
लखनऊ, बुधवार 11 सितंबर 2024
पृष्ठ- 12 मूल्य - रु 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com



देश की आंतरिक सुरक्षा के लिए पंडित पंत के कार्य सदैव रहेंगे स्मरणीय : योगी 03

अगले पांच साल में पांच हजार साइबर कमांडो हो जाएंगे तैयार : शाह 12

# देश-दुनिया की चिंता का सबसे बड़ा विषय जलवायु परिवर्तन : मुख्यमंत्री

## 647 वन रक्षकों व वन्यजीव रक्षकों व 41 अवर अभियंताओं को नियुक्ति पत्र वितरित

समृद्धि न्यूज

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि देश-दुनिया की चिंता का सबसे बड़ा विषय जलवायु परिवर्तन है। अनियंत्रित व अनियोजित विकास मानवता के सामने संकट खड़ा कर चुका है। असमय बारिश, अतिवृष्टि, ओलावृष्टि हो रही है। एक ही समय पर कहीं सूखा तो कहीं बाढ़ आई है। कहीं अतिवृष्टि तो कहीं लोग एक बूंद जल के लिए तरस रहे हैं। दोनों नुकसानदायी है। हम सब जलवायु परिवर्तन के दुष्परिणामों के भुक्तभोगी हैं। नवनियुक्त वन व वन्य जीव रक्षक यदि ईमानदारी से कार्य करेंगे तो जलवायु परिवर्तन का दुष्प्रभाव कम करने में बड़ी भूमिका का निर्वहन कर सकते हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उप्र अधीनस्थ सेवा चयन आयोग के माध्यम से चयनित 647 वन रक्षकों/वन्यजीव रक्षकों व 41 अवर अभियंताओं को मंगलवार को लोकभवन में नियुक्ति पत्र वितरित किया। सीएम योगी ने कहा कि प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड जनसहभागिता के साथ जुड़ते हुए बड़ी जिम्मेदारी का निर्वहन कर सकता है। जल की बेहतरीन स्रोत अधिकांश नदियों का अस्तित्व खतरे में दिखाई देता था। पीएम मोदी ने सबसे पवित्रतम गंगा नदी को अविरल व निर्मल बनाने के लिए नमामि गंगे कार्यक्रम का शुभारंभ किया था। जनसहभागिता के साथ इस कार्यक्रम को बढ़ाना है। जिम्मेदार संयंत्र, फैक्ट्री,कारखाने, म्यूनिसिपल कॉरपोरेशन नदियों को प्रदूषण से मुक्त करने के लिए किए जाने वाले प्रयासों के लिए तैयार करना है।





### सीएम के हाथों इन्हें मिला नियुक्ति पत्र

कानपुर देहात की शशि तोमर, अयोध्या से स्मृति उपाध्याय, गोंडा से शिखा सिंह, गोरखपुर से अभिनय सिंह, लखनऊ से ज्योति रावत, प्रयागराज से अभिषेक तिवारी, अयोध्या से विशाल श्रीवास्तव, मऊ से अभिषेक सिंह, विजय प्रताप सिंह, मुरादाबाद से मो. नईम, लखनऊ से अभय कुमार पांडेय, बरेली से संजीव यादव, मीरजापुर से वीर बहादुर सिंह, संतकबीरनगर से अरुणेश, पीलीभीत से विकास सिंह, गाजीपुर से दीपक कुमार को नियुक्ति पत्र प्रदान किया। सीएम ने अवर अभियंता के रूप में चयनित फतेहपुर की पूजा त्रिपाठी, हाथरस के पवन कुमार को नियुक्ति पत्र प्रदान किया।

### जंगल जलेंगे तो पर्यावरण को नुकसान व भूस्खलन होगा

सीएम योगी ने कहा कि साढ़े सात वर्ष में सरकार ने कुछ कार्यक्रम आगे बढ़ाए। जलवायु परिवर्तन के सामने सबसे बड़ा चैलेंज घटते जंगलों, वनाच्छादन, अनियंत्रित, अनियोजित विकास, प्लास्टिक का बेतरतीब उपयोग है। ऐसी वस्तुओं का उपयोग पर्यावरण के लिए घातक हो सकता है। इन पर लगाम लगाने के बावजूद किसी न किसी स्तर पर इसका दुरुपयोग होता है। पहाड़ी क्षेत्रों में किसी भी सीजन में जंगलों के बीच से धुआं उठाई देता है। जंगल जलेंगे तो पर्यावरण को नुकसान व भूस्खलन होगा। असमय जलवायु परिवर्तन के दुष्परिणामों का सामना न केवल वन्यजीवों, बल्कि मानवों को भी करना पड़ेगा। वन के दायरे कम होने के कारण मानव-वन्यजीव संघर्ष की नौबत आती है।

### वनाच्छादन बढ़ाकर 15 फीसदी करने का लक्ष्य

सीएम ने कहा कि साढ़े सात वर्ष पहले हमने तय किया कि वनाच्छादन बढ़ाना है। इसके लिए प्रतिवर्ष बड़े पैमाने पर पौधरोपण करते हैं। 210 करोड़ वृक्षारोपण का कार्यक्रम भी पूरा किया। 2028-29 तक 15 फीसदी वनाच्छादन का लक्ष्य है। हम पौधरोपण करते हैं, लेकिन इसे बचाने की जिम्मेदारी जनसहभागिता से होती है। साढ़े सात वर्ष में इसके अच्छे परिणाम आए हैं। अनेक अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं ने इसकी सराहना की है। किसानों को जोड़ने के लिए प्रोत्साहित किया। प्रशिक्षण के बाद 647 वन्य रक्षकों पर बड़ी जिम्मेदारी आने वाली है।

## धर्मांतरण मामले में मौलाना कलीम सहित 14 दोषी करार

लखनऊ। अवैध धर्मांतरण मामले में लखनऊ की एनआईए कोर्ट ने 14 को दोषी करारा दिया है। मंगलवार को सुनवाई करते हुए कोर्ट ने मौलाना उमर गौतम, मौलाना कलीम सिद्दीकी समेत 14 को दोषी माना। इस मामले में एक आरोपी इदरीस कुरैशी को हाईकोर्ट से स्टे मिला हुआ है। एनआईए-एटीएस स्पेशल कोर्ट के जज विवेकानंद शरण त्रिपाठी बुधवार को इस मामले में सजा सुनाएंगे। आरोपियों को दोषी पाए जाने वाली धाराओं में 10 साल से लेकर आजीवन कारावास तक की सजा का प्रावधान है। यूपी एनआईए ने दोषियों को प्रदेश के विभिन्न जिलों से गिरफ्तार किया था। एनआईए-एटीएस स्पेशल कोर्ट ने आईपीसी की धारा 417, 120बी, 153, 153बी, 295, 121, 123 व अवैध धर्मांतरण की धारा 3, 4, व 5 के तहत दोषी पाया। सरकारी वकील एमके सिंह ने कोर्ट को बताया, आरोपियों ने अवैध धर्मांतरण कराने का गिरोह बना रखा था। गिरोह आर्थिक रूप से कमजोर, दिव्यांग लोगों को बहला फुसलाकर, दबाव डाल कर धर्मांतरण कराता था। इतना ही नहीं धर्म अपना चुके लोग अपने पुराने धर्म में वापस न जाए और देश विरोधी गतिविधियों में शामिल हो, इसके लिए वर्कशॉप और ट्रेनिंग दी जाती थी।

## आठ जिलों के पुलिस कप्तान सहित 17 आईपीएस अफसरों का तबादला

समृद्धि न्यूज



लखनऊ। उप्र शासन ने मंगलवार की शाम को एक आईजी, एक डीआईजी और आठ जिलों के पुलिस कप्तान सहित 17 आईपीएस अधिकारियों का तबादला कर दिया है। तबादले के क्रम में शलभ माथुर को पुलिस महानिरीक्षक अलीगढ़ से हटाकर पुलिस महानिरीक्षक, स्थापना, मुख्यालय पुलिस महानिदेशक बनाया गया है। प्रभाकर चौधरी को पुलिस उप महानिरीक्षक, स्थापना, मुख्यालय पुलिस महानिदेशक से पुलिस उप महानिरीक्षक अलीगढ़ भेजा गया है।

इसके अलावा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राजेश एस को पुलिस अधीक्षक शाहजहांपुर, सुधा सिंह को सेना नायक 47वीं वाहिनी पीएसी गाजियाबाद से वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक झांसी, डॉ. यशवीर सिंह को पुलिस अधीक्षक सोनभद्र से पुलिस अधीक्षक रायबरेली, सिद्धार्थ शंकर मीणा को पुलिस अधीक्षक उन्नाव से पुलिस उपायुक्त पुलिस कमिश्नरेट प्रयागराज, चारू निगम को पुलिस अधीक्षक औरैया से सेना नायक 47वीं वाहिनी पीएसी गाजियाबाद, अपर्णा गुप्ता को पुलिस अधीक्षक महोबा से पुलिस उपायुक्त पुलिस कमिश्नरेट लखनऊ, अशोक कुमार मीणा को पुलिस अधीक्षक शाहजहांपुर से पुलिस अधीक्षक सोनभद्र, दीपक भूकर को पुलिस उपायुक्त, पुलिस कमिश्नरेट प्रयागराज से पुलिस अधीक्षक उन्नाव, अभिषेक अग्रवाल को पुलिस अधीक्षक रायबरेली से पुलिस उपायुक्त पुलिस कमिश्नरेट आगरा, कृष्ण कुमार को अपर पुलिस अधीक्षक नगर गोरखपुर से पुलिस अधीक्षक संभल, कुलदीप सिंह गुनावत को पुलिस अधीक्षक संभल से पुलिस उपायुक्त पुलिस कमिश्नरेट प्रयागराज, अभिजीत आर शंकर को अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त पुलिस कमिश्नरेट लखनऊ से पुलिस अधीक्षक औरैया, पलाश बंसल को अपर पुलिस अधीक्षक, ग्रामीण अलीगढ़ से पुलिस अधीक्षक महोबा, अभिनव त्यागी को अपर पुलिस अधीक्षक कुशीनगर से अपर पुलिस अधीक्षक गोरखपुर, अमृत जैन को सहायक पुलिस अधीक्षक अलीगढ़ को प्रभारी अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण अलीगढ़ भेजा गया।

## संक्षिप्त समाचार

### सीआरपीएफ जवान की दिल का दौरा पड़ने से मौत

पुलवामा। पुलवामा के त्राल में सीआरपीएफ की 180वीं बटालियन में तैनात केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के एक जवान की मंगलवार को दिल का दौरा पड़ने से मौत हो गई। जानकारी के अनुसार सीआरपीएफ के जवान ने अचानक सीने में दर्द की शिकायत की जिसके बाद उसे नजदीकी चिकित्सा स्वास्थ्य सेवा केंद्र में रेफर किया गया। इस दौरान सीआरपीएफ के जवान की दिल का दौरा पड़ने से मौत हो गई। जवान की पहचान हरियाणा के रेवाड़ी जिले के बलधन कलां गांव के निवासी जीतेंद्र सिंह के रूप में हुई है।

### उप्र में आगामी दिनों तेज बारिश करेगा मानसून

कानपुर। बंगाल की खाड़ी में लगातार निम्न दबाव का क्षेत्र बना हुआ है, इससे उत्तर प्रदेश में डिप्रेशन की स्थिति बन रही है। इसके अलावा समुद्री तूफान यागा का असर बुन्देलखण्ड के रास्ते उत्तर प्रदेश में देखने को मिल रहा है। ऐसे में मानसून कमजोर नहीं होगा और आगामी दिनों तेज बारिश की संभावना है। मौसम विभाग का कहना है सितम्बर माह में उत्तर प्रदेश में अच्छी बारिश के संकेत मिल रहे हैं। चन्द्रशेखर आजाद कृषि प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के मौसम वैज्ञानिक डॉ. एस एन सुनील पाण्डेय ने मंगलवार को बताया कि आंतरिक ओडिशा पर बना दबाव पश्चिम उत्तर-पश्चिम दिशा में आगे बढ़ गया है।

### राजघाट पर बापू को समर्पित रेलवे कोच का होगा उद्घाटन

नई दिल्ली। केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत बुधवार को गांधी दर्शन, राजघाट पर महात्मा गांधी को समर्पित एक विशेष रेलवे कोच का उद्घाटन करेंगे। रेल मंत्रालय ने संस्कृति मंत्रालय को एक कोच भेंट किया है, जिसमें महात्मा गांधी की प्रसिद्ध ट्रेन यात्राओं की अनूठी प्रदर्शनी लगाई गई है। संस्कृति मंत्रालय ने बताया कि महात्मा गांधी की ट्रेनों में की गई शुरुआती यात्राएं भारत के बारे में उनकी समझ और एकजुट राष्ट्र के उनके दृष्टिकोण को आकार देने में महत्वपूर्ण थीं।

### मणिपुर ड्रोन हमले की जांच एनआईए को सौंपेगी सरकार

इंफाल। मणिपुर में बीते सप्ताह हुए ड्रोन हमले की जांच का जिम्मा एनआईए को सौंपने का विचार राज्य सरकार कर रही है। आज इंफाल में संवाददाता सम्मेलन के दौरान मणिपुर के पुलिस महानिरीक्षक आइके मुइवा ने ड्रोन हमले में विदेशी लिंक होने की पुष्टि की। पुलिस महानिरीक्षक ने कहा, हम घटनास्थल से बरामद ड्रोन के टुकड़ों सहित विभिन्न साक्ष्य एकत्र कर रहे हैं। बमों में इस्तेमाल किए गए रसायनों का विश्लेषण करने के लिए इन्हें फॉरेंसिक लैब भेजा गया है। फॉरेंसिक टीमें बम विस्फोट स्थलों से एकत्र किये गये टुकड़ों सहित तमाम साक्ष्यों का विश्लेषण कर रही हैं।

## हरियाणा विस चुनाव में सपा के अभियान को आगे बढ़ाएंगे माता प्रसाद पांडेय

लखनऊ । समाजवादी पार्टी ने अपनी चुनावी रणनीति को लेकर महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने उत्तर प्रदेश विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडेय को नई जिम्मेदारी सौंपी है। माता प्रसाद पांडेय को महाराष्ट्र और हरियाणा विधानसभा चुनाव में पार्टी के अभियान को आगे बढ़ाने की जिम्मेदारी दी है। अखिलेश यादव ने हाल ही में पांडेय और तीन अन्य विधायकों को महाराष्ट्र का प्रभारी नियुक्त किया था। इनको महाराष्ट्र में सपा की उपस्थिति और प्रभाव को बढ़ाने का कार्य सौंपा गया है। पांडेय की नई भूमिका का उद्देश्य पार्टी को दोनों राज्यों में चुनाव में मजबूत स्थिति में लाना है।

## हरियाणा विधानसभा चुनाव के लिए भाजपा ने जारी की दूसरी लिस्ट

एजेंसी

चंडीगढ़। भाजपा ने हरियाणा विधानसभा चुनाव को लेकर 21 उम्मीदवारों की दूसरी लिस्ट जारी कर दी है। मंगलवार को जारी अपनी दूसरी लिस्ट में भाजपा ने पेहोवा से अपना उम्मीदवार बदल कर जय भगवान शर्मा (डीडी. शर्मा) को प्रत्याशी घोषित किया है।

दरअसल, भाजपा ने अपनी पहली सूची में पेहोवा से सरदार कमलजीत सिंह अजराना को उम्मीदवार घोषित किया था, लेकिन उन्होंने चुनाव लड़ने से इनकार कर दिया, जिसके बाद पार्टी ने इस सीट से नए उम्मीदवार को मैदान में उतारा है। पार्टी ने अपनी दूसरी लिस्ट में मुस्लिम उम्मीदवारों को भी मैदान में उतारा है। भाजपा ने मंगलवार को जारी अपनी दूसरी लिस्ट में नारायणगढ़ से पवन सैनी, पुंडरी से सतपाल जाम्बा, असंध से योगेंद्र राणा, गनौर से देवेंद्र कौशिक, राई से कृष्णा गहलावत, बरौदा से प्रदीप सांगवान, जुलाना से कैप्टन योगेश बैरागी, नरवाना से कृष्ण कुमार बेदी, डबवाली से सरदार बलदेव सिंह मांगीयाना, ऐलनाबाद से अमीर चंद मेहता, रोहतक से मनीष ग्रोवर, नारनौल से ओम प्रकाश यादव, बावल से कृष्ण कुमार, पटौदी से बिमला चौधरी आदि को उम्मीदवार घोषित किया।

## मुरादाबाद में डेंगू का मरीज मिलने से हड़कंप

मुरादाबाद । जिले में डेंगू के केस मिलने शुरू हो गए हैं। महानगर के सिविल लाइंस क्षेत्र के रामगंगा विहार कॉलोनी में 28 वर्षीय युवती मंगलवार को डेंगू पॉजिटिव पाई गई है। निजी पैथोलॉजी लैब में कराई गई एलाइजा जांच से उसमें डेंगू की पुष्टि हुई है। महिला के पति ने बताया कि तेज बुखार व डेंगू पॉजिटिव होने के कारण पत्नी को दिल्ली के मैक्स अस्पताल में भर्ती कराया है। वहीं स्वास्थ्य विभाग की टीम ने अब तक महिला के घर फोन कर कोई जानकारी नहीं ली है। महिला के पति का कहना है कि उनके घर व कॉलोनी में अब तक एंटी लार्वा छिड़काव और फॉगिंग नहीं हुई है। उन्होंने एहतियातन परिवार के अन्य सदस्यों की भी जांच कराई है।

## तालाब में डूबकर चार बालिकाओं की मौत

- मौके पर पहुंचे एसडीएम व पुलिस, घटनास्थल का किया निरीक्षण

समृद्धि न्यूज



बहराइच। जिले के सतीजोर गांव में स्थित तालाब में डूबकर चार बालिकाओं की मौत हो गई। इससे हड़कंप मच गया। सभी के शव तालाब से बरामद कर लिए गए हैं। पुलिस शव पोस्टमार्टम भेज दिया है।

मामला नवाबगंज थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत सतीजोर का है। इलाके में स्थित तालाब में कमल का फूल लगा हुआ है। जिसे तोड़ने के लिए मंगलवार सुबह 10 बजे गांव निवासी महक (14) कालीन खान गई तो महक तालाब में डूबने लगी। इसी दौरान महक को बचाने के लिए सामिया (10) पुत्री इशरत, साइबा (10) पुत्री मेराज और सरिकुल खातून (13) मकबूल खां भी डूब गई। तालाब में डूबने से तीन बालिकाओं की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि एक बालिका को ग्राम प्रधान और अन्य की मदद से अस्पताल लाया गया। लेकिन उसकी भी अस्पताल पहुंचते ही मौत हो गई। एसडीएम अश्विनी कुमार पांडेय और थानाध्यक्ष शीला यादव पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंची हैं। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। थानाध्यक्ष शीला यादव ने बताया की गांव में स्थित तालाब में पांच बालिकाएं कमल का फूल तोड़ने गई थीं एक बालिका दूर ही खड़ी थी। चार बालिकाओं की मौत हुई है। एक बालिका दूर खड़ी होने से सुरक्षित बच गई है।

### सीएम योगी ने मृतकों के प्रति व्यक्त की संवेदना

मुख्यमंत्री के ऑफिशियल ट्विटर एक्स अकाउंट से घटना की जानकारी होने के बाद मृतक बच्चियों के प्रति संवेदना व्यक्त की। और चार-चार लाख रुपये मुआवजा देने का ऐलान किया।

## पुलिस थानों में जब्त किए गए वाहनों के जमावड़े से निपटें अफसर : हाईकोर्ट

- जब्त वाहनों का जिलेवार व थानावार रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश

समृद्धि न्यूज

प्रयागराज। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने यूपी में पुलिस या विभिन्न सरकारी विभागों द्वारा विभिन्न कानूनों के तहत जब्त किए गए वाहनों को छोड़ने में अधिकारियों और अदालतों की विफलता का संज्ञान लिया है।

आदेश कोर्ट ने अलीगढ़ के बीरेंद्र सिंह बनाम यूपी राज्य और अन्य के मामले में पारित किया है। कोर्ट ने जिला न्यायाधीशों को जिला मजिस्ट्रेटों और जिला पुलिस प्रमुखों के साथ परामर्श करने और उनके सुझावों को रिपोर्ट में शामिल करने का निर्देश दिया। इसी तरह, न्यायालय ने राज्य और पुलिस को पुलिस स्टेशनों पर जब्त वाहनों की भीड़ कम करने के लिए उपाय प्रस्तावित करने का निर्देश दिया। इस बीच, न्यायालय ने राज्य के पुलिस महानिदेशक और परिवहन एवं आबकारी विभागों के सचिवों को उनके द्वारा जब्त वाहनों की जिलावार और परिवहन प्राधिकरण वार रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया। मामले को 18 सितम्बर को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध करते हुए अदालत ने स्पष्ट किया कि पुलिस को थानावार रिपोर्ट भी उपलब्ध करानी होगी।

## आरजी कर मेडिकल कॉलेज के पूर्व प्राचार्य संदीप घोष 23 तक न्यायिक हिरासत में

कोलकाता। आरजी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में भ्रष्टाचार के मामले में गिरफ्तार पूर्व प्राचार्य संदीप घोष और तीन अन्य को मंगलवार को 23 सितंबर तक की न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। अलीपुर के स्पेशल सीबीआई कोर्ट ने यह फैसला सुनाया। जिन तीन अन्य लोगों को न्यायिक हिरासत में भेजा गया है उनमें सुमन हाजरा, बिप्लब सिंह और अफसर अली हैं। बिप्लब सिंह के वकील ने अपने मुवक्किल की कुछ चीजें वापस मांगने के लिए अदालत में आवेदन किया था लेकिन उस आवेदन पर बिप्लब की पत्नी का हस्ताक्षर होने के कारण न्यायाधीश ने नाराज़गी जताई। इस मामले की जांच को लेकर सीबीआई की ओर से अदालत को बताया गया कि पूर्व प्राचार्य संदीप घोष के साथ उनके कुछ और सहयोगियों की भूमिका भी सामने आई है।

## पैरालिंपिक विजेताओं का एयरपोर्ट पर स्वागत

- खेल मंत्री ने पदक विजेताओं को प्रदान किए नकद पुरस्कार

एजेंसी



नई दिल्ली। केंद्रीय खेल मंत्री मनसुख मंडाविया ने मंगलवार को जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम में एक सम्मान समारोह के दौरान पेरिस पैरालिंपिक में पदक जीतने वाले एथलीटों को नकद पुरस्कार प्रदान किए। पैरालिंपिक में स्वर्ण पदक विजेताओं को 75 लाख रुपये, रजत विजेताओं को 50 लाख रुपये और कांस्य पदक विजेताओं को 30 लाख रुपये के चेक सरकार की ओर से प्रदान किए गए। इसके अलावा तीरंदाज शीतल देवी जैसे मिश्रित टीम स्पर्धाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले एथलीटों को 22.50 लाख रुपये का चेक पुरस्कार स्वरूप दिया गया।

समारोह में खेल मंत्री ने 2028 लॉस एंजिल्स पैरालिंपिक में अधिक पदक जीतने के लक्ष्य के लिए पैरा-एथलीटों को पूर्ण समर्थन और सुविधाएं देने का भी वादा किया। मंडाविया ने कहा, देश पैरालंपिक और पैरा खेलों में आगे बढ़ रहा है।

2016 में 4 पदकों में से, भारत ने टोक्यो में 19 और पेरिस में 29 पदक जीते, और 18वें स्थान पर रहा। उन्होंने आगे कहा, हम अपने पैरा-एथलीटों को सभी सुविधाएं प्रदान करेंगे ताकि हम 2028 लॉस एंजिल्स पैरालिंपिक में अधिक पदक और स्वर्ण पदक जीत सकें।

## मणिपुर में राजभवन जा रहे छात्रों की सुरक्षाबलों से झड़प, कर्फ्यू

- राज्य में छह दिनों के लिए इंटरनेट बैन

एजेंसी

इम्फाल। मणिपुर में मंगलवार को लगातार दूसरे दिन छात्रों का हिंसक प्रदर्शन जारी है। राजभवन की ओर मार्च कर रहे स्टूडेंट्स की सुरक्षाबलों से झड़प हो गई। छात्रों ने सुरक्षाबलों पर पथराव किया और गुलेल से छर्रे मारे। इसके बाद प्रदर्शनकारियों पर आंसू गैस के गोले दागे गए।

हिंसक प्रदर्शन को देखते हुए केंद्र ने मंगलवार को मणिपुर में 2,000 और सीआरपीएफ जवान भेजने का फैसला किया है। 9 सितंबर को भी स्टूडेंट्स ने राजभवन पर पत्थरबाजी की थी, जिसके बाद पुलिस ने आंसू गैस के गोले और रबर बुलेट्स दागी थीं। 20 से ज्यादा लोग घायल हो गए थे। 9 सितंबर की रात मैतेई समुदाय की महिलाओं ने ड्रोन हमलों के विरोध में मशाल जुलूस निकाला था। राजभवन और मुख्यमंत्री आवास पर प्रदर्शन किया था। प्रशासन ने इंफाल ईस्ट और इंफाल वेस्ट में कर्फ्यू लगा दिया है। राज्य में 15 सितंबर की शाम 3 बजे तक इंटरनेट बैन कर दिया गया है।

आयोजन

### उत्तर प्रदेश 11 से 13 सितंबर तक ग्रेटर नोएडा के इंडिया एक्सपो मार्ट में सेमीकॉन इंडिया 2024 की करने जा रहा मेजबानी

## यूपी में लगेगा सेमीकंडक्टर इंडस्ट्री का महाकुंभ, सरकारी नीतियां दिखाएंगी दम

विकास तिवारी



### प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की उपस्थिति में आज होगा सेमीकॉन इंडिया 2024 का उद्घाटन सीएम भी रहेंगे मौजूद

लखनऊ। ट्रिलियन डॉलर की इकॉनमी बनाने के लिए प्रयासरत योगी सरकार उत्तर प्रदेश को सेमीकंडक्टर मैन्युफैक्चरिंग का हब बनाने के लिए निरंतर प्रयास कर रही है। इसी क्रम में उत्तर प्रदेश 11 से 13 सितंबर तक ग्रेटर नोएडा के इंडिया एक्सपो मार्ट में सेमीकॉन इंडिया 2024 की मेजबानी करने जा रहा है।

सेमीकॉन के साथ ही इलेक्ट्रॉनिका इंडिया 2024 व प्रोडक्ट्रॉनिका इंडिया 2024 का भी आयोजन किया जा रहा है। इन कार्यक्रमों में मेजबान राज्य के तौर पर उत्तर प्रदेश की सहभागिता खुद मुख्यमंत्री योगी सुनिश्चित कर रहे हैं। बुधवार को सेमीकॉन इंडिया 2024 का उद्घाटन समारोह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की उपस्थिति में होगा। मुख्यमंत्री योगी भी कार्यक्रम में उपस्थित रहेंगे।

वह आयोजन में इनवेस्टर्स के साथ दो सेशन में वन टू वन कार्यक्रमों में हिस्सा लेंगे। इसके साथ ही, वर्क फोर्स पवेलियन डेवलपमेंट पवेलियन का उद्घाटन भी उनके द्वारा किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि सेमिकॉन इंडिया 2024 में 17 देशों के 255 प्रतिनिधि हिस्सा ले रहे हैं। इसमें भारत समेत अमेरिका, जापान व साउथ कोरिया जैसे देशों के दिग्गज प्रमुख हैं। भारत वैश्विक सेमीकंडक्टर उद्योग में एक उभरता हुआ प्लेयर और उत्तर प्रदेश इस क्षेत्र में अपार संभावनाओं को संजोए हुए है। ऐसे में, आयोजन में इन्हीं फैक्टर्स पर फोकस करते हुए चिप निर्माण समेत विभिन्न उद्योगों को प्रदेश में निवेश के लिए आकर्षित किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि यूपी ट्रेड शो 2024 के ठीक पहले हो रहे इस आयोजन के कारण वैश्विक पटल पर ब्रांड यूपी का बड़े स्तर पर प्रचार व प्रसार हो सकेगा।

उत्तर प्रदेश की असीम संभावनाओं पर रहेगा फोकस सेमीकॉन इंडिया 2024 के अंतर्गत 11 से 13 सितंबर तक तीनों दिन सुबह 10 बजे से शाम 6 बजे तक प्रदर्शनी आयोजित की जाएगी, जिसमें दुनिया भर के सेमीकंडक्टर मैन्युफैक्चर्स अपने स्टॉल्स लगाएंगे। पहले दिन 11 बजे प्रधानमंत्री मोदी सेमीकॉन इंडिया का शुभारंभ करेंगे। इसके बाद स्मार्ट मैन्युफैक्चरिंग, वर्कशॉप्स का आयोजन होगा। भारत में सेमीकंडक्टर इकोसिस्टम पर एक प्रस्तुतिकरण भी किया जाएगा।

### इलेक्ट्रॉनिक मैनुफैक्चरिंग के लिहाज से इसलिए मुफीद है यूपी

1- उत्तर प्रदेश में सेमीकंडक्टर मैन्युफैक्चरिंग की असीम संभावनाएं हैं और योगी सरकार ने निवेशकों को इस क्षेत्र में निवेश के लिए प्रोत्साहित करने के लिए सेमीकंडक्टर इकोसिस्टम बनाने पर जोर दिया है।

2- यूपी सेमीकंडस्टर नीति के तहत भारत सरकार द्वारा अनुमोदित कैपिटल सब्सिडी पर 50 प्रतिशत अतिरिक्त कैपिटल सब्सिडी का प्राविधान किया गया है।

3- इसके अलावा, 25 वर्षों के लिए अंतर्राज्यीय बिजली खरीद, ट्रांसमिशन और व्हीलिंग शुल्क 50 प्रतिशत की छूट, स्टांप ड्यूटी और रजिस्ट्रेशन फीस पर 100 प्रतिशत छूट और प्रति वर्ष 5 प्रतिशत ब्याज सब्सिडी (अधिकतम 7 करोड़ रुपए) दिए जाने की भी व्यवस्थ की गई है।

4-उत्तर प्रदेश द्वारा वर्ष 2020 में इलेक्ट्रॉनिक्सविनिर्माण नीति लाई गई है जिसके जरिए प्रदेश में इलेक्ट्रॉनिक्स उद्योग को बढ़ावा देने, इलेक्ट्रॉनिक क्लस्टर्स की स्थापना व ईएमसी स्ट्रक्चर के विकास पर सब्सिडी समेत अन्य लाभ देने के प्रावधान किए गए हैं।

5- उत्तर प्रदेश वह राज्य है जिसकी खुद की एफडीआई पॉलिसी है और इसके माध्यम से वह इन्वेस्टर्स को प्रश्रय देने के साथ इन्सेन्टिव भी उपलब्ध कराने का माध्यम सुनिश्चित करता है।

6- इसके लिए प्रदेश में पहली बार सेमीकंडक्टर पॉलिसी लागू की गई है।

# विवाहिता की मौत पर परिजनों ने लगाया हत्या का आरोप

**बिजुआ खीरी, समृद्धि न्यूज।**

भीरा थाना क्षेत्र की ग्राम पंचायत रामनगर कलां में सोमवार रात एक विवाहिता की संदिग्ध हालात में मौत हो गई।

ससुराल वाले बता रहे हैं कि बीमारी के चलते मौत हुई है। वहीं पास के घर में रह रहे विवाहिता के मायके वालों का कहना है कि पास में रहते हुए भी उन्हें अपनी पुत्री की बीमारी तक की खबर नही दी। अचानक मौत की खबर मिलने पर मायके वालों ने दहेज के लिए अपनी बेटी को जहर देकर मारने का आरोप लगाया हैं। बिजुआ चौकी क्षेत्र के गांव मोहन पुरवा (रामनगर) में करीब पांच साल पहले गांव निवासी विष्णु की बेटी चीनू का पड़ोस के ही रहने वाले सुमित से प्रेम प्रसंग था।

▸ **विवाहिता के मायके वालों का कहना है कि पास में रहते हुए भी उन्हें अपनी पुत्री की बीमारी तक की खबर नही दी**

दोनों के रिश्ते के बारे में जब चीनू के परिवार को पता चला तो काफी हंगामा हुआ था।तब विष्णु ने लोक लाज के कारण दोनो का विवाह करने के लिए लड़के के पारिजनों से दोनों के विवाह की बात की। लेकिन लडके के परिजन विवाह करने को तैयार नहीं थे।

विष्णु ने पुलिस को दिए शिकायती पत्र में कहा है कि उस समय पुलिस के हस्तक्षेप के बाद अपने को फंसता देखकर लड़के के परिजन विवाह के लिए राजी हुए थे।विष्णु का आरोप है कि भले ही उनकी पुत्री पास के घर में ब्याही थी लेकिन ये लोग कभी उसे यहां उसके मायके तक नहीं आने देते थे।मृतका चीनू के पिता का आरोप है कि उसकी पुत्री से यह लोग सदैव छुटकारा चाहते थे वहीं दहेज में मोटर साइकिल और 10 हजार रुपए मांगते थे, इसलिए जहर देकर उसकी साजिशन जान ले ली है।सोमवार को अचानक विष्णु को जानकारी मिली कि उनकी बेटी अब दुनिया में नहीं रही। मृतका के पिता ने पुलिस को तहरीर दी जिसमे आरोप है कि बेटी के ससुराली जनों ने दहेज के कारण बेटी की जान ले ली। पुलिस ने शव का पंचनामा भर शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया है। सुरक्षा व्यवस्था कायम रखने के लिए बिजुआ पुलिस गांव में मौजूद है।



**तीन माह की गर्भवती थी चीनू**

मायके पक्ष का आरोप है कि उनकी पुत्री चीनू 3 माह की गर्भवती थी। गर्भपात कराने के लिए उसे गलत दवा दी गई है।
डेंगू बुखार के कारण हुई मौत
मृतिका चीनू के ससुरा गया प्रसाद बताते है कि उनकी बहू चीनू की अचानक तबियत खराब हुई उसके प्लेटलेट्स कम हो गई थीं।इलाज के लिए लखीमपुर ले गए थे वहां से लखनऊ ले जाते समय मौत हो गई।

## हजरत इमाम हुसैन की शहादत के सिलसिले से मजलिस का आयोजन

**लखीमपुर खीरी।** मोहल्ला महाराज नगर में देर रात स्थित इमामबारगाह मौला अली में कदीमी अंजुमन सज्जादिया के द्वारा हजरत इमाम हुसैन की शहादत के सिलसिले से मजलिस का आयोजन किया गया जिसमें जिला सीतापुर के महमूदाबाद के मौलाना ने मजलिस को खिताब फरमाया, हरदोई जिला के पिहानी से आई अंजुमन के लोगो ने सीने पर मातम किया। हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी पांच रबीउल अव्वल सोमवार को देर रात लखीमपुर शहर के मोहल्ला महाराज नगर बगिया में स्थित इमाम बारगाह मौला अली में लखीमपुर की अंजुमने सज्जादिया की जानिब से इमाम हुसैन की कर्बला में शहादत के सिलसिले से एक मजलिस ए अज़ा का आयोजन किया गया जिसको जिला सीतापुर के महमूदाबाद से आए मौलाना आली जनाब मौलाना हुसैन अली तुराबी साहब ने खिताब फरमाते हुए बयान किया।

# खेत में निकला 12 फीट लंबा अजगर, ग्रामीणों में हड़कंप

**बिजुआ खीरी, समृद्धि न्यूज।**

भीरा रेंज की ग्राम पंचायत बिजुआ के मजरा मिस्त्री पुरवा के एक खेत में विशालकाय अजगर के निकलने से लोगों में हड़कंप मच गया। अजगर सांप को देखने के लिए खेत में ग्रामीणों की भीड़ लग गई। अजगर सांप लगभग 12फीट लंबा और भयानक था। मौके पर पहुंची भीरा रेंज की वन विभाग टीम ने करीब आधे घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद अजगर सांप को रेस्क्यू कर अपने साथ ले गए। ब्लाक बिजुआ के गांव मिस्त्री पुरवा के उत्तर आज्ञा सिंह की बाग के पास मंगलवार को करीब 12 फीट लंबा अजगर निकाला। अजगर सांप खेतों में काम कर रहे किसानों को दिखाई दिया जिन्होंने पास पड़ोस के लोगों को बताया।



कौतूहल बने अजगर सांप को देखने के लिए ग्रामीणों की भीड़ एकत्रित हो गई।ग्रामीणों ने वन विभाग को सूचना दी। वन विभाग से टीम सहित पहुंचे फारेस्टर अवनीश शर्मा, फारेस्टर विजय सिंह, वाचर गया प्रसाद आदि ने ग्रामीणों को मौके से हटा कर विशालकाय अजगर को आधे घंटे की कड़ी मशक्कत से रेस्क्यू कर जंगल नंबर सात में नदी के किनारे छोड़ दिया।

# बाढ़ से कटी रेल लाइन पर तेज हुआ मरम्मत का कार्य

▸ **आठ जुलाई को आई बाढ़ से पानी की चपेट में आकर कटी थी रेल लाइन**

**भीरा खीरी, समृद्धि न्यूज।**

भीरा पलिया रोड पर अतरिया के पास बाढ़ के पानी से कटी रेल लाइन पर मरम्मत का कार्य तेजी से चालू कर दिया गया है। उम्मीद जताई जा रही है कि अगर पुनः जल्द ही बाढ़ नहीं आई तो कुछ ही दिनों में मरम्मत का कार्य पूरा कर लिया जाएगा।

ज्ञात हो कि आठ जुलाई को शारदा नदी से आई बाढ़ के चलते भीरा पलिया रोड पर अतरिया के पास रेल लाइन कट गई थी। रेल लाइन कटने के बाद तेज बहाव से बाढ़ का पानी पलिया भीरा रोड पर आ गया था जिससे निर्माणाधीन पुलिया भी कट कर क्षतिग्रस्त हो गई थी। करीब छह दिनों तक रेल लाइन के बाद सड़क कट जाने के चलते इस रोड पर सड़क यातायात भी बंद हो गया था। इसके बाद प्रशासन और महंगापुर गुरूद्वारे के संत बाबा गुरनाम सिंह की मौजूदगी में संगत ने दो से तीन दिनों में बाढ़ से कटी पुलिया के मरम्मत का कार्य पूरा कर लिया था जिसके बाद इस रोड पर छोटे वाहनों का संचालन शुरू कर दिया गया था। लेकिन रेलवे लाइन कटी होने के चलते बनबसा बैराज से जब भी पानी छोड़ा जाता है तो वह कटी रेल लाइन के कारण भीरा पलिया रोड पर तेज बहाव के साथ बहने लगता है। लेकिन अब बाढ़ का पानी खत्म होने के बाद रेलवे विभाग ने कटी रेल लाइन पर जेसीबी ट्रैक्टर ट्राली से जाल के साथ बोल्डर को डालकर मरम्मत का कार्य युद्धस्तर पर चल रहा है।



कटी रेल लाइन के बड़े हिस्से को दुरुस्त कर दिया गया है और बाकी के हिस्से पर मरम्मत का कार्य जोरों पर चल रहा है। अगर कुछ दिन और बनबसा बैराज से पानी रिलीज नहीं किया गया तो उम्मीद है कि जल्द ही कटी रेल लाइन स्थल पर मरम्मत का कार्य पूरा हो जाएगा, जिसके बाद लोगों को पलिया भीरा रोड पर बाढ़ के पानी से छुटकारा मिल जाएगा।

# बाघ को रेस्क्यू करने के लिए वनकर्मियों ने प्रभावित क्षेत्र की कॉम्बिंग की

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।**

मोहम्मदी रेंज में वन क्षेत्र से बाहर घूम रहे बाघ को रेस्क्यू करने हेतु वनकर्मियों ने प्रभावित क्षेत्र की कॉम्बिंग की। प्रभावित ग्रामों के अन्तर्गत अजान, इमलिया, घरथनियां, हैदराबाद, खरगापुर, बघमरा, मूड़ा, काजरकोरी एवं जमालपुर में पैदल गश्त, ड्रोन कैमरें के माध्यम से बाघ की उपस्थिति तलाशी गयी। जमालपुर के पूरब में बाघ के पगमार्क देखे गये। पगमार्क देखे जाने की दशा में वनकर्मियों ने क्षेत्रवासियों से सतर्क रहने की अपील की। उपरोक्त क्षेत्र में निरन्तर निगरानी हेतु तत्काल टीम को तैनात कर दिया गया है। वन क्षेत्र से बाहर घूम रहे बाघ को ट्रैक्यूलाइज कर पकड़ने के लिए 10.09.2024 को कानपुर प्राणि उद्यान, कानपुर से डॉ. नितेश कुमार कटियार, पशुचिकित्सक के नेतृत्व में रेस्क्यू टीम मोहम्मदी पहुंची है। उधर बाघ को ट्रैक करने के लिए दुधवा नेशनल पार्क से आठ सदस्यीय दल भी घटना स्थल पर पहुंचा है। उक्त टीमें स्थानीय वनकर्मियों से साथ संयुक्त रूप से कॉम्बिंग कर बाघ को रेस्क्यू करेंगी। दिनांक 10.09.2024 को गोला रेंज के अन्तर्गत ग्राम बसुलीपुर में भेड़िये द्वारा बच्ची पर हमला करने की सूचना व्हाट्सएप के माध्यम से प्राप्त हुयी। उक्त क्षेत्र का निरीक्षण कराया गया। बसुलीपुर ग्राम में एक बच्चे को अज्ञात वन्यजीव द्वारा हमला कर मामूली चोट पहुंचायी गयी थी। उक्त क्षेत्र की कांम्बिंग के दौरान पाया गया कि सियारों का झुण्ड आस-पास के क्षेत्रों में पाया जाता है। सियार तेज आवाज और इंसानी आहट को पाकर जगह छोड़ देते हैं।

**सिक्योर वूमेन वेलफेयर एसोसिएशन लखीमपुर की पहल**

# नारी शक्तियों को वितरित हुए प्रमाण पत्र

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।**

सरकार के नारी शक्ति अभियान के तहत सिक्योर वूमेन वेलफेयर एसोसिएशन संस्था ,लखीमपुर द्वारा चलाये जा रहे महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम प्रशिक्षित महिलाओं द्वारा संचालित किये जा रहे हैं।

जनपदों के अलग-अलग क्षेत्र से बालिकाओं व नारीयों द्वारा प्रशिक्षण मे भाग लिया जा रहा है। प्रशिक्षण पूर्ण होने पर व्यावसायिक प्रशिक्षण कार्यक्रम में छात्र प्रमाण पत्र वितरित किये गये जिन्हे प्राप्त करके सभी खुशी से झूम उठे। प्रमाण पत्र वितरण कार्यक्रम श्रृंगारिक ब्यूटी पार्लर निकट बस स्टैंड , महोली , सीतापुर में हुआ जिसमे अध्यपिका सुनीता वर्मा द्वारा अंजलि कश्यप , साक्षी अवस्थी , सेजल कश्यप ,वर्षिता सिंह , दीक्षा अवस्थी ,प्राची , प्रांशी सिंह , ज्ञानवती देवी , शशि चक्रवर्ती , प्रीतिका , अनूपा देवी , आक्या , संगीता दीक्षित , शुचि सोनी ,प्रांशी मिश्रा , अवन कुमारी , निष्ठा मिश्रा आदि छात्रों को प्रमाण पत्र वितरित किये गए।



## सात साल की बिटिया संस्कृति बनी एमेजॉन के किड्स वियर की ब्रांड एंबेसडर



**ईसानगर खीरी।** वर्तमान में थाना खमरिया प्रभारी निरीक्षक विवेक उपाध्याय की 7 साल की बिटिया संस्कृति ऑन लाइन कंपनी एमेजॉन के किड्स वियर की ब्रांड एंबेसडर बनी। छोटी सी बच्ची की काबिलियत देख लोगो ने बच्ची को सराहा तथा बधाई दी। लोगो ने बच्ची के उत्तम स्वास्थ्य एवं बेहतर भविष्य की कामना की।

# बाढ़ में गुडवर्क के लिए मिली शाबाशी, हुआ सम्मान



**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।**

जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के तत्वावधान में मंगलवार की शाम कलेक्ट्रेट सभागार में जिले में बाढ़ के दौरान उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों, कर्मचारियो, वॉलिंटियर्स को प्रशस्ति पत्र वितरण कार्यक्रम हुआ।

डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने एडीएम संजय कुमार सिंह की मौजूदगी में एसडीएम (पलिया) कार्तिकेय सिंह, तहसीलदार (धौरहरा) आदित्य विशाल, तहसील निघासन के राजस्व निरीक्षक आलोक रंजन मौर्य और लेखपाल अजय कुमार, गोताखोर, नाविक धर्मपाल और मुन्ना, आपदा मित्र अंकित कुमार राज को राहत आयुक्त की ओर से उपलब्ध कराए गए प्रशस्ति पत्र प्रदान किए। कार्यक्रम के अध्यक्षता करते हुए डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने जनपद खीरी में भारी वर्षा व बाढ़ के दृष्टिगत पीड़ितों को राहत पहुँचाने हेतु सराहनीय एवं उत्कृष्ट कार्य करने तथा राहत कार्य में विशिष्ट योगदान देने हेतु सम्मान प्राप्त करने वालों की भूरि-भूरि प्रशंसा की।

▸ **एसडीएम, तहसीलदार, आरआई, लेखपाल, गोताखोर, नाविक, आपदा मित्र को मिला सम्मान**

कहा कि आशा ही अपितु पूर्ण विश्वास है कि भविष्य में भी आप इसी प्रकार उत्कृष्ट क्षमता का परिचय देते हुए अपने कर्तव्यों एवं दायित्वों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करते रहेंगे। बताते चले कि बाढ़ प्रबंधन व राहत कार्यो में लगे अधिकारियों, कर्मचारियों, वालन्टियर्स आदि को उनकी उत्कृष्ट सेवा के मूल्यांकन के आधार पर राहत आयुक्त की ओर से प्रशंसा पत्र भेजा गया।

# अ.भा.का. महासभा ने वृक्षारोपण कर दिया पर्यावरणीय संदेश

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।**

अखिल भारतीय कायस्थ महासभा लखीमपुर खीरी द्वारा आज यहां शहर में स्मृति वृक्ष रोप कर पर्यावरणीय संदेश देते हुए स्थानीय लोगों से पौधों की सुरक्षा एवं देखभाल की अपील की। इस वृक्षारोपण कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था लखीमपुर खीरी अध्यक्षा डॉक्टर मंजुला बरतरिया ने की एवं मुख्य अतिथि के रूप में संरक्षिका, पालिकाध्यक्षा डॉक्टर इरा श्रीवास्तव ने उपस्थिति दर्ज करवाते हुए पर्यावरण प्रेमियों का उत्साह बढ़ाया।

भगवान चित्रगुप्त की स्तुति के साथ डॉन बॉस्को स्कूल के पास एकत्र हुए महासभा के पदाधिकारियों ने आज शाम डॉन बॉस्को स्कूल से लेकर नहरिया तक सड़क किनारे किनारे लगभग दो दर्जन छायादार, फलदार एवं औषधीय वृक्ष रोपकर उनकी सुरक्षा के लिए ट्री गार्ड लगाए। इस वृक्षारोपण की शुरुआत स्पंदन नर्सिंग होम की नन्ही परी के हांथो से हुई और यह वृक्ष महासभा पदाधिकारियो ने अपने पूर्वजों की स्मृति में रोपे। महासभा के इस वृक्षारोपण कार्यक्रम में पालिकाध्यक्षा डॉक्टर इरा श्रीवास्तव ने कहा कि लगातार बढ़ते जा रहे तापमान को देखते हुए हमें सचेत हो जाना चाहिए। उन्होंने कहा वृक्षारोपण के साथ साथ रोपित पौधों की सुरक्षा भी हमारी जिम्मेदारी है। पालिकाध्यक्षा ने लखीमपुर नगर के पर्यावरण प्रेमियों की मुक्त कंठ से प्रशंसा भी की। इससे पूर्व महासभा लखीमपुर खीरी अध्यक्षा डॉक्टर मंजुला बरतरिया ने स्थानीय लोगों को पर्यावरणीय संदेश देते हुए कहा कि बढ़ते हुए प्रदूषण एवं तापमान के लिए वृक्षारोपण बेहद जरूरी है और महासभा इसके लिए सतत प्रयासरत भी है, वृक्षारोपण के साथ साथ रोपित वृक्षों की सुरक्षा की जिम्मेदारी हम सब की है। वृक्षारोपण कार्यक्रम के उपरांत महासभा की एक पर्यावरणीय बैठक स्पंदन नर्सिंग होम में संपन्न की गई। बैठक में उपस्थित जनों ने अपने आसपास के वातावरण को स्वच्छ व हरा भरा बनाने का संकल्प भी लिया। आज के इस कार्यक्रम में चित्रांश अनूप सिंह, अमित श्रीवास्तव जुग्गी, डॉ अंजित सिंह, डॉक्टर प्रिया सक्सेना, शौर्य सक्सेना, प्रशांत लाला, सुधाकर लाला, शिवेन्द्र श्रीवास्तव, अचल श्रीवास्तव, प्रतीक श्रीवास्तव, अनिल कुमार श्रीवास्तव, नरेंद्र श्रीवास्तव, वरुण श्रीवास्तव, राजेन्द्र श्रीवास्तव, कुमुद सक्सेना, आशीष सक्सेना, आदि लोग सक्रिय रूप से उपस्थित रहे।



# सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र फरधान में हुई कार्यशाला

▸ **विज्ञान और अध्यात्म के समन्वय पर आधारित है गर्भ संस्कार विधा**

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।**

गायत्री परिवार महिला मंडल द्वारा लखीमपुर द्वारा आओ गढ़ें संस्कारवान पीढ़ी अभियान के अंतर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र फरधान पर आशा बहुओं की कार्यशाला की गई। कार्यशाला में महिला मंडल की डॉ. अंशु वर्मा, मधु तिवारी, दीपा वर्मा और सुमन वर्मा ने आशा बहुओं को गर्भस्थ शिशु एवं गर्भवती माता के समग्र स्वास्थ्य प्रबंधन के सूत्र बताए जिसमें गर्भवती माता के आहार-विहार, योगासन, प्राणायाम, ध्यान, गर्भ संवाद आदि विषयों पर वैज्ञानिक आधार पर जानकारी दी गई। विश्व स्वास्थ्य संगठन के मानक के अनुसार गर्भस्थ शिशु के विकास में शारीरिक ही नहीं बल्कि उसके मानसिक, भावनात्मक, सामाजिक और नैतिक स्वास्थ्य का विकास भी सम्मिलित है जिसमें गर्भ संस्कार महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कार्यशाला के प्रशिक्षण में आशा कार्यकर्त्रियों ने काफी रुचि दिखाई और महत्वपूर्ण बिंदुओं को नोट भी किया। चिकित्सा अधीक्षक डॉ. अमित बाजपेई ने कार्यशाला हेतु महिला गायत्री परिवार महिला मंडल का आभार व्यक्त किया।



विदित हो उत्तर प्रदेश सरकार परिवार कल्याण निदेशालय द्वारा गायत्री परिवार की गर्भ संस्कार विधा के माध्यम से आशा बहुओं को प्रशिक्षण व मार्गदर्शन देने की अनुमति प्रदान की गई है।

# अनुपस्थित शिक्षक-अनुदेशक का वेतन व मानदेय रोका, हुई कार्रवाई

▸ **सब्जीयुक्त दाल ना बनवाने पर प्रधानाध्यापक को फटकारा, स्पष्टीकरण तलब**

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।**

मंगलवार सुबह डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने अफसरों की टीम संग ब्लॉक नकहा अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय हरौवा व बाजूडीह और संविलियन विद्यालय सिरैंचा सहित आंगनबाड़ी केंद्रों का औचक निरीक्षण कर पठन-पाठन की गुणवत्ता, साफ-सफाई, छात्र-छात्राओं, शिक्षकों की उपस्थिति व अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान बीएसए प्रवीण तिवारी, डीपीआरओ विशाल सिंह, डीपीओ -आईसीडीएस भारत प्रसाद, बीडीओ प्रदीप कुमार चौधरी मौजूद रहे। सर्वप्रथम डीएम 08.40 बजे प्राथमिक विद्यालय हरौवा पहुंची, जहां उन्होंने रसोई कक्ष देखा, जहां रसोईया द्वारा दाल-चावल तैयार किया जा रहा था। सब्जीयुक्त दाल न बनाये जाने पर नाराजगी जाहिर की।

पूछने पर बताया कि जब सब्जी मिल जाती है, तब डाल देते हैं। सब्जीयुक्त दाल न बनाए जाने पर प्रधानाध्यापक विजय प्रकाश वर्मा का स्पष्टीकरण तलब किया। निरीक्षण के दौरान बिना सूचना के सहायक अध्यापक शिल्पी अग्रवाल अनुपस्थित मिली, डीएम ने उनका वेतन रोकने के निर्देश दिए। उन्होंने बच्चों की किताबें देखी और वाटिका पुस्तक पढ़वाकर रीडिंग स्किल भी जांची। निरीक्षण में पाया कि शिक्षकों को कक्षा व विषय आवंटित नहीं है। निर्देश दिए कि शिक्षकों को कक्षा और विषय आवंटित किया जाए। बच्चों से संवाद के दौरान डीएम ने छात्र आदेश राज के हाथ में स्किन संबंधी दिक्कत दिखी, तत्काल चिकित्सक से इलाज कराने हेतु संबंधित अधिकारी को निर्देशित किया। जाना कि स्वास्थ्य विभाग की आरबीएसके टीम कब आई थी। सीएमओ को निर्देशित किया कि आरबीएसके टीम नियमानुसार स्कूलों का विजिट अवश्य करें। डीएम ने उपस्थिति पंजिका से बच्चों की उपस्थिति का सत्यापन भी किया। इस दौरान 110 नामांकित छात्रों के सापेक्ष 70 बच्चे मौजूद मिले। इसके बाद डीएम 09.02 बजे पीएस बाजूडीह पहुंची, जहां उन्होंने रसोईकक्षा देखा, रसोईया रामप्यारी लौकी डालकर दाल तैयार करती मिली। डीएम ने रसोई कक्ष में साफ सफाई व्यवस्था को बेहतर बनाने को कहा। क्लास में पहुंचकर बच्चों की पुस्तक देखी। निर्देश दिए कि क्लास में जिस विषय को पढ़ाया जा रहा तो शिक्षक सुनिश्चित करें कि उस दौरान बच्चे उस विषय की किताब अवश्य खोल कर बैठे। उन्होंने बच्चों से पुस्तक भी पढ़वाई। कक्षा चार की क्लास में शिक्षिका अर्चना सिंह मैथ्स पढ़ाती मिली। डीएम ने बच्चों से जाना कि मैथ्स की बुक सबके पास है। बच्चों ने पुस्तक के हाथ में उठाकर पुस्तक होने की पुष्टि की। बच्चों की गणित में समझ को भी जांचा, परखा।



# पीएम आवास प्लस योजना ग्रामीण सर्वे की हुई खुली बैठक

**बिजुआ खीरी, समृद्धि न्यूज।**

प्रधानमंत्री आवास ग्रामीण योजना में 2018 में शेष बचे व अन्य परिवारों के नाम को आवास सूची में शामिल करने के लिए सरकार द्वारा पुनः एक बार आवास प्लस का सर्वे करवाया जा रहा है।जिसमे पात्र लोगो को सूची में शामिल उन्हें कच्चे घर से निजात दिलाकर पक्के मकान देना सरकार का मुख्य उद्देश्य है।

विकास खंड बिजुआ के अंतर्गत ग्राम पंचायत रुद्रपुर गुलरिया के ग्राम रुद्रपुर पंचायत सचिवालय में बैठक आयोजित की गई सरकार के द्वारा प्रधानमंत्री आवास प्लस सर्वे 2024/28 का उद्देश्य से सभी आवास विहीन परिवारो को इस योजना का लाभ पहुचाने के लिए मंगलवार को बैठक हुई जिसमे पंचायत के तमाम लोग मौजूद रहे। ग्राम विकास अधिकारी आशुतोष सिंह ने सरकार द्वारा निर्धारित की गई पात्रता अपात्रता के बारे में ग्रमीणों को बताया जैसे कि जिनके पास मोटर युक्त तिपहिया वाहन है, पचास हजार या इससे अधिक का किसान क्रेडिट कार्ड बना है, जिनके पास ढाई एकड़ से अधिक सिंचित भूमि है,जिनके घर की पक्की दीवाल ओर टीन शेड पड़ी है,व अन्य तमाम विन्दुओं की जानकारी देते हुए बताया वो सभी लोग अपात्र की श्रेणी में आते हैं। ग्राम विकास अधिकारी ने ग्रामीणों को बताया अभी केवल पी एम आवास सर्वेक्षण का कार्य चल रहा है जो ग्राम पंचायत सहायका उजाला द्वारा किया जाएगा।इसके अतिरिक्त कहीं अन्य से सूची में नाम शामिल नही किया जाएगा। इसके लिए किसी को भी लाभार्थी को कोई फार्म भरने की जरूरत नहीं है,साथ ही ग्राम विकास अधिकारी ने बताया ठगों से सावधान रहें,कोई भी आपके घर आकर कहे कि मुझे पैसे दें मै ऑनलाइन आवेदन करके आपको आवास दिलवा दूंगा ऐसे लोगो के झांसे में कदापि न आये किसी को कोई कागज और रुपये देने की जरूरत नही है।



यदि कोई भी आवास के नाम पर पैसे मांगता है तो उसे कदापि न दे और उसकी लिखित शिकायत मुझे ब्लाक पर आकर दे ऐसे लोगो पर विधिक कार्यवाही की जाएगी। यदि कोई आवास के नाम पर पैसे देता है और उसकी जानकारी मुझे मिलती है तो हमारी तरफ से दोनों पर मुकदमा दर्ज करवाया जाएगा। इस बैठक में पंचायत सदस्य व ग्राम प्रधान की उपस्थिति में सभी ने ग्रमीणों ने भी अपनी बात रखी और कहा कि सरकार ने जो आवास के के लिए मानक रखे है उससे काफी पात्र व्यक्ति लाभ से वंचित हो जायेगे।

# जिलाधिकारी ने अधिकारियों को दिए राजस्व बढ़ाने के निर्देश

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।**

मंगलवार शाम डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने कलेक्ट्रेट में राजस्व कार्यों एवं कर-करेत्तर के तहत प्राप्तियो की विभागवार, बिंदुवार मासिक समीक्षा बैठक की, संबंधित को जरूरी निर्देश दिए। डीएम ने सभी सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिया कि प्रवर्तन की प्रभावी कार्यवाही करते हुए निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष शत-प्रतिशत राजस्व वसूली सुनिश्चित की जाय। डीएम ने कहा कि सभी अधिकारियों को अपने लक्ष्य की कार्ययोजना बनाकर मूर्त रूप देने का निर्देश दिया। निर्देश दिए कि विशेष अभियान चलाकर लक्ष्यों की पूर्ति सुनिश्चित करें। डीएम ने संबंधित अधिकारियों का आह्वान करते हुए कहा कि यह बहुत ही महत्वपूर्ण कार्य है। इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही एवं शिथिलता क्षम्य में नहीं होगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि जिन विभागीय अधिकारियों के द्वारा अपने राजस्व लक्ष्यों की प्राप्ति नहीं की जाएगी, उनके विरुद्ध कार्रवाई प्रस्तावित की जाएगी। डीएम ने वाणिज्य कर, स्टांप एवं रजिस्ट्रेशन, आबकारी, परिवहन, विद्युत देय, नगर विकास, मंडी, वन, सिंचाई, खनन, सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक लखीमपुर, गोला, विधिक माप विज्ञान के अफसरों से मासिक लक्ष्य की प्रगति, क्रमिक लक्ष्य की प्रगति गत वर्ष की उपलब्धि के सापेक्ष वृद्धि प्रतिशत की गहन समीक्षा कर जरूरी निर्देश दिए। बैठक में डीएफओ संजय विश्वाल, एडीएम संजय कुमार सिंह, डीईओ राजवीर सिंह, एआरटीओ, सभी एसडीएम व तहसीलदार सहित सभी संबंधित विभागों के अफसर मौजूद रहे।



**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैने अपनी पुत्री नूरसबा को गलत चाल-चलन व कहना न मानने के कारण अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। अब उसके द्वारा किये गये किसी भी कार्य व लेन-देन से मेरा व मेरे परिवार का कोई वास्ता व सरोकार नहीं होगा।

सूचनाकर्ता
इसराक पुत्र पीर गुलाम
निवासी कस्बा सआदतगंज मोहल्ला पचासा, थाना मसौली, तहसील सिरौली गौसपुर, जिला बाराबंकी।

समृद्धि न्यूज़
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
समृद्ध समाज का आधार
लखनऊ, बुधवार, 11 सितंबर 2024



# सीएम ने ली मिल्कीपुर और कटेहरी की जिम्मेदारी तो जीत पक्की मान रहे भाजपाई

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की दस विधानसभा सीटों पर उपचुनाव होने हैं। सीएम योगी आदित्यनाथ ने अयोध्या की मिल्कीपुर और अंबेडकर नगर की कटेहरी सीट पर बीजेपी को जिताने की जिम्मेदारी ली है। पार्टी के अंदर इन दोनों सीटों पर जबरदस्त खींचतान देखने को मिल रही है।

पार्टी के अंदर टिकटों की दावेदारी को लेकर कलह शुरू है। बड़े नेता अपने चहेतों को टिकट दिलाने के लिए अभी से फिल्डिंग में लगे हुए हैं। मिल्कीपुर और कटेहरी सीट पर सबसे 'यादा मारामारी देखने को मिल रही है क्योंकि इन दोनों सीटों को जिताने की जिम्मेदारी सीएम योगी के हाथों में हैं।पार्टी ने इन सीटों पर पूरा जोर लगाया है। दावेदार इन सीटों पर जीत पक्की मानकर चल रहे हैं। पिछले कुछ दिनों में सीएम योगी के दौरे भी इस क्षेत्र में बढ़े हैं और यहां कई योजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण किया है। सीएम योगी के आने से इस क्षेत्र में परिस्थितियां काफी हद तक बदल गई है। मिल्कीपुर में पूर्व सांसद अपने चहेते को टिकट दिलाना चाहते हैं, तो वहीं कटेहरी सीट का भी यही हाल है। इस सीट से कटेहरी के प्रभारी बनाए गए एक मंत्री अपने करीबी को टिकट दिलाने में पूरा जोर लगाए हुए हैं। कटेहरी सीट पर बीजेपी की सहयोगी पार्टी की भी नजर है।

निषाद पार्टी भी यहां दावेदारी कर रही है। मिल्कीपुर हो या कटेहरी सीट इन दोनों की सीटों पर टिकट को लेकर अभी से जंग शुरू है। संगठन के कई पदाधिकारी टिकट की जुगाड़ में लगे हैं। पार्टी के अंदर की मारामारी का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि खुलकर नेता एक दूसरे की पोल खोल रहे हैं।कटेहरी बीजेपी की ईकाई तो अंदर से ही दो हिस्सों में बंटी दिख रही है।

# देश की आंतरिक सुरक्षा के लिए पंडित पंत के कार्य सदैव रहेंगे स्मरणीय

## मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भारत रत्न पंडित गोविंद बल्लभ पंत की137वीं जयंती पर पुष्पांजलि अर्पित की

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** भारत रत्न पंडित गोविंद बल्लभ पंत का आज 137वीं जयंती है। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को पंडित गोविंद बल्लभ पंत की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की।

सीएम योगी ने कहा कि पंडित गोविंद बल्लभ पंत ने अविभाजित उत्तर प्रदेश के लिए और देश की आंतरिक सुरक्षा के लिए जो कार्य किए वह सदैव स्मरणीय रहेंगे। उन्होंने पंडित गोविंद बल्लभ पंत की प्रतिमा पर माल्यार्पण करने के बाद कहा कि उत्तर



प्रदेश के प्रथम मुख्यमंत्री और केंद्रीय गृहमंत्री के रूप में उनका कार्यकाल अत्यंत ही यशस्वी रहा।

पंडित गोविंद बल्लभ पंत एक महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी थे। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के आह्वान पर उन्होंने अपनी अच्छी प्रैक्टिस छोड़ दी और आजादी के आंदोलन से जुड़ गए। उन्होंने आंदोलन में भाग लिया, जेल की यातना सही, लेकिन आजादी के उस आंदोलन से कभी विचलित नहीं हुए।

### 1954 तक उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री के रूप में दीं सेवाएं

यही कारण था कि आजादी के आंदोलन के दौरान उनके द्वारा किए गए योगदान, लगातार किए गए संघर्षों के कारण उन्हें स्वतंत्र भारत में देश के सबसे बड़े राज्य उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री का उत्तरदायित्व सौंपा गया। उन्होंने 1954 तक उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री के रूप में अपनी सेवाएं दीं। उस समय के प्रदेश को आगे बढ़ाने के लिए, जनता को बुनियादी सुविधाएं प्राप्त हों इसके लिए शिक्षा, स्वास्थ्य और उस समय के अनुरूप इंफ्रास्ट्रक्चर देने के लिए एक विस्तृत कार्ययोजना तैयार की, जिस पर आज का हमारा उत्तर प्रदेश आधारित है। सीएम योगी ने आगे कहा कि 1954-55 में पंडित गोविंद बल्लभ पंत को देश के गृह मंत्री के रूप में नियुक्त किया गया था। इस दौरान राजभाषा हिंदी हो, इसके लिए उनका प्रयास अत्यंत ही अतुल्य है। रेवेन्यू के सेक्टर में उनके द्वारा किए गए रिफॉर्म आज भी एक गरीब को न्याय प्रदान करते हैं। सीएम योगी ने कहा कि उत्तर प्रदेश में विकास के कार्यों की आधारशिला रखने के लिए भारत के ऐसे महान सपूत की स्मृतियों को नमन करते हुए उनकी पावन जयंती पर प्रदेश सरकार और प्रदेश की जनता की ओर से विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं।

## खबरें एक नजर में

### सिडबी के नवनियुक्त चेयरमैन वाईपी सिंह ने ग्रहण किया कार्यभार

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** सिडबी के नवनियुक्त चेयरमैन वाईपी सिंह ने मंगलवार को गोमती नगर स्थित समाज कल्याण निर्माण निगम के कार्यालय में कार्यभार संभालते हुए पत्रकारों से संवाद किया। सिंह ने बताया कि वे 30, 60 और 90 दिन की कार्य योजनाओं को तैयार कर, विभाग को अगले वित्तीय वर्ष में लाभ के उच्चतम स्तर पर ले जाने का लक्ष्य निर्धारित करेंगे। वाईपी सिंह, जो एक चार्टर्ड अकाउंटेंट हैं और नोएडा स्थित कंपनी में पांच पार्टनरों के साथ कार्यरत हैं। उन्होंने उत्तर प्रदेश की वर्तमान स्थिति को सकारात्मक बताते हुए कहा कि प्रदेश अब विकास के मामले में अन्य राज्यों के लिए एक रोल मॉडल बन चुका है। उन्होंने उत्तर प्रदेश में संगठित अपराध की समाप्ति, सड़क, पेयजल और प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत लाभ प्रदान करने की उपलब्धियों के लिए भाजपा सरकार की सराहना की।

### समता-मूलक चौराहे पर ऑटो-रिक्शा मे लगी आग

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी लखनऊ में मंगलवार सुबह समता मूलक चौराहे के पास उस वक्त अफरा-तफरी मच गई, जब चलते ऑटो में आग लग गई। चालक ने ऑटो को सड़क किनारे लगा कर बड़ा हादसा होने से बचाया। दमकल की एक गाड़ी ने आग को बुझाया। हालांकि तब तक ऑटो पूरी तरह से जल चुका था। दमकल कर्मियों के मुताबिक आग की सूचना पर गोमतीनगर फायर स्टेशन से पहुंची एक गाड़ी ने आग पर काबू पाया, यदि आग सीएनजी टैंक तक पहुंच जाती तो बड़ा हादसा हो सकता था। कपूरथला निवासी ऑटो चालक रवि निगम किसी काम से गोमतीनगर आए थे। जहां से लौटते वक्त शार्ट सर्किट से ऑटो (यूपी 32 जीएन 7659) में आग लग गई। हादसे को बाद सड़क पर अफ्रा-तफ्री का माहौल हो गया। चारबाग और पॉलिटेक्टिन की तरफसे आने-जाने वाली ट्रैफिक को रोक दिया गया। करीब 5 मिनट के बाद यातायात सामान्य हुआ।

### कर्मचारियों ने जिलों में पहुंचकर बनाई रणनीति

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** आज कर्मचारी संदेश यात्रा के दूसरे दिन अवध के क्षेत्रीय अध्यक्ष रामकुमार रावत के नेतृत्व में लखनऊ जनपद के मलिहाबाद, काकोरी, अमेठी और गोसाईं गंज नगर पंचायती क्षेत्रों का दौरा किया गया। इस दौरान कर्मचारियों से उनकी लंबित समस्याओं और नगर पंचायत स्तर पर मुद्दों पर गहन विचार-विमर्श किया गया। महासंघ द्वारा प्रदेश सरकार और नगर विकास शासन स्तर पर पिछले कई वर्षों से लंबित प्रकरणों का समाधान न किए जाने के कारण कर्मचारियों ने गहरा रोष व्यक्त किया। अकेंद्रित सेवा नियमावली के तहत आजादी के 77 वर्षों बाद भी निकायों के अकेंद्रित कर्मियों के लिए उनकी सेवा नियमावली नहीं बनाई गई है। वेतन और भत्ते समय पर दिया जाए। साथ ही भत्ते और पेंशन का भुगतान सुनिश्चित किया जाए। वर्ष 2001 तक कार्यरत सभी दैनिक वेतन, संविदा और तदर्थ कर्मचारियों को विनियमितिकरण के शासनादेश 2016 के अनुसार नियमित किया जाए। पदोन्नति और कैडर पुनर्गठन के तहत लिपिक, राजस्व, सफाई, चतुर्थ श्रेणी, चालक, कंप्यूटर, लेखा और जल संस्थानों के तकनीकी श्रेणी के कर्मचारियों को कम से कम तीन पदोन्नति के अवसर प्रदान किए जाएं।

### पत्नी के प्रेमी को जान से मारने के लिए चालक ने रची थी साजिश

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** रहीमाबाद थाना अंतर्गत ससपन मार्ग में बनी रेलवे क्रॉसिंग के पास पत्नी के प्रेमी को जान से मारने की नियत से पिकअप चालक विनय द्विवेदी ने साजिश के तरह कार में पीछे से टक्कर मारी थी। पूछताछ में पिकअप चालक ने बताया कि वह पांच किमी से कार का पीछा कर रहा था, मौका मिलते ही रेलवे क्रॉसिंग पर खड़ी कार को उसने पीछे से टक्कर मार दी थी, जिसमें रहीमाबाद थाने में तैनात सिपाही शिवम समेत कुल सात लोग जख्मी हो गए। मंगलवार को पुलिस ने पिकअप चालक को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। गौरतलब है कि 09 सितम्बर की रात रहीमाबाद के जुगराज गांव निवासी महेंद्र सिंह प्रेमिका सोनी सिंह और प्रेमिका के भाई मोनू सिंह के साथ स्विफ्ट डिजायर से घर की तरफजा रहा था। माल मार्ग पर ससपन गांव के पास रेलवे क्रांसिग बंद होने के कारण वह रुक गए थे। इसी बीच अनीपुर गांव निवासी पिकअप चालक विनय द्विवेदी ने साजिश के तहत स्विफ्ट में पीछे से टक्कर मार दी थी, जिससे कार रेलवे फाटक को तोड़ती हुई रेलवे ट्रैक पर पहुंच गई थी। घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने पिकअप चालक को हिरासत में लेते हुए घायलों को नजदीकी अस्पताल में पहुंचाया।

### ताइक्कांडो चैम्पियनशिप में सी.एम.एस. छात्रों ने जीते दो स्वर्ण पदक

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, राजाजीपुरम् प्रथम कैम्पस की छात्रा आरना कुमारी और आलिया सिद्दीकी ने 'अंतर-विद्यालय ताइक्कांडो चैम्पियनशिप-2024' में 1-1 स्वर्ण पदक जीतकर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। इस चैम्पियनशिप को सनराइज ताइक्कांडो अकेडमी द्वारा लखनऊ जिला ताइक्कांडो एसोसिएशन के सहयोग से मिनी इंडोर स्टेडियम, राजाजीपुरम, लखनऊ में आयोजित किया गया, जिसमें कई प्रतिष्ठित विद्यालयों के छात्रों ने प्रतिभाग कर अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इस चैम्पियनशिप में आरना एवं आलिया ने अपनी खेल प्रतिभा का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर एक-एक स्वर्ण पदक हासिल किया। यह जानकारी सी.एम.एस. के हेड, कम्यूनिकेशन ऋषि खन्ना ने दी। श्री खन्ना ने बताया कि आरना कुमारी ने 37 किलो भार वर्ग में एवं आलिया सिद्दीकी ने 48 किलो भार वर्ग में स्वर्ण पदक जीतकर अपनी खेल प्रतिभा का अभूतपूर्व परचम लहराया है। सी.एम.एस. प्रबन्धक, प्रो. गीता गाँधी किंगडन ने विद्यालय के इन दोनों होनहार छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि इस ताइक्कांडो चैम्पियनशिप में सी.एम.एस. छात्रों ने कड़ी प्रतिस्पर्धा के बीच अपनी खेल प्रतिभा, चुस्ती-फूर्ती, कौशल तथा दमखम के बलबूते 2 स्वर्ण पदक अर्जित कर राष्ट्रीय व अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर अपनी एक अलग पहचान बनाने का संदेश अभी से दे दिया है।

# टीकाकरण को मिली रफ्तार तो खत्म हुआ जापानी इंसेफलाइटिस का खौफ

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** कभी पूर्वांचल में बच्चों के लिए काल बन चुका जापानी इंसेफलाइटिस (जेई) आज पूरी तरफ से खात्मे की कगार पर है। इसका क्रेडिट उस रणनीति को जाता है, जो 2017 में प्रदेश की सत्ता संभालने के बाद सीएम योगी ने लागू की। पूर्वांचल को जेई के प्रकोप से बचाने के लिए सीएम योगी ने फूल प्रूफ रणनीति पर काम किया। सीएम योगी के मार्गदर्शन में पूरे दृढ़ संकल्प के साथ जेई के खिलाफ रणनीति बनाई गई और इसे अंतरविभागीय समन्वय के साथ क्रियान्वित किया गया।

स्वास्थ्य विभाग की हर गतिविधि की निगरानी की गई। विभाग को शत-प्रतिशत टीकाकरण के निर्देश दिए गए। दस्तक अभियान के जरिये लोगों को जेई टीकाकरण के प्रति जागरूक किया गया। यही नहीं, पिछले तीन वर्षों में पूर्वांचल समेत पूरे प्रदेश में शिशुओं को जेई-1 और जेई-2 के करीब 2 करोड़ टीके की डोज दी गयी। इसका



नतीजा यह रहा कि आज पूर्वांचल जेई से मुक्त हो चुका है। पहले इस बीमारी के कारण परिवारों को आर्थिक संकट का सामना करना पड़ता था, लेकिन आज लोगों में न ही बीमारी का कोई खौफ है और न ही इसके इलाज पर होने वाले खर्च का। गोरखपुर के मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. आशुतोष कुमार दुबे ने बताया कि जापानीज इंसेफेलाइटिस से बचाव के लिए नियमित टीकाकरण कार्यक्रम के तहत जेई टीकाकरण कराया जा रहा है। पिछले छह सात वर्षों में नियमित टीकाकरण कार्यक्रम के दौरान इस टीके को लगाने के लिए कई विशेष अभियान भी चलाए गए। इसका असर यह रहा कि जापानीज इंसेफेलाइटिस के मामले साल दर साल कम हुए। सबसे खास बात यह रही कि इस बीमारी से होने वाली मृत्यु शून्य तक पहुंच गई है। पिछले वर्ष इससे कोई मृत्यु नहीं हुई। इस वर्ष भी स्थिति नियंत्रण में है।

### टीकाकरण के लिए 1.70 आशा बहनों को किया गया प्रशिक्षित

चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण सचिव डॉ. पिंकी जोवल ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश की कमान संभालते ही संचारी रोग जापानी इंसेफलाइटिस (जेई) के खात्मे के लिए शत-प्रतिशत टीकाकरण के निर्देश दिये। साथ ही लोगों को जेई टीकाकरण के प्रति जागरूक करने के लिए आशा बहनों को प्रशिक्षित कर घर-घर (डोर टू डोर) कैंपेन के निर्देश दिये। सचिव ने बताया कि सीएम योगी के निर्देश पर 1.70 लाख से अधिक आशा बहनों को प्रशिक्षण दिया गया। वहीं दस्तक अभियान के तहत एक वर्ष में तीन बार डोर टू डोर कैंपेन के जरिये जेई के कारण, उपाय, उपचार का महत्व एवं टीकाकरण के प्रति लोगों को जागरूक किया गया, ताकि लोग टीकाकरण के लिए आगे आएं। आशा बहनों ने करीब 4 करोड़ घरों में दस्तक अभियान के तहत व्यक्तिगत संवाद किया। सीएम योगी के प्रयासों को नतीजा रहा कि जेई के टीकाकरण से पीछे हटने वाले लोग आगे आए। वर्ष 2023-24 में योगी सरकार ने जेई- 1 के लिए 34,64,174 टीकाकरण का लक्ष्य रखा, जिसके सापेक्ष 33,85,506 टीके लगाये गये। इसी तरह वर्ष 2022-21 में जेई- 1 के लिए 34,59,417 टीकाकरण का लक्ष्य रखा, जिसके सापेक्ष 33,78,189 टीके लगाये गये, जबकि वर्ष 2021-22 में 34,43,938 टीकाकरण के लक्ष्य के सापेक्ष 28,40,827 टीके की डोज लगायी गयी। इस वर्ष कोरोना महामारी की वजह से टीकाकरण कुछ धीमा रहा।

### छूट गया है तो पंद्रह वर्ष तक लग सकता है टीका

जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ. नंदलाल कुशवाहा ने बताया कि जापानीज इंसेफेलाइटिस से बचाव का टीका बच्चों को दो बार लगाया जाता है। पहली बार टीकाकरण नौ से बारह माह की उम्र में होता है। वहीं दूसरी बार टीकाकरण सोलह से चौबीस माह की उम्र में होता है। अगर किसी का शिशु इस टीके से वंचित रह गया है तो उसे पंद्रह वर्ष की उम्र से पहले कभी भी यह टीका लगाया जा सकता है।

# 69000 शिक्षक भर्ती के अभ्यर्थियों ने घेरा डिप्टी सीएम केशव का आवास

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ ।** 69000 शिक्षक भर्ती के अभ्यर्थी आज लखनऊ में प्रदर्शन करने पहुंचें हैं। डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य के आवास का घेराव कर रहे हैं। नई सूची जारी करने की मांग को लेकर ओबीसी-एससी अभ्यर्थी, डिप्टी सीएम से एक सप्ताह पहले भी मिले थे। डिप्टी सीएम ने उन्होंने न्याय का भरोसा दिया था। हाईकोर्ट के आदेश के खिलाफ सामान्य वर्ग के चयनित सुप्रीम कोर्ट गए थे, सोमवार को सुप्रीम कोर्ट ने हाईकोर्ट के फैसले पर रोक लगाते हुए सभी पक्षों को नोटिस जारी किया। मामले की सुनवाई 23 सितंबर को है।

प्रदर्शन कर रहे विजय यादव कहते हैं कि हाई कोर्ट की डबल बेंच का निर्णय आने के बाद से हम नई लिस्ट जारी करने की मांग कर रहे हैं। हमें पता है कि विभागीय अफसर मामले को लटकाना चाहते हैं। इसी बात का डर था कि कोर्ट में मामला फंसा तो हमारी नियुक्ति टल जाएगी। जिस बात का डर था, वो सही साबित हुआ। जो हमारा वोट पाकर बड़े नेता बने, वो आज हमसे मिलने तक तैयार नहीं हैं। डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य आवास

**जब तक हक और अधिकार नहीं मिलता तब तक होगा प्रदर्शन**

के अंदर हैं पर हम लोगों को बताया जा रहा है कि वो बाहर गए हैं। ऐसे में अब किससे उम्मीद की जाए? हमने फैसला कर लिया है कि हर रोज सड़कों पर उतरेंगे। ये प्रदर्शन जारी रहेगा। जब तक हमें हमारा हक और अधिकार नहीं मिलता तब तक हम शांत नही बैठेंगे। प्रदर्शन कर रहे अभ्यर्थी कृष्णकांत कहते हैं कि कल हमारी सुप्रीम कोर्ट में डेट लगी हुई थी। सरकार का इस पूरे मामले में जो रवैया हैं वो बेहद निंदनीय हैं। पिछड़े और दलित वर्ग के साथ सरकार की सिर्फ यही हिस्सेदारी है, कि सरकार उनका वोट लेती रहे पर उनका साथ नहीं देगी। पिछली बार जब हम लोग केशव प्रसाद मौर्य जी से मिले थे तो उन्होंने कहा था कि आपके पक्ष में त्वरित कार्रवाई आदेश दिया गया, क्या त्वरित आदेश का मतलब यही होता हैं कि 4 साल तक सड़कों पर संघर्ष करने के बाद, जब हाईकोर्ट से निर्णायक आदेश दिया गया तो उसको भी समय से अमल में नही लाया गया। पूरे मामले को सुप्रीम कोर्ट में ले जाकर फंसा दिया जाता हैं।

# विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस के मौके पर आयोजित हुई कार्यशाला

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ ।** राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस के मौके पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. मनोज अग्रवाल के दिशा निर्देशन तथा राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डा.बीएन यादव के मार्गदर्शन में मंगलवार को जागरूकता कार्यशाला आयोजित हुई। बलरामपुर अस्पताल सभागार में आयोजित कार्यशाला का मनोचिकित्सक व नैदानिक मनोवैज्ञानिक के द्वारा आत्महत्या के कारणों एवं उनसे बचाव के उपायों के विषय में चर्चा की गई। इस कार्यशाला में जनपद के विद्यालय के नामित प्रधानाचार्य व शिक्षकों ने प्रतिभाग किया।

कार्यशाला में मानसिक रोग विशेषज्ञ डा. अभय ने बताया कि इस इस दिवस को मनाये जाने का उद्देश्य है कि ऐसे लोगों को मानसिक और उपचार और सुरक्षा प्रदान करना है जिन्हें आत्महत्या के विचार आते हैं। इसके लिए जरूरी है कि लक्षणों को पहचाने और काउंसलिंग करें। आत्महत्या की प्रवृत्ति वाले लोगों के लक्षण हैं दृ निराशा और अवसाद की भावना, आत्मसम्मान की कमी, अकेला और सामाजिक अलगाव की भावना, नींद न आना और भूख में कमी, जीवन के प्रति उदासीनता और अर्थहीनता, अत्यधिक शराब या नशीले पदार्हो का सेवन, जीवन के प्रति नकरात्मक दृष्टिकोण, आत्महत्या के बारे में बात करना या संकेत देना। उन्होने विद्यालय के प्रतिनिधियों से कहा कि बच्चे काफी समय विद्यालय में व्यतीत करते हैं। उनके व्यवहार में यदि बदलाव दिखे तो उससे बात करें और अभिभावकों को भी इससे अवगत कराएं।उन्होने बताया कि मानसिक स्वास्थ्य हेल्पलाइन टेली मानस 18008914416 या 14416 तथा जनपद लखनऊ हेतु मानसिक स्वास्थ्य हेल्पलाइन नंबर 9451122854 पर मनोरोग सम्बन्धी जानकारी के लिए संपर्क किया जा सकता है। मनोवैज्ञानिक डा. रजनीगंधा ने बताया कि तनाव व चिंता एवं अन्य कई कारणों से लोग में तंबाकू एवं अन्य किसी प्रकार के नशे का उपयोग करने लगते हैं। जिससे न उन्हें केवल शारीरिक तौर से बल्कि आर्थिक और सामाजिक तौर से भी क्षति पहुँचती है।

# पर्यटकों के लिए खोली गयी भारत-नेपाल सीमा

**लखनऊ।** भारत और नेपाल के मध्य अंतरराष्ट्रीय सीमा को पर्यटकों एवं श्रद्धालुओं के आवागमन के लिए खोल दिया गया है। यह अंतरराष्ट्रीय सीमा कोविड-19 के प्रकोप के दौरान बंद कर दी गयी थी। पर्यटन के दृष्टिकोण से यह सीमा भारत और नेपाल के बीच एक महत्वपूर्ण कड़ी है। इसके खुलने से पर्यटक भारत तथा नेपाल के प्राकृतिक एवं रमणीक स्थलों का भ्रमण कर सकेंगे। इससे दोनों देशों को लाभ मिलेगा। इसके साथ ही दोनों देशों के बीच सांस्कृतिक और आर्थिक सम्बंधों को मजबूती मिलेगी। यह जानकारी प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने दी। जयवीर सिंह ने बताया कि भारत नेपाल के बीच स्थित धनगढ़ी और गौरीफंटा क्रासिंग दो वर्षों से बंद थी। गौरीफंटा-धनगढ़ी सीमा को फिर से खोला जाना प्रकृति प्रेमियों के लिए विशेष महत्व है। यह मार्ग विभिन्न परिदृश्यों तथा विविध वन्य जीवन तक सीधी पहुंच प्रदान करता है। उप्र के लखीमपुर जनपद में स्थित दुधवा राष्ट्रीय उद्यान संरक्षित वन क्षेत्र है। घने जंगलों से घिरा यह इलाका रॉयल बंगाल टाइगर के लिए सबसे उपयुक्त क्षेत्र है। हर साल बड़ी संख्या में वन्य जीव प्रेमी यहां पहुंचते हैं। यह राष्ट्रीय उद्यान नेपाल के धनगढ़ी शहर से लगा हुआ है।




**उत्तर प्रदेश विधानसभा की याचिका समिति ने युवा कल्याण विभाग की बैठक के दौरान सचिव (युवा कल्याण) सुहास एलवाई को पेरिस पैराओलंपिक बैडमिंटन प्रतियोगिता में रजत पदक जीतने पर उन्हें सम्मानित किया गया।**

### शिया महाविद्यालय में बीएएलएलबी (पंच-वर्षीय) पाठ्यक्रम में प्रवेश वर्तमान सत्र से होंगे

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** शिया महाविद्यालय को बीए एलएल0बी0 (पंच-वर्षीय) पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिये बार काउंसिल ऑफ इण्डिया से वर्तमान सत्र से 60 सीटों पर प्रवेश के लिये अनुमोदन प्राप्त हो गया है। शिया पी0 जी0 कालेज, लखनऊ प्रदेश का पहला सरकार द्वारा अनुदानित महाविद्यालय है जिसमें बीए एलएलबी (पंच-वर्षीय) पाठ्यक्रम संचालित होगा। बार काउंसिल ऑफ इण्डिया से प्रवेश की अनुमति मिलने के बाद वर्तमान सत्र में ही प्रवेश प्रक्रिया आरम्भ की दी गयी है। प्रवेश निदेशक डॉ0 एम0एम0 अबु तैय्यब ने इस सम्बन्ध में जानकारी देते हुये बताया कि बीएएलएलबी (पंच-वर्षीय) पाठ्यक्रम सत्र 2024-25 के प्रथम सेमेस्टर में प्रवेश हेतु आवेदन शुरू हो गये हैं। आवेदन-फार्म शिया महाविद्यालय के एडमिशन पोर्टल अथवा महाविद्यालय की वेबसाइट पर ऑनलाइन माध्यम से भरे जा सकते हैं। उक्त पाठ्यक्रम में कुल 60 सीटों पर प्रवेश मेरिट एवं साक्षात्कार के माध्यम से दिया जायेगा। आवेदन-फार्म का शुल्क रुपये-1,500/- निर्धारित किया गया है। प्रवेश हेतु ऑनलाइन आवेदन की अन्तिम तिथि-20.9.2024 है। आवेदन करने के लिये सामान्य व ओ0बी0सी0 वर्ग के अभ्यर्थियों के लिये इण्टरमीडिएट में 45 प्रतिशत एवं एससीएसटी के लिये के लिये 40 प्रतिशत न्यूनतम अर्हता निर्धारित की गयी है। बी0ए0 एलएल0बी0 (पंच-वर्षीय) पाठ्यक्रम की फीस 25,000- प्रति सेमेस्टर है। प्रवेश से सम्बन्धित किसी भी प्रकार की समस्या अथवा जानकारी के लिये ई-मेल आई0डी0-व हेल्पलाइन नम्बर- 8090033896 पर सम्पर्क कर सकते हैं। प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुये मीडिया प्रभारी डॉ0 प्रदीप शर्मा ने बताया कि शिया पी0 जी0 कालेज, लखनऊ गुणवत्तापरक शिक्षा प्रदान करने के लिये लगातार प्रयासरत है।

# फैसला : मान्यता वापस करने वाले मदरसों को जारी किया जाएगा नोटिस

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ ।** उत्तर प्रदेश मदरसा बोर्ड की अहम बैठक हुई। यह बैठक 1 साल बाद हुई जिसमें मदरसा बोर्ड के अध्यक्ष डॉक्टर इफ्तेखार अहमद जावेद, निदेशक जे.रीभा रजिस्ट्रार आरपी सिंह समेत बोर्ड के सदस्य शामिल हुए।बैठक के बाद अध्यक्ष इफ्तिखार अहमद ने बताया कि मदरसा और मदरसा के छात्रों के हितों को देखते हुए कई फैसले लिए गए।

एक बड़ा फैसला ये भी लिया गया की 2018 के बाद की जो मार्कशीट है उन्हें ऑनलाइन किया जाएगा। इफ्तिखार अहमद जावेद ने बताया कि मदरसों के हित को देखते हुए समय-समय पर बैठक होती रहती है। आज

**513 मदरसों ने मान्यता वापस करने का प्रस्ताव भेजा**

के इस बैठक में विभिन्न मुद्दों पर चर्चा हुई। साल 2018 से लेकर अब तक जो भी मार्कशीट थी वह सब ऑनलाइन उपलब्ध है। वर्ष 2018 के बाद की मार्कशीटों को भी ऑनलाइन उपलब्ध कराया जाएगा।

बैठक में नए मदरसों को मान्यता देने के लिए भी चर्चा हुई बेसिक और माध्यमिक शिक्षा विभाग की तरह मदरसों की मान्यता के लिए आवेदन करने वालों को मदरसा पोर्टल के माध्यम से प्रस्ताव लिया जाएगा और जांच के बाद उन्हें मान्यता दी जाएगी।इफ्तिखार अहमद जावेद ने बताया कि बैठक के दौरान एक यह भी सूचना मिली है कि 513 मदरसों ने अपनी मान्यता समाप्त किए जाने का बोर्ड को प्रस्ताव दिया है। मदरसा बोर्ड 2016 विनियमावली के तहत इन सभी मदरसों को नोटिस भेज कर जवाब तलब किया जाएगा। कारण पूछे जाने पर इफ्तिखार अहमद जावेद ने बताया कि रजिस्टर्ड ममदरसों को मॉडर्न टीचर उपलब्ध कराए गए थे। मॉडर्न टीचर मदरसे के बच्चों को कंप्यूटर, साइंस और अन्य विषय पढ़ाते थे मगर लंबे समय से इन्हें वेतन नहीं मिला वो भी एक कारण हो सकता है । फिलहाल इस पूरे मामले को लेकर समीक्षा किया जा रहा है और मान्यता वापस लेने वाले मदरसों से इस विषय में बोर्ड चर्चा करेगा।

**आधुनिकीकरण** | **उत्तर प्रदेश, अपनी बिजली वितरण प्रणाली के आधुनिकीकरण की दिशा में तेजी से कर रहा काम**

# स्मार्ट मीटरिंग कार्यक्रम बिजली उपभोक्ताओं को बनाएगा सशक्त

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश, अपनी बिजली वितरण प्रणाली के आधुनिकीकरण की दिशा में तेजी से काम कर रहा है। इस परियोजना के तहत 2.69 करोड़ स्मार्ट मीटर लगाए जाएंगे। इससे राज्य को केंद्र सरकार की स्मार्ट ग्रिड परिकल्पना में अग्रणी बनाने में मदद मिलेगी। इस बिजली आधुनिकीकरण कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुए, मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड जल्द ही 50 लाख से अधिक घरों में मुफ्त स्मार्ट मीटर लगाएगा। ये मीटर उपभोक्ताओं को उनकी बिजली खपत और लागत का सटीक ट्रैक रखने में मदद करेंगे। इससे वे बेहतर निर्णय ले सकेंगे और अपने बिजली खर्च को नियंत्रित कर



सकेंगे।स्मार्ट मीटर लगाने से उपभोक्ताओं को सही बिलिंग मिलती है, और उन्हें वास्तविक बिजली खपत के अनुसार ही भुगतान करना होता है।

उपभोक्ता अब मोबाइल ऐप के जरिए वास्तविक समय में अपनी ऊर्जा खपत की निगरानी कर सकते हैं। वे घर बैठे ही अपना बिल चुका सकेंगे, जिससे उन्हें डिस्कॉम कार्यालय में जाकर भुगतान करने की आवश्यकता नहीं रहेगी। यह पूरी प्रक्रिया, अब अधिक सरल और प्रभावी हो जाएगी।

स्मार्ट मीटर, डिस्कॉम को हर इलाके में बिजली की मांग का सटीक आकलन करने में मदद करेगा। इससे बिजली की आपूर्ति को सही ढंग से समायोजित किया जा सकेगा। लोड शेडिंग में काफी कमी आएगी और 24 घंटे उच्च गुणवत्ता वाली बिजली की आपूर्ति सुनिश्चित होगी। इससे लंबे समय से चल रही बिजली कटौती भी समाप्त हो जाएगी।

स्मार्ट मीटर कार्यक्रम केंद्र सरकार की संशोधित वितरण क्षेत्र योजना (आरडीएसएस) के तहत लागू किया गया है। इस योजना के तहत पूरे देश में 25 करोड़ स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगाए जाएंगे। आरडीएसएस के सुधारों का उद्देश्य, 2024-2025 तक एटीएंडसी नुकसान को 12-15त्न तक घटाना और एसीएस-एआरआर अंतर को पूरी तरह से समाप्त करना है।

यह सरकारी मिशन, उपभोक्ताओं पर वित्तीय बोझ डाले बिना बेहतर सेवा और बिजली आपूर्ति प्रदान करने का लक्ष्य है। इसका उद्देश्य उपभोक्ताओं के अनुभव को सुधारना है। प्रदेश में स्मार्ट मीटरिंग कार्यक्रम के साथ, डिस्कॉम राज्य की बिजली प्रणाली में सुधार कर उपभोक्ताओं का विश्वास बढ़ाने की कोशिश कर रहे हैं।

### स्मार्ट मीटर के लाभ

सटीक बिजली बिल प्राप्त करें,
ऑनलाइन रिचार्ज,
दैनिक खपत की निगरानी,
मानवीय हस्तक्षेप से बचाव,
ऊर्जा लागत में बचत।
स्मार्ट मीटर कंज़ूमर मोबाइल **एप्लिकेशन के साथ जीवन आसान हो जाता है** : ऑनलाइन रिचार्ज की सुविधा ।बैलेंस कम होने पर अलर्ट। दैनिक बिजली उपयोग का डेटा प्राप्त करें। मासिक उपयोग की तुलना करें।

# बाढ़ प्रभावित किसानों को मिली 1.91 करोड़ की मदद

- 9,150 परिवारों को खाद्य सामग्री वितरित, 47 हजार लोगों को बांटे गए फूड पैकेट्स
- प्रशासन ने राहत चौपाल लगाकर समस्याओं का किया निस्तारण



गोण्डा ,समृद्धि न्यूज़।

प्रदेश की योगी सरकार ने बाढ़ से प्रभावित गोण्डा जनपद के किसानों और ग्रामीणों को बड़ा संबल प्रदान किया है।

इस बार की बाढ़ में फसलों के नष्ट होने से जिले के 3300 से अधिक किसान प्रभावित हुए हैं। उनकी इस परेशानी को समझते हुए सरकार ने 1.91 करोड़ रुपये से अधिक की आर्थिक सहायता राशि प्रदान की है। साथ ही, बाढ़ और कटान से प्रभावित इलाकों में राहत और पुनर्वास के कार्यों में भी प्रशासन तेजी से जुटा हुआ है। बाढ़ प्रभावितों के लिए रोटी, छत, और पशुओं के चारे तक की व्यवस्था सुनिश्चित की जा रही है। गोण्डा जनपद में घाघरा नदी के जलस्तर में उतार-चढ़ाव के कारण कई गांवों में कटान की समस्या उत्पन्न हो रही है। आंकड़ों की बात करें तो इस समस्या से लगभग 115 किसान प्रभावित हुए हैं, जिन्हें 8.17 लाख रुपये से अधिक का मुआवजा दिया गया है।

इसके अतिरिक्त, 34 क्षतिग्रस्त झोपड़ियों और पक्के मकान के लिए भी लगभग चार लाख रुपये का मुआवजा प्रदान किया गया है। यह सुनिश्चित किया गया है कि कोई भी प्रभावित परिवार राहत से वंचित न रहे और उन्हें जल्द से जल्द सहायता मिले।

### भूमि कटान और मकान क्षति के लिए राहत कार्य

अपर जिलाधिकारी आलोक कुमार ने बताया कि बाढ़ के कारण हुए नुकसान की भरपाई के लिए सरकार पूरी तरह से संजीदा है। जिले में नदी के जलस्तर में लगातार उतार-चढ़ाव से कई गांवों में कटान की समस्या बनी हुई है। इस स्थिति को देखते हुए 115 किसानों को 8.17 लाख रुपये से अधिक का मुआवजा वितरित किया गया है। इसी तरह, दो दिन पहले साकीपुर गांव में कटान से एक पक्का मकान प्रभावित हुआ, लेकिन प्रशासन की तत्परता से उस परिवार को पहले ही सुरक्षित स्थान पर पहुंचा दिया गया और उन्हें तत्काल राहत सामग्री भी प्रदान की गई। इसी तरह, अन्य प्रभावितों को भी सुरक्षित स्थानों पर भेजा गया है।

### राहत सामग्री का वितरण और प्रशासन की सक्रियता

जिला प्रशासन ने राहत सामग्री के वितरण में भी कोई कसर नहीं छोड़ी है। अब तक 9,150 परिवारों को खाद्य सामग्री का वितरण किया जा चुका है, जबकि 47 हजार से अधिक लोगों को फूड पैकेट्स मुहैया कराए गए हैं। प्रशासन ने 129 राहत चौपालों का आयोजन कर लोगों की समस्याओं का त्वरित निस्तारण भी सुनिश्चित किया है। यह कदम प्रशासन की संवेदनशीलता और तत्परता को दर्शाता है।

### आपदा प्रबंधन के लिए प्रशासन की तैयारी

आपदा प्रबंधन के मामले में भी प्रशासन पूरी तरह से मुस्तैद है। एडीएम आलोक कुमार ने बताया कि वर्तमान में घाघरा नदी खतरे के निशान से 7 सेंटीमीटर नीचे बह रही है, लेकिन पानी के उतार-चढ़ाव के कारण कटान की स्थिति बनी हुई है। बहुवन मदार माझा गांव में कटान की सूचना पर अधिकारी तुरंत मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया।

किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए प्रशासनिक टीम पूरी सक्रियता से कार्य कर रही है और संभावित क्षेत्रों में निरंतर नजर रखी जा रही है।

# डायरिया से दो सगी बहनों समेत एक चचेरे भाई की मौत, छह बीमार



गोण्डा ,समृद्धि न्यूज़।

जिले के एक गांव में जन्मदिन की खुशियां मातम में बदल गईं।इटियाथोक क्षेत्र के विशुनपुर संगम मधईजोत में डायरिया फैलने से दो सगी बहनों के साथ एक चचेरे भाई की मौत हो गई जबकि परिवार के अन्य छह लोग बीमार हो गए हैं।

उन्हें सीएचसी इटियाथोक में भर्ती कराया गया है। परिवार के तीन मासूम बच्चों की सिल सिलेवार हुई मौत से गाँव में हाहाकार मच गया।बच्चे के जन्मदिन पर भोज का आयोजन था,जिसमें सभी ने भोजन किया। इसके बाद उनकी तबीयत बिगड़ गई और एक के बाद एक तीन बच्चों की मौत हो गई।डायरिया से मौत की सूचना पर स्वास्थ्य विभाग की टीम ने गांव में पहुंचकर छिड़काव कराया है।इटियाथोक ब्लॉक प्रमुख पूनम द्विवेदी ने भी गांव में पहुंचकर परिवार के लोगों से जानकारी ली और मदद का भरोसा दिलाया है।परिवार के मुखिया काली प्रसाद तिवारी ने बताया कि उनके पौत्र और प्रिंस के बेटे शिवा तिवारी दो वर्ष का था जिसका छह सितंबर को जन्मदिन था।घर में कथा के बाद शाम को भोज का आयोजन किया गया था जिसमें परिवार के लोगों के साथ ही रिश्तेदार व संबंधी भी शामिल थे।भोज के बाद रात में सभी लोग सो गए,दूसरे दिन सात सितंबर को पौत्र शिवा की तबीयत अचानक बिगड़ गई,उसे उल्टी-दस्त शुरू हो गई।उसे गोंडा मेडिकल कॉलेज ले जा रहे थे कि वहां पहुंचने से पहले रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। शिवा का अंतिम संस्कार कर दिया गया।अगले दिन आठ सितंबर को प्रिंस के बड़े भाई मनीष तिवारी की पचीस दिन की दुधमुंही बेटी मुन्नी की भी तबीयत बिगड़ गई और उसने दम तोड़ दिया।मौत का सिलसिला यहीं नहीं थमा, सोमवार को मनीष की बड़ी बेटी पल्लवी तिवारी सात की तबीयत बिगड़ने पर गोंडा ले गए,जहां उल्टी-दस्त के बाद उसकी भी मौत हो गई।जबकि परिवार के छह लोग और बीमार हो गए।डायरिया से मौत की सूचना पर इटियाथोक ब्लॉक प्रमुख पूनम द्विवेदी ने गांव में पहुंचकर परिवार का हाल जाना और सीएचसी अधीक्षक डॉ.सुनील पासवान के साथ-साथ सीएमओ डॉ.रश्मि वर्मा को सूचना दी इसके बाद गांव में पहुंची स्वास्थ्य विभाग की टीम ने डायरिया से पीड़ित सुनीता, अमन, दीपशिखा, अनीता, मुस्कान व आदर्श को सीएचसी भिजवाया।जहां सभी का इलाज चल रहा है।गांव में डायरिया फैलने की सूचना पर सफाई कर्मियों को लगाया गया है।जहां सफाई व्यवस्था हो रही है।

# बस का इंतजार कर रहे युवक की दबंगों ने की धुनाई



गोण्डा ,समृद्धि न्यूज़।

जिले के नगर कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत गुरु नानक चौकी के पास (गुरुनानक चौराहे )पर खड़े होकर बस का इंतजार कर रहे थे।वही एक युवक के साथ चौपहिया वाहन से जा रहे दबंग युवक द्वारा जमकर पिटाई किए जाने का मामला सामने आया है। दबंग श्रेयांश द्विवेदी नाम का युवक बस का इंतजार कर रहे नगवा गांव के रहने वाले गौरव सिंह की जमकर पिटाई करते हुए एक के बाद एक कई थप्पड़ों की बौछार कर दिया है। दबंग युवक की दबंगई को देखते हुए आसपास खड़े लोग मारपीट के मामले को शांत करने की हिम्मत नहीं जुटा पाए।

एक के बाद एक दबंग युवक ने पीड़ित गौरव सिंह पर थप्पड़ झड़ दिया। किसी ने इस मारपीट की पूरी घटना को कैमरे में कैद करके सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया है। वीडियो वायरल होने के बाद नगर कोतवाली पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी हुई है।दरअसल वजीरगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत नगवा गांव का रहने वाला पीड़ित गौरव सिंह नगर कोतवाली क्षेत्र के गुरु नानक चौराहे पर खड़े होकर के रोडवेज बस का इंतजार कर रहा था।तभी बड़गांव की तरफ से एलबीएस चौराहा की तरफ चौपहिया वाहन लेकर जा रहे श्रेयांश द्विवेदी नाम के युवक से बीच चौराहे पर आपसी कहासुनी हो गई और धीरे-धीरे मारपीट में तब्दील हो गया।

### दबंगो ने थप्पड़ों से जमकर पीटा

आपसी कहासुनी के बाद दबंग श्रेयांश द्विवेदी अपनी गाड़ी से उतरा और बीच चौराहे पर सड़क के किनारे खड़े युवक गौरव सिंह पर जमकर थप्पड़ों की बौछार कर दी। पिटाई के दौरान पीड़ित गौरव सिंह दबंग श्रेयांश द्विवेदी से मारने की वजह पूछता रहा लेकिन दबंग श्रेयांश द्विवेदी बिना वजह बताएं जमकर पिटाई करनी शुरू कर दी। वही गोंडा नगर कोतवाल मनोज कुमार पाठक से जब पूरे मामले को लेकर की बात की गई। तो उन्होंने बताया कि अभी किसी पीड़ित ने मारपीट को लेकर के कोई शिकायत नहीं की है।फिर भी वायरल वीडियो को संज्ञान में लेकर के पूरे मामले की जांच कराई जा रही है। पीड़ित का पता लगा करके संपर्क साधकर पूरे मामले में कार्रवाई की जाएगी।

## रितेश सोनी राष्ट्रीय स्वर्णकार राजनीतिक भागीदार मंच गोण्डा के बने जिलाध्यक्ष

गोन्डा ,समृद्धि न्यूज़। जनपद के तेजतर्रार और युवा समाजसेवी रितेश सोनी को राष्ट्रीय स्वर्णकार राजनीतिक भागीदार मंच गोण्डा का जिलाध्यक्ष बनाया गया है। बताते चलें कि रितेश सोनी सोनार समाज के प्रति सदैव तात्पर्यता से कार्य कर रहे थे। राष्ट्रीय स्वर्णकार राजनीतिक भागीदार मंच ने इनकी निष्ठा को देखते हुए संस्थापक/ राष्ट्रीय अध्यक्ष जितेंद्र वर्मा स्वर्णकार एवं प्रदेश अध्यक्ष डॉ. कौशल सोनी ने मनोनयन पत्र देकर सोनार को एकत्रित कर राजनीतिक भागीदारी में जोड़ने के राष्ट्र में नई दिशा प्रदान करेंगे। राष्ट्रीय स्वर्णकार राजनीतिक भागीदार मंच द्वारा रितेश सोनी को जिलाध्यक्ष बनाने की सूचना जनपद में सोनार समाज को मिलते हैं बधाईयां देने के लिए लोग उमड़ पड़े। इस दौरान रितेश सोनी ने बताया कि संगठन के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. कौशल सोनी, संस्थापक जितेंद्र वर्मा स्वर्णकार व प्रदेश उपाध्यक्ष रवि सोनी ने उन्हें अपने संगठन का जिलाध्यक्ष बनते हुए समाज को संगठित कर राजनीति में सक्रिय कार्य करने का विश्वास जताते हुए उन्हें यह पद दिया है।

# मंडे नाले को बनाया नाली, प्रशासन नहीं कर पाया रखवाली

**अवैध कब्जे के जद में जिले का मन्डे नाला शहर में बरसात में हो जाता है जल जमाव**



### सैकड़ो निर्माण कार्य से सिमटा नाले का क्षेत्र

शहरी क्षेत्र से प्रवाहित होने वाले मंडे नाला की भूमि में लोगों द्वारा अतिक्रमण कर निर्माण कार्य करा लिए गए हैं। जानकार बताते हैं कि मंडे नाले का एक बड़ा क्षेत्र था, लेकिन पिछले पांच वर्षों में नाले की भूमि पर सैकड़ो निर्माण कार्य कर लिए गए हैं। यही गुरु नानक चौराहे के पास पेट्रोल पंप के बगल नाले पर मिठाई की दुकान बना ली गई है।और अभी भी अतिक्रमण का खेल निर्वाध गति से जारी है। इतनी बड़ी संख्या में निर्माण कार्य होने से मंडे नाले का क्षेत्र काफी सिमट गया है।

गोण्डा ,समृद्धि न्यूज़।

शहर के अंबेडकर चौराहा के पास प्रवाहित होने वाले मंडे नाले का अस्तित्व खतरे मे हैं। लगातार अतिक्रमण कारियों की गिद्ध नजर से मंडे नाला संकुचित होता जा रहा है पिछले पांच वर्षों में जिस तरह मंडे नाले में अतिक्रमण किया गया है उससे नाले के जो हालात हुए हैं उससे यह प्रतीत होता है कि यदि यही हाल रहा तो आगामी एक दो वर्षों में मंडे नाले का अस्तित्व ही नहीं रहेगा। शहर के अंबेडकर चौराहा के पास प्रवाहित होने वाला मंडे नाले शहरवासियों के लिए जीवन दायिनी माना जाता है इस नाले के माध्यम से जहां एक ओर पूरे शहर का गंदा पानी प्रवाहित होता है वहीं दूसरी ओर बारिस के मौसम में यह नाला शहर को बाढ़ से भी बचाता है,क्योंकि इस नाले के माध्यम से शहर का पानी तेज बहाव के साथ कटहाघाट टेढ़ी नदी में मिल जाता है जिससे शहर में बाढ़ का खतरा नहीं उमड़ता।

इस सब के बावजूद शहर के और नाले अपने अस्तित्व की लड़ाई लड़ रहा है। नगर पालिका परिषद में नाले की भूमि पर अतिक्रमणकारियों की ऐसी गिद्ध नजर पड़ी की मंडे नाला अतिक्रमण के कारण संकुचित होता जा रहा है।

### लगातार शिकायतें, फिर भी कार्रवाई से गुरेज

मंडे नाले में अतिक्रमण को लेकर लोगों द्वारा लगातार शिकायतें की जाती रहती हैं शिकायतकर्ता लगातार शिकायत करके थक चुके हैं लेकिन स्थानीय प्रशासन द्वारा अतिक्रमणकारियों के विरुद्ध कोई कार्रवाई न होने से जहां एक ओर शिकायतकर्ताओं के हौंसले पस्त हो चुके हैं वहीं अतिक्रमणकारियों के हौंसले और बुलंद भी होते जा रहे हैं,शायद इसी का परिणाम है कि नजूल और नाले की जमीन पर लगातार अतिक्रमण का क्षेत्र लगातार बढ़ता जा रहा है।

### सर्वाधिक अतिक्रमण अंबेडकर चौराहे से गायत्रीपुरम तक

वैसे तो शहर से प्रवाहित होने वाले मंडे नाले का शहरी क्षेत्र पूरी तरह से अतिक्रमण की चपेट में है लेकिन सर्वाधिक अतिक्रमण शहर के अंबेडकर चौराहे से लेकर गायत्री पुरम कालोनी में किया गया है,यहां कई स्थाई माकान बनाकर अतिक्रमण कर लिया गया है।मंडे नल की जो चौड़ाई है वह सिकुड़कर एक नाली में तब्दील हो गया है और यहां अभी भी अतिक्रमण का खेल जारी है जिसकी कई बार जिला प्रशासन के साथ ही स्थानीय प्रशासन के पास भी शिकायतें की जा चुकी हैं लेकिन आज तक किसी प्रकार की जांच कार्रवाई नहीं की गई जिससे अतिक्रमणकारियों के हौंसले बुलंद हैं।

## कौड़िया थाने के थानेदार बनाए गए निरीक्षक दुर्ग विजय सिंह

गोण्डा ,समृद्धि न्यूज़। जिले में कानून व्यवस्था को बेहतर बनाने व अपराध पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से एसपी विनीत कुमार जायसवाल ने कई निरीक्षकों/उप निरीक्षकों के कार्यक्षेत्र में बदलाव किया है। इसी क्रम में कौड़िया के प्रभारी निरीक्षक रहे वेद प्रकाश शुक्ला का स्थानांतरण कर उनके स्थान पर प्रभारी निरीक्षक दुर्ग विजय सिंह को तैनात किया गया है। नवागत प्रभारी निरीक्षक दुर्ग विजय सिंह ने कार्यभार ग्रहण करने के बाद प्रेस वार्ता के दौरान बताया कि थाने पर पीड़ितों को न्याय दिलाना उनकी पहली प्राथमिकता होगी।



श्री सिंह ने कहा कि कानून व्यवस्था का उल्लंघन करने वालों के साथ पुलिस शख्ती से निपटेगी। चोर, उचक्को व अन्य गैर कानूनी कार्य करने वाले लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जायेगी। गैरकानूनी धंधा पूरी तरीके से क्षेत्र में बंद कराये जायेंगे, साथ ही उन लोगों पर कानूनी कार्यवाही भी की जायेगी। उन्होंने कहा कि थाने में आने वाले सभी फरियादियों को पूरा सम्मान दिया जायेगा। अपराधी को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जायेगा। पीड़ितों की समस्या का समाधान शीघ्र अति शीघ्र करवाने का प्रयास करेंगे। सिंह ने अपने अधीनस्थ पुलिसकर्मियों को थाने में आने वाले सभी फरियादियों के साथ विनम्रता से पेश आने का निर्देश दिया है।

## बहराइच के राजा दरबार में बहेगी भक्ति रस की धारा

**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।** शहर के बशीरगंज चौराहा पर पूरे जिले में बहराइच के राजा के नाम से विख्यात विघ्नहर्ता गजानन का दस दिवसीय जन्मोत्सव गणेश चतुर्थी उत्सव धूमधाम से मनाया जा रहा है। वशिष्ठ नगर चौराहा पर बने बहराइच के राजा के दरबार में गणेश उत्सव पर अभिषेक, पूजन, माँ भगवती जागरण, महाआरती, महाभोग सहित विविध आयोजन होंगे। 10 दिन तक चलने वाला यह उत्सव पूरे जिले में उत्साह और उमंग के साथ मनाया जाता है। दस दिनों तक चलने के बाद अनंत चतुर्दशी के दिन समापन समारोह के साथ यह पर्व प्रतिमा विसर्जन के साथ पूर्ण होता है। जनपद का सुप्रसिद्ध गणेशोत्सव बशीरगंज में बहराइच के राजा के दरबार में श्री गणपति पूजन महोत्सव समिति के तत्वाधान में मनाया जाता है।

# साफ-सफाई के अभाव में मुहल्लावासियों की उड़ी नींद, बढ़ रहा है संक्रमण का दायरा



गोण्डा ,समृद्धि न्यूज़।

जनपद में जहां कुछ जगहों पर संक्रमण जनित रोग अपना दायरा बढ़ा रहे हैं वहीं जनपद गोन्डा के नगर पालिका क्षेत्र सुभाष नगर वार्ड नम्बर 22 जिम्मेदारों के भेदभाव रवैए का दंश झेल रहा है।

नालियों की सफाई सप्ताह से साफ नहीं हुई है यही नहीं जहां मच्छरों का आतंक चरम सीमा पर है न कोई मच्छर की दवा का छिड़काव न ही साफ सफाई हो रही है मोहल्ला निवासियों के घरों के पास लगी घास खुद गवाही दे रही है कि मैं कितने दिनों से लगी हूं और मच्छरों को पाल रही हूं। यही नहीं पंकज के घर से लेकर विजय के घर तक तो साफ-सफाई को लेकर सौतेला व्यवहार किया जाता है। नालियों में कूड़ा भरा है,गंदगी और घास लगी है लेकिन जिम्मेदार सिर्फ नजर बचा कर चले जाते हैं। स्थानीय अन्य कई लोगों का भी आरोप है कि कुछ जगहों पर सफाई की जाती है और अन्य जगहों को छोड़ कर गायब हो जाते हैं। इस तरह का सौतेला व्यवहार हो रहा है कि झाड़ू तक लगाने नहीं आते हैं। जबकि इस समय मच्छर जनित संक्रमण से नगर के आस-पास क्षेत्रों के लोग परेशान हैं तो वहीं हाल ही में मिली जानकारी के अनुसार इटियाथोक क्षेत्र में डायरिया संक्रमण से कई बच्चे ग्रस्त है जिसका जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने संज्ञान लेकर बताया कि जो सूचना मिल रही है मौके पर साफ-सफाई हेतु टीमें लगाई गई है और खंड विकास अधिकारी मौके पर पहुंचे हैं तथा मेडिकल टीम ने लोगों से बातचीत की है और रोगियों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

# फाइलेरिया से बचाव में दवा ही सहारा : सीएमओ



बहराइच, समृद्धि न्यूज़।

फाइलेरिया उन्मूलन हेतु चलाए जा रहे मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन (एमडीए) अभियान को लेकर शासन ने एक महत्वपूर्ण घोषणा की है। यह अभियान 10 अगस्त, 2024 से शुरू हुआ था और अब अपने अंतिम चरण में है। कुछ क्षेत्रों में अत्यधिक बारिश और अन्य कारणों से अभियान को समय पर पूरा नहीं किया जा सका, जिसके चलते माप-अप राउंड चलाने का निर्णय लिया गया है।

इसके अंतर्गत 13 सितंबर, 2024 तक सभी छूटे हुए व्यक्तियों को दवा का सेवन कराना सुनिश्चित किया जाएगा। इस सम्बन्ध में अपर निदेशक मलेरिया/ वीबीडी ने सभी मुख्य चिकित्सा अधिकारियों को शासनादेश जारी कर निर्देशित किया है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ संजय शर्मा ने इस अभियान की महत्ता को समझाते हुए जनपद वासियों से अपील किया है कि फाइलेरिया जैसी गंभीर बीमारी से बचाव के लिए दवा का सेवन ही मात्र अंतिम विकल्प है। फाइलेरिया से बचाव की यह दवाएँ पूरी तरह से सुरक्षित हैं और अभी तक जनपद में 36.70 लाख से अधिक लोगों को यह दवाएं खिलाई जा चुकी हैं। उन्होंने बताया कि इस बीमारी में (लिम्फोडिमा) हाथ और पैरों व महिलाओं के स्तन में असामान्य सूजन आ जाती है। एक बार लक्षण आने के बाद इसका कोई इलाज नहीं है।**सुरक्षित हैं दवाएः** जिला फाइलेरिया नियंत्रण अधिकारी दीपमाला ने कहा कि डीईसी और एल्बेण्डाजोल दवाओं का कोई साइड इफेक्ट नहीं है।

लेकिन कुछ लोगों को दवा सेवन के बाद मतली, उल्टी, बुखार, खुजली और सिरदर्द जैसा अनुभव हो सकता है जो कुछ घंटों में स्वतः ठीक हो जाता है। यह इस बात का प्रतीक है कि व्यक्ति के अन्दर फाइलेरिया के सूक्ष्म परजीवी मौजूद हैं जो दवा सेवन के बाद नष्ट हो रहे हैं डीएम ने आम जनता से अपील की कि यह अंतिम अवसर है। जिन लोगों ने अभी तक दवाओं का सेवन अवश्य कर लें।

# सिसैया चूड़ामणि में पकड़ा गया एक और भेड़िया



बहराइच, समृद्धि न्यूज़।

जिले में आम लोगों के लिए आतंक का पर्याय बने एक और भेड़िया वन विभाग के पिंजरे में कैद हो गया। उसे रेंज कार्यालय लाया गया है। एक और भेड़िया के पकड़े जाने से वन विभाग के साथ गांव के लोगों ने राहत की सांस ली है। महसी तहसील क्षेत्र के ग्राम पंचायत सिसैया चूड़ामणि गांव में वन विभाग ने भेड़िया को पकड़ने के लिए पिंजरा और जाल लगाया था। मंगलवार सुबह छह बजे के बाद एक भेड़िया पहले जाल में फंस गया। इसके बाद वह पिंजरे में कैद हो गया।

उसे वनकर्मियों ने कब्जे में लिया। इसके बाद रेंज कार्यालय लेकर आए। डीएफओ अजीत प्रताप सिंह ने बताया कि एक भेड़िया पिंजरे में कैद हुआ है। उसे रेंज कार्यालय लाया जा रहा है। डिप्टी रेंजर दीपक सिंह ने बताया कि भेड़िया मादा है। उसकी उम्र पांच वर्ष के आसपास है।

### अब तक पकड़े गए पांच भेड़िये

वन दरोगा अमित कुमार वर्मा ने बताया कि चार भेड़िया पहले ही पकड़े जा चुके हैं। मंगलवार सुबह पकड़े गए भेड़िया को मिलाकर कुल पांच पकड़े गए हैं। इनमें एक भेड़िये की मौत हो चुकी है। भेड़िया होशियार ड्रोन पास जाता तो हरकत में आ जाते थे मुख्य वन संरक्षक रेणु सिंह ने बताया जिस भेड़िए को पकड़ा गया है वह मादा भेड़िया है। इसे किसी जू में भेजा जाएगा इससे पहले जो चार भेड़िए पकड़े गए हैं उनमें दो नर और दो मादा हैं। वन विभाग और ग्रामीणों का कहना है कि अब जो 6वा भेड़िया बचा है वह लंगड़ा है। क्योंकि अब वह अकेला बचा है इसलिए जल्द बाहर आने की उम्मीद है ऐसे में वन विभाग ने अपना ऑपरेशन तेज कर दिया है।

### चार भेड़िए भी 2 किलोमीटर के दायरे में पकड़े गए

वन विभाग के अफसरों ने बताया कि अब तक जो चार भेड़िए पकड़े गए हैं। वह भी हरवंशपुर और आसपास के 2 किलोमीटर इलाके में पकड़े गए हैं।

इसलिए वन विभाग की टीम ने यहां अपना बेस कैंप बनाया है। अफसरो का अनुमान है कि अब वह 6वा भेड़िया भी इसी इलाके में होगा। इसके चलते वहां जाल लगाए जा रहे है। आशंका इस बात की है कि अकेला होने की वजह से वह और खूंखार हो सकता है।

## राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ जिला कार्यसमिति को दिया विस्तार

**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।** मंगलवार को शहर के भानीरामका धर्मशाला में राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ बहराइच जिला कार्यकारिणी की महत्वपूर्ण बैठक हुई। जिसमें संगठन की जिला कार्यसमिति के विस्तार समेत अन्य आवश्यक निर्णय लिये गए। संगठन के जिलाध्यक्ष आनन्द मोहन मिश्र द्वारा जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ में तेज़तर्रार व ईमानदार, स्वच्छ छवि वाले पूर्व जिला महामंत्री कुमार अभय को राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ, बहराइच के जिला मंत्री पद का महत्वपूर्ण दायित्व तथा विकास खंड-नवाबगंज के ब्लॉक संगठन मंत्री सजल मिश्र को रिक्त पद के सापेक्ष जिला संयुक्त मंत्री पद की जिम्मेदारी सौंपते हुए हुए मनोनयन पत्र प्रदान दिया गया। बैठक में जिला महामंत्री उमेश चन्द्र त्रिपाठी ने नवनिर्वाचित पदाधिकारी द्वय को महासंघ की रीति-नीति से अवगत कराया।

**समस्या** — **ओ गंगा मैया अब ना छीनो मड़ैया...**

# नदी की कटान से परेशान ग्रामीणों ने की गंगा की पूजा



बहराइच, समृद्धि न्यूज़।

मोतीपुर तहसील क्षेत्र के जंगल से सटे गांव में घाघरा नदी कटान कर रही है। काटन ना रूकता देख गांव के लोगों ने चंदा एकत्रित कर गंगा मैया की पूजा की।

साथ ही उन्हीं से विनती करते हुए कटान रोकने की मांग की। घाघरा की कटान से गांव बचाने के लिए चंदा जुटाते खुद जुट गए हैं। इसको लेकर ग्रामीण पूजा आरती कर गंगा मैया की पूजा कर रहे हैं। किसान ओ घाघरा मैया अब तो ना छीनो मड़ैया की अरदास करते हुए कटान रोकने के लिए पूजा -पाठ का सहारा ले रहे हैं। मालूम हो कि चौधरी चरण सिंह गिरजा बैराज से छोड़े जा रहे पानी और घाघरा नदी उठ रहे तूफान से किनारे पर बसे गांवों के लोगों की धड़कनें बढ़ गई है। चौधरी चरण सिंह घाघरा बैराज से बहने वाली घाघरा नदी पिछले 4 वर्षों से लगातार कटान कर रही है इस समय भी नदी कटान कर रही है। ग्रामीणों ने कई बार सिंचाई विभाग से बांध और ठोकर के निर्माण की मांग की जनवरी माह से मौरहव गांव में ठोकर का निर्माण कार्य 1800 मीटर तक चालू हुआ, लेकिन जून माह से आ रहे लगातार बाढ़ के चलते ठोकर को भी भारी नुकसान पहुंचा है। जिसमें कई जिओ बैग भी घाघरा नदी के तेज बहाव से बह गए। मौरहवा गांव से कुछ दूरी पर स्थित दूधनाथ पुरवा ,तुलसी पुरवा ,गुप्ता पुरवा, कालिका पुरवा,नई बस्ती ,प्रेम नगर सहित कई गांवों को अपने में समाहित कर चुकी है। ग्रामीणों के मुताबिक उन्होंने कई बार जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों से गुप्ता पुरवा गांव के निकट ठोकर और बांध के निर्माण की मांग की है, लेकिन अभी तक निर्माण नहीं हो पाया है। ऐसे में ग्रामीण घाघरा मैया को मनाने के लिए पूजा पाठ का सहारा लिया है। इस दौरान गंगा दास बाबा ,सुब्रती ,बब्बन दास,राजेश ,मीरा ,गुलैती देवी ,आशा ,रीता ,सुनीता ,हीरा माझी ,रूपलाल ,शंभू ,गोविंद के साथ काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

# ब्रह्माकुमारी संस्था के नए सेवा केंद्र का हुआ भूमि पूजन



बहराइच, समृद्धि न्यूज़।

प्रजापिता ईश्वरीय विश्वविद्यालय का नया सेवा केन्द्र का भूमि पूजन एवम् शिलान्यास हुआ।मुख्य अतिथि एमएलसी डॉ प्रज्ञा त्रिपाठी, विशिष्ट अतिथि पूर्वांचल जोन प्रभारी बनारस की पावन भूमि से पधारी राजयोगिनी बी. के. सुरेंद्र दीदी रहीं। अन्य अतिथियों में ईश्वर अवतरण भूमि माउंट आबू से पधारे राजयोगी बी के हरगोविंद,क्षेत्र प्रबंधक राजयोगी बी. के. दीपेन्द्र के द्वारा सेवा केंद्र के लिए भूमि पूजन एवम् शिलान्यास किया गया। जोन प्रभारी राजयोगिनी बी . के. सुरेंद्र दीदी ने सर्व प्रथम ब्राह्म बाबा को भोग स्वीकार कराया और बाबा का दिव्य ईश्वरीय संदेश देते हुए उपस्थिति अनुयाइयों व नगर वासियों को संबोधित करते हुए बोली कि यह दिव्य ईश्वरीय भूमि है जिससे पूरे विश्व का कल्याण होना है। इस भूमि से हर एक भाई बहन को उनकी आध्यात्मिक उन्नति को सहज उड़ान मिलेगी। मुख्य अतिथि एमएलसी डॉ प्रज्ञा त्रिपाठी काफी भावुक रहीं और संस्था के विषय में अपने स्मरण को व्यक्त किया। अपने संबोधन में सेवा केंद्र के निर्माण में हर संभव मदद का आश्वासन दिया। बहराइच सेवा केंद्र प्रभारी बी. के. साधना दीदी के द्वारा ओम् शान्ति का जयघोष कर अपने संबोधन में कहा कि जल्द ही नगर वासियों के लिए यह भवन बनाया जायेगा जिससे हर एक आत्मा को उसका जन्म सिद्ध अधिकार सतयुगी नई दुनिया का ईश्वरीय वर्षा मिल सके। इस अवसर पर काफी संख्या में संस्था से जुड़े अनुयाई एवम् स्थानीय निवासी उपस्थिति रहें।

## मणिपुर का जख्म

मणिपुर में भड़की हिंसा को एक साल से अधिक समय होने के बावजूद संकट के समाधान के गंभीर प्रयास होते नजर नहीं आ रहे हैं। राज्य सरकार के लगातार किए जा रहे दावे के बावजूद हिंसा थम नहीं रही है। आखिर कैसे कोई राज्य सरकार अपने नागरिकों के बीच लगातार जारी हिंसा, विस्थापन तथा सामान्य जीवन पर उपजे संकट के बावजूद निष्क्रिय नजर आती है। यह स्थिति डबल इंजन सरकार की तार्किकता को खारिज करती है। सबसे चिंता की बात यह है कि दोनों समुदायों के बीच संघर्ष का लाभ उग्रवादी तत्व उठाते नजर आ रहे हैं। उससे ज्यादा चिंताजनक यह कि वे अत्याधुनिक हथियारों का इस्तेमाल कर रहे हैं। हालात पर सरकार की कमजोर पकड़ के चलते म्यांमार सीमा में आवाजाही करने वाले चरमपंथी संगठनों को मणिपुर में अपना आधार मजबूत करने का मौका मिला है। जिन पर राज्य सरकार का हिंसा पर रोक लगाने के दावे का कोई असर होता नजर नहीं आता। तभी राष्ट्रविरोधी व चरमपंथी संगठनों को मजबूत आधार मिलने लगा है। दरअसल, जिन इलाकों में ज्यादा हिंसा हो रही है, वहां केंद्रीय सुरक्षा बलों की उपस्थिति को बढ़ाया जाना चाहिए था। यह बेहद चिंताजनक बात है कि चरमपंथी ड्रोन के जरिये बम व राकेटों से हमले कर रहे हैं। निस्संदेह, मणिपुर की हिंसा का देश-दुनिया में कोई अच्छा संदेश नहीं जा रहा है। ऐसे में राज्य सरकार राजधर्म का पालन करते नहीं दिखती। जिससे उसकी नीति-नीयत पर सवाल उठना लाजिमी है। दरअसल, सवाल केंद्र सरकार की कारगुजारियों को लेकर भी उठ रहे हैं। सवाल पूछे जा रहे हैं कि जब मौजूदा मुख्यमंत्री हिंसा शुरू हुए सवा साल बीत जाने के बाद भी हालात पर काबू नहीं कर पा रहे हैं तो केंद्र ने उनकी जगह सक्षम व्यक्ति को मौका क्यों नहीं दिया? अपने राजनीतिक व रणनीतिक उद्देश्यों के लिये भाजपा ने विगत में कई राज्यों में नेतृत्व परिवर्तन भी किये हैं।दरअसल, मणिपुर के मुद्दे पर विपक्ष भी लगातार केंद्र सरकार, खासकर प्रधानमंत्री पर हमलावर रहा है। सड़क से लेकर संसद तक प्रधानमंत्री के मणिपुर न जाने के मामले में सवाल उठाए जाते रहे हैं। कहा गया कि प्रधानमंत्री रूस व यूक्रेन के बीच जंग खत्म करने के लिये तो प्रयासरत रहे हैं, लेकिन अपने देश में मणिपुर समस्या के समाधान के प्रति उदासीन नजर आते रहे हैं। मणिपुर के मुद्दे पर उदासीनता तथा निष्क्रियता से उग्रवादियों को जड़ें जमाने का मौका मिल रहा है। जो कालांतर देश के लिये भी घातक साबित हो सकता है, क्योंकि ये हिंसा पूर्वोत्तर के अन्य राज्यों में भी असर दिखा सकती है। यही वजह है कि हाल की हिंसा के बाद मुख्यमंत्री बीरेन सिंह ने राज्य की क्षेत्रीय अखंडता की रक्षा के लिए केंद्र सरकार से कदम उठाने की मांग की है। इतना ही नहीं, उन्होंने केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों सहित एकीकृत कमान का प्रभार राज्य सरकार को सौंपने की बात भी कही है। निश्चित रूप से मैतई व कुकी समुदायों में जारी संघर्ष को समाप्त करने के लिये बातचीत शुरू करने की जरूरत है। सवाल उठे हैं कि राज्य में लोकसभा चुनाव में पार्टी की शिकस्त के बावजूद नेतृत्व परिवर्तन पर विचार क्यों नहीं किया गया? आखिर केंद्र व राज्य सरकार ने लंबे समय से स्थितियों को यूं ही क्यों चलने दिया? सवाल उठाये जाते हैं कि प्रधानमंत्री ने मणिपुर जाने का निर्णय क्यों नहीं लिया? मुख्यमंत्री बीरेन सिंह की दलील रही है कि प्रधानमंत्री ने गृहमंत्री को राज्य में भेजा और अपनी चिंता का उल्लेख स्वतंत्रता दिवस के भाषण में किया था।

# स्वामी विवेकानन्द का वो 11 सितंबर का दिन !

**डॉ. मयंक चतुर्वेदी**



**भारत से आए भगवाधारी 30 साल के युवा संन्यासी स्वामी विवेकानन्द ने शिकागो की धर्मसभा में जो बोला- अमेरिका के मेरे भाइयों और बहनों। बस, उनका यह कहना रहा कि फिर क्या था ! उनके कहे ये दो शब्द इतिहास के पन्नों में वो शब्द बन गए, जिसने आर्ट इंस्टीट्यूट ऑफ शिकागो को पूरे दो मिनट तक तालियों की गड़गड़ाहट से गूंजने पर मजबूर कर दिया और आज भी उस दिन की याद में विवेकानन्द को याद करते हुए विश्व भर में अनेकों स्थान पर भारतीय धर्म-दर्शन के मर्म को समझने का प्रयास होता है। स्वामी विवेकानंद ने आगे कहा- मुझे गर्व है कि मैं एक ऐसे देश से हूं, जिसने इस धरती के सभी देशों और धर्मों के सताए लोगों को अपने शरण में रखा है। आपने जिस स्नेह के साथ मेरा स्वागत किया है उससे मेरा दिल भर आया है, मैं आपको अपने देश की प्राचीन संत परंपरा की तरफ से धन्यवाद देता हूं। मैं आपको सभी धर्मों की जननी की तरफ से भी धन्यवाद देता हूं और सभी जाति, संप्रदाय के लाखों, करोड़ों हिंदुओं की तरफ से आभार व्यक्त करता हूं। मेरा धन्यवाद कुछ उन वक्ताओं को भी जिन्होंने इस मंच से यह कहा कि दुनिया में सहनशीलता का विचार सुदूर पूरब के देशों से फैला है।**

वैसे तो इतिहास की हर तरीख किसी न किसी खास विषय के लिए जानी जाती है, किंतु वो तारीख थी सन् 1893 में 11 सितम्बर की, जो सदैव के लिए भारत के अद्वैत वेदांत की आधुनिक युग में विजय पताका के लिए प्रसिद्ध हो गई है । भारत से आए भगवाधारी 30 साल के युवा संन्यासी स्वामी विवेकानन्द ने शिकागो की धर्मसभा में जो बोला- अमेरिका के मेरे भाइयों और बहनों। बस, उनका यह कहना रहा कि फिर क्या था ! उनके कहे ये दो शब्द इतिहास के पन्नों में वो शब्द बन गए, जिसने आर्ट इंस्टीट्यूट ऑफ शिकागो को पूरे दो मिनट तक तालियों की गड़गड़ाहट से गूंजने पर मजबूर कर दिया और आज भी उस दिन की याद में विवेकानन्द को याद करते हुए विश्व भर में अनेकों स्थान पर भारतीय धर्म-दर्शन के मर्म को समझने का प्रयास होता है।

स्वामी विवेकानंद ने आगे कहा- मुझे गर्व है कि मैं एक ऐसे देश से हूं, जिसने इस धरती के सभी देशों और धर्मों के सताए लोगों को अपने शरण में रखा है। आपने जिस स्नेह के साथ मेरा स्वागत किया है उससे मेरा दिल भर आया है, मैं आपको अपने देश की प्राचीन संत परंपरा की तरफ से धन्यवाद देता हूं। मैं आपको सभी धर्मों की जननी की तरफ से भी धन्यवाद देता हूं और सभी जाति, संप्रदाय के लाखों, करोड़ों हिंदुओं की तरफ से आभार व्यक्त करता हूं। मेरा धन्यवाद कुछ उन वक्ताओं को भी जिन्होंने इस मंच से यह कहा कि दुनिया में सहनशीलता का विचार सुदूर पूरब के देशों से फैला है। मुझे गर्व है कि मैं एक ऐसे धर्म से हूं, जिसने दुनिया को सहनशीलता और सार्वभौमिक स्वीकृति का पाठ पढ़ाया। हम सिर्फ सार्वभौमिक सहनशीलता में ही विश्वास नहीं रखते, बल्कि हम विश्व के सभी धर्मों को सत्य के रूप में स्वीकार करते हैं। मुझे गर्व है कि हमने अपने दिल में इजराइल की वो पवित्र यादें संजो रखी हैं, जिनमें उनके धर्मस्थलों को रोमन हमलावरों ने तहस-नहस कर दिया था, फिर उन्होंने दक्षिण भारत में शरण ली। मुझे गर्व है कि मैं एक ऐसे धर्म से हूं जिसने पारसी धर्म के लोगों को शरण दी, लगातार अब भी उनकी मदद कर रहा है। भाइयों, मैं आपको एक श्लोक की कुछ पंक्तियां सुनाना चाहूंगा, जिन्हें मैंने बचपन से स्मरण किया और दोहराया है और जो रोज करोड़ों लोगों द्वारा हर दिन दोहराया जाता है- 'रुचिनां वैचित्र्यादृजुकुटिलनानापथजुषाम नृणामेको गम्यस्त्वमसि पयसामर्णव इव...' इसका अर्थ यह है कि जिस तरह अलग-अलग स्रोतों से निकली विभिन्न नदियां अंत में समुद्र में जाकर मिल जाती हैं, उसी तरह मनुष्य अपनी इच्छा के अनुरूप अलग-अलग मार्ग चुनता है, जो देखने में भले ही सीधे या टेढ़े-मेढ़े लगें, परंतु सभी भगवान तक ही जाते हैं।

इसी भाषण में स्वामी विवेकानन्द आगे बोले, मुझे पूरी उम्मीद है कि आज इस सम्मेलन का शंखनाद सभी हठधर्मिताओं, हर तरह के क्लेश, चाहे वे तलवार से हों या कलम से, और सभी मनुष्यों के बीच की दुर्भावनाओं का विनाश करेगा। मौजूदा सम्मेलन जो कि आज तक की सबसे पवित्र सभाओं में से है, वह अपने आप में गीता में कहे गए इस उपदेश इसका प्रमाण है। जो भी मुझ तक आता है, चाहे कैसा भी हो, मैं उस तक पहुंचता हूं। लोग अलग-अलग रास्ते चुनते हैं, परेशानियां झेलते हैं, लेकिन आखिर में मुझ तक पहुंचते हैं। सांप्रदायिकता, कट्टरता और इसके भयानक वंशजों के धार्मिक हठ ने लंबे समय से इस खूबसूरत धरती को जकड़ रखा है। उन्होंने इस धरती को हिंसा से भर दिया है और कितनी ही बार यह धरती खून से लाल हो चुकी है। न जाने कितनी सभ्याताएं तबाह हुईं और कितने देश मिटा दिए गए। यदि ये खौफनाक राक्षस नहीं होते तो मानव समाज कहीं ज़्यादा बेहतर होता, जितना कि अभी है। लेकिन उनका वक्त अब पूरा हो चुका है। मुझे उम्मीद है कि इस सम्मेलन का बिगुल सभी तरह की कट्टरता, हठधर्मिता और दुखों का विनाश करने वाला होगा। चाहे वह तलवार से हो या फिर कलम से। वस्तुतः इन शब्दों ने ये साफ कर दिया कि वे उस देश से आते हैं जहां वसुधैव कुटुम्बकम् सनातन धर्म का मूल संस्कार और विचारधारा है। जिसमें पूरी दुनिया एक परिवार है। जिस वक्त ब्रिटेन समेत चर्च के माध्यम से ये बताने का प्रयास हो रहा था कि भारत सपेरों, जादू-टोना करनेवालों, अनपढ़-गंवारों का देश है। अंग्रेज और ईसाई मिशनरी के माध्यम से वहां जाकर भारत के लोगों को सभ्य बनाने का काम किया जा रहा है। निचित ही जो स्वामी विवेकानन्द ने बोला, उस सभा में बैठे हुए सभी 7000 लोगों को यह सोचने पर विवश कर रहा था कि जैसी तस्वीर भारत की हमें बताई जा रही थी, उससे पूरी तरह से भिन्न और आध्यातमिक शिखर पर कई गुना हमारी सभ्यता और संस्कृति से उन्नत भारत है, इसलिए वे स्वामी विवेकानंद के इन शब्दों से मंत्र-मुग्ध हो जाते हैं। आगे स्वामी विवेकानन्द की यात्रा सिर्फ अमेरिका को ही नहीं संपूर्ण यूरोप को भारत के आध्यात्म और अद्वैत वेदान्त की उदात्त शिक्षाओं का ज्ञान प्राप्त करने के लिए प्रेरित करती हुई दिखाई देती है। वो 11 सितम्बर की तारीख ही थी जिसने भारत के प्रति उन तमाम नेरेटिव को ध्वस्त कर दिया जोकि चर्च और तमाम कैथोलिक और प्रोटेस्टेंट चर्च तत्कालीन समय में बना रह थे। कहना होगा कि स्वामी विवेकानन्द की शिकागो यात्रा अब इतिहास में प्रसिद्ध हो चुकी थी, न केवल ये यात्रा बल्कि उसके बाद उनकी सभी यात्राओं ने भारत की आध्यात्मिकता और वेद वाक्यों को पूरी दुनिया की नजर में आधुनिक सोच के साथ पुनः स्थापित करने का काम कर दिया, जिसकी अनन्त यात्रा के साक्षी आज हम और आप 21 वीं सदी वर्ष 2024 में भी हैं।

## विचार

# धान की खेती से गहराया पंजाब-हरियाणा में जल संकट

**डॉ. सत्यवान सौरभ**



पंजाब और हरियाणा में धान की कृषि भारत की खाद्य सुरक्षा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है, परंतु जल पर अत्यधिक निर्भरता के कारण यह असंधारणीय होती जा रही है। धान की कृषि के कारण भूजल का अत्यधिक दोहन होने से इस क्षेत्र में गंभीर जल संकट उत्पन्न हो गया है। हरियाणा में 88 जल इकाइयों को अत्यधिक दोहन वाली श्रेणी में रखा गया है। इस समस्या से निपटने के लिए कृषि और जल संसाधनों दोनों की सुरक्षा हेतु तत्काल सुधार की आवश्यकता है।

पंजाब और हरियाणा में धान की खेती के लिए अत्यधिक सिंचाई की आवश्यकता होती है, जिससे भूजल स्तर में भारी कमी हुई है। केंद्रीय भूजल बोर्ड द्वारा 2023 में किए गए एक अध्ययन में पाया गया कि धान की खेती के लिए अत्यधिक जल दोहन के कारण पंजाब के 87 प्रतिशत ब्लॉकों का अति दोहन किया गया। धान की खेती में प्रति किलोग्राम चावल के लिए लगभग 4,000-5,000 लीटर जल की खपत होती है, जिससे क्षेत्र के जल संसाधनों पर बहुत ज़्यादा दबाव पड़ता है। इसकी तुलना में बाजरे को प्रति किलोग्राम केवल 500 लीटर जल की आवश्यकता होती है, जो जल की आवश्यकताओं में भारी अंतर और धान की खेती की असंधारणीय प्रकृति को दर्शाता है। ट्यूबवेल के लिए दी जाने वाली मुफ्त बिजली ने भूजल के अनियंत्रित दोहन को बढ़ावा दिया है, जिससे यह संकट और भी बढ़ गया है।

पंजाब के किसानों को वर्ष 2023-24 में बिजली, नहर के पानी और उर्वरक के लिए 38,973 रुपये प्रति हेक्टेयर की सब्सिडी मिली, जिससे भूजल का निरंतर रूप से अतिदोहन हो रहा है। धान की खेती के कारण बढ़ता जल तनाव ,जलवायु परिवर्तन के कारण और भी अधिक हो गया है, अनियमित वर्षा के कारण जलभृतों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। पंजाब और हरियाणा के जल स्तर में तेजी से हो रही गिरावट से कृषि की दीर्घकालिक व्यवहार्यता को खतरा है।

धान की खेती एकल फसल प्रणाली को बढ़ावा देती है, जिससे जैव विविधता कम होती है और मृदा के पोषक तत्व कम होते हैं, जिससे कृषि संधारणीयता में कमी आती है। अध्ययनों के अनुसार फसल चक्रण से मिट्टी की गुणवत्ता में सुधार होता है परंतु धान की खेती ऐसी विविधता को हतोत्साहित करती है। जल की अधिक माँग के कारण रासायनिक उर्वरकों का उपयोग भी बढ़ जाता है, जिससे मृदा की गुणवत्ता और भी खराब हो जाती है तथा जल स्रोत प्रदूषित हो जाते हैं। बाढ़ सिंचाई, धान की खेती में प्रयुक्त होने वाली एक प्रमुख विधि है, जिससे वाष्पीकरण और अपवाह के माध्यम से जल की बहुत बर्बादी होती है। निरंतर धान की खेती से मृदा लवणता बढ़ जाती है, जिससे कृषि भूमि की उत्पादकता कम हो जाती है और यह अन्य फसलों के लिए कम उपयुक्त हो जाती है। धान के खेत, ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन में महत्वपूर्ण योगदान देते हैं, विशेष रूप से मीथेन के उत्सर्जन में जो जलवायु परिवर्तन को बढ़ाता है और दीर्घकालिक कृषि व्यवहार्यता को प्रभावित करता है। धान की खेती प्रति हेक्टेयर पांच टन कार्बोडीऑक्सीडे समतुल्य हानिकारक गैस उत्पन्न करती है , जो इसे कृषि उत्सर्जन में एक प्रमुख योगदानकर्ता बनाती है। दालों, तिलहनों और बाजरा जैसी कम जल की खपत वाली फसलों की खेती को प्रोत्साहित करने से जल का उपयोग काफी कम हो सकता है और संधारणीयता में सुधार हो सकता है। पंजाब की 2024 की योजना धान को छोड़कर वैकल्पिक फसलों को उगाने के लिए 17,500 रुपये प्रति हेक्टेयर प्रोत्साहन की पेशकश करती है , जिसका उद्देश्य विविधीकरण को प्रोत्साहित करना है। किसानों को प्रोत्साहित करने के लिए धान से अन्य संधारणीय फसलों पर सब्सिडी को पुनर्निर्देशित करना आवश्यक है। डायरेक्ट सीडिंग ऑफ राइस और सूक्ष्म सिंचाई प्रणालियों जैसी प्रथाओं को बढ़ावा देने से पैदावार को बनाए रखते हुए जल संरक्षण में मदद मिल सकती है। एमएसपी और खरीद कार्यक्रमों के माध्यम से दालों और तिलहन जैसी फसलों के लिए बाजार आश्वासन सुनिश्चित करने से किसानों के धान के अलावा अन्य फसलों को उगाने का डर , कम हो सकता है। भारतीय खाद्य निगम ने वर्ष 2023 में पंजाब का 92.5 फीसद चावल खरीदा, इसी तरह के तंत्र वैकल्पिक फसलों को उगाने की प्रथा को बढ़ावा दे सकते हैं। फसल विविधीकरण और जल-बचत प्रथाओं के लाभों के संबंध में किसानों को शिक्षित करने से दीर्घकालिक परिवर्तन को बढ़ावा मिल सकता है। केंद्र और राज्य सरकारों के बीच समन्वित प्रयास , पुनर्गठित सब्सिडी , जल-कुशल प्रथाओं और बाजार आश्वासन पर ध्यान केंद्रित करके, पंजाब और हरियाणा को सतत कृषि की ओर उन्मुख किया जा सकता है। इस तरह के सुधार कृषि उत्पादकता को पर्यावरण संरक्षण के साथ संतुलित करेंगे, क्षेत्र के जल संसाधनों को सुरक्षित करेंगे और इसके कृषक समुदायों के भविष्य को सुनिश्चित करेंगे।

**(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)**

## पैरा खिलाड़ी भी महानायक

पेरिस पैरालंपिक खेल महाकुंभ, 2024 भी सम्पन्न हुआ, लेकिन भारत के लिए यादगार बन गया। भारतीय पैरा खिलाड़ियों ने कीर्तिमानों, उपलब्धियों और पदकों के 'अभूतपूर्व अध्याय' रच दिए। 2020 के टोक्यो पैरालंपिक में भारत ने 5 स्वर्ण पदक समेत कुल 19 पदक हासिल किए थे, लेकिन इस बार 10 अधिक पदक जीते हैं। ये खिलाड़ी सामान्य प्राणी नहीं हैं। वे दिव्यांग हैं, आधे-अधूरे और असहाय हैं, लेकिन उनके भीतर करिश्मों वाला कोई फरिश्ता मौजूद है।

विकलांग होने के बावजूद उन्होंने दिव्यता के साथ सफलताएं अर्जित की हैं, नतीजतन भारत पहली बार 20 शीर्ष देशों की जमात में शामिल हुआ है। पेरिस पैरालंपिक में भारत 7 स्वर्ण, 9 रजत, 13 कांस्य पदक, यानी कुल 29 पदक जीत कर 18वें स्थान पर रहा है। चुनौतियां और मुकाबले पैरा खिलाड़ियों के लिए भी उतने ही कांटेदार थे, जितने सामान्य अंगी, सशक्त, मजबूत ओलंपिक खिलाड़ियों के लिए थे, लेकिन ओलंपिक में झोली 'स्वर्णहीन' रही, एक रजत और 5 कांस्य, यानी कुल 6 पदक ही हम जीत सके और 71वें स्थान पर रहे। हमने उस प्रदर्शन का भी अभिनंदन किया और देश भर में खिलाड़ियों के सम्मान किए गए। करोड़ों के इनाम घोषित किए गए। भारत ने अपने खिलाड़ियों को सिर-आंखों पर बिठाना सीख लिया है। हालांकि सफलता, उपलब्धियों और राष्ट्रीय सम्मान की आपसी तुलना नहीं की जा सकती, लेकिन पैरालंपिक में निशानेबाज अवनी लेखरा और भाला फेंक में सुमित अंतिल की दोहरी स्वर्णिम उपलब्धि को नजरअंदाज कैसे किया जा सकता है? दोनों टोक्यो पैरालंपिक के चैम्पियन थे और इस बार भी चैम्पियन बने हैं। सुमित ने 70.59 मीटर की दूरी तक भाला फेंक कर विश्व रिकॉर्ड भी कायम किया है। वह नीरज चोपड़ा का ही संस्करण लगता है। इसी श्रेणी में तीरंदाजी में हरविन्दर सिंह, बैडमिंटन में नितेश कुमार, ऊंची कूद में प्रवीण कुमार, क्लब थ्रो में धर्मबीर और छोटे कद वाले, भाला फेंक खिलाड़ी नवदीप सिंह ने स्वर्णिम सफलताएं हासिल कर सोचने को बाध्य कर दिया है कि ये दिव्यांग खिलाड़ी देश के 'महानायक' क्यों नहीं हैं? वे भी 'तिरंगाधारक' और 'जन गन मन..' की वैश्विक गूंज हैं। वे ओलंपिक पदकवीरों की तरह लोकप्रिय और राष्ट्रीय सम्मान के पात्र क्यों नहीं हैं? उनकी सार्वजनिक पहचान ऐसी क्यों नहीं है कि उन्हें भी 'कौन बनेगा करोड़पति' जैसे लोकप्रिय मंचों पर आमंत्रित कर सम्मानित किया जाए? कमोबेश देश देखे कि किन योद्धाओं ने विकलांगता से लड़ कर अंतरराष्ट्रीय गौरव हासिल किया है।

## कविता



*-: सुरमई सांझ:-*

झूम रहे
मदमस्त
कतार बद्ध
ताड़ के पेड़ पड़ रही पहली
फुहार आषाढ़ की।
लहरा रहा गुलाबी छोर हवा का,
आंखें खोलकर देख रही
कली गुलाब की,
टपक रही होगी छत किसी गरीब की।
घोसलों से ताक रहे दंपत्ति,
सोंच रहे कल के लिए
जुगाड़ दाने का।
मिट गई है प्यास धरती की,
प्रकट हो रहा है प्रेम
बादलों का अपनी
प्रेमिका के प्रति,
उसके कपोलों पर
बूंदें चुह-चुहा आयी हैं,
ठहर गयी है अधरों पर
मद्धिम हंसी।
भीग रहे हैं बच्चे बारिश में,
खेल रहे हैं बना रहे हैं
घरोंदे मिट्टी के,
बहा रहे हैं नाव कागज की
छिपुले पानी में।
किसान कल से खेतों में
रोपने लगेंगे धान।
हां सुरमई हो गई है सांझ।

**...सत्येन्द्र कुमार मिश्र**
**असिस्टेंट प्रोफेसर (हिंदी विभाग), दुर्गा नारायण पीजी कॉलेज फतेहगढ़ फर्रुखाबाद**



## राशिफल

**मेषः-** आज सावधानी बरतने की सलाह गणेशजी आपको देते हैं। संभव हो तो सरकार विरोधी कार्य से दूर रहिएगा। दुर्घटना से भी बचकर चलिएगा।

**वृषभः-** आपको रुचिकर मित्रों और स्वजनों के साथ घूमने-फिरने से आनंद-उल्लास प्राप्त होगा। सुंदर वस्त्राभूषण और भोजन का अवसर भी आपको प्राप्त होगा, परंतु मध्याह्न के बाद स्वास्थ्य संभालने की ओर सावधानी बरतने की गणेशजी सलाह देते हैं।

**मिथुनः-** आपको रुचिकर मित्रों और स्वजनों के साथ घूमने-फिरने से आनंद-उल्लास प्राप्त होगा। सुंदर वस्त्राभूषण और भोजन का अवसर भी आपको प्राप्त होगा।

**कर्क :-** गणेशजी कहते हैं कि भविष्य के लिए आर्थिक योजना बनाने के लिए समय अच्छा है। एकाग्रतापूर्वक कार्य करने से कार्य में सफलता अवश्य मिलेगी।

**सिंहः-** आज आप शारीरिक और मानसिक रूप से अस्वस्थ रहेंगे। माता के स्वास्थ्य को लेकर चिंता रहेगी। आर्थिक रूप से हानि हो सकती है। फिर भी मध्याह्न के बाद आप आर्थिक योजनाओं पर विचार कर सकते हैं।

**कन्या :-** गूढ़ रहस्य और आध्यात्मिकता के प्रति आपका अधिक आकर्षण रहेगा। गणेशजी के आशीर्वाद से आपको आर्थिक रूप से लाभ होने की संभावना है।

**तुला :-** गूढ़ रहस्य और आध्यात्मिकता के प्रति आपका अधिक आकर्षण रहेगा। गणेशजी के आशीर्वाद से आपको आर्थिक रूप से लाभ होने की संभावना है।

**वृश्चिकः-** गूढ़ रहस्य और आध्यात्मिकता के प्रति आपका अधिक आकर्षण रहेगा। गणेशजी के आशीर्वाद से आपको आर्थिक रूप से लाभ होने की संभावना है।

**धनु :-** गूढ़ रहस्य और आध्यात्मिकता के प्रति आपका अधिक आकर्षण रहेगा। गणेशजी के आशीर्वाद से आपको आर्थिक रूप से लाभ होने की संभावना है।

**मकर :-** सामाजिक रूप से ख्याति प्राप्त होने से आज व्यावसायिक, आर्थिक तथा सामाजिक रूप से लाभदायी दिन है। मध्याह्न के बाद सावधानी बरतने की सलाह गणेशजी देते हैं।

**कुंभः-** आपका मान-सम्मान बढ़ेगा और धनलाभ होने के संकेत गणेशजी आपको देते हैं। प्रत्येक कार्य सरलतापूर्वक संपन्न होगा।

**मीनः-** व्यवसायी और व्यापारीवर्ग के लिए प्रातरूकाल का समय अनुकूल नहीं है, ऐसा गणेशजी कहते हैं। ऊपरी अधिकारी तथा प्रतिस्पर्द्धियों के साथ व्यर्थ चर्चा या विवाद न करिएगा।

# प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण में इंसानी अभिरुचि कम क्यों?

**डॉ. रमेश ठाकुर**



**सरकारी आंकड़ों पर गौर करें, तो जंगलों से करीब 7,204 मिलियन टन कार्बन स्टॉक अर्जित होता है जिसमें बीते 3 वर्षों में 79.4 मिलियन टन की वृद्धि दर्ज हुई है। कार्बन स्टॉक में वार्षिक वृद्धि 39.7 मिलियन टन बताई गई है। ये तब है जब कई राज्यों में वन सिमट गए हैं। दुख इस बात का है कि वनीय क्षेत्र में मानवीय हिमाकतें धड़ल्ले से जारी हैं, उन्हें रोका जाना चाहिए। क्षेत्रफल के हिसाब से, मध्य प्रदेश ही वन का सबसे बड़ा क्षेत्र है। इसके बाद अरुणाचल प्रदेश, छत्तीसगढ़, ओडिशा और महाराष्ट्र आते हैं। फिर शीर्ष पांच राज्यों में मिजोरम, अरुणाचल प्रदेश, मेघालय, मणिपुर और नगालैंड शामिल हैं। ये राज्य आज भी वन संपदा से लबरेज हैं। देश के यूटी राज्य तो वनहीन हैं। दिल्ली, चंडीगढ़ जैसे प्रदेशों में जंगलों का नामोनिशान तक नहीं हैं।**

वन संपदा हमारे जीवन में कुदरती उपहार है। इसलिए इसका संरक्षण करना मानव का पहला कर्तव्य है। राष्ट्रीय वन शहीद दिवस पर इस पर चिंतन करना जरूरी हो जाता है। यह दिवस उन वीरों को समर्पित होता है जिन्होंने भारतीय जंगलों और उसमें रहने वाले तमाम बेजुबान वन्यजीवों की सुरक्षा के लिए खुद को मिटा दिया। यह खास दिन हिंदुस्तान में सालाना 11 सितंबर को मनाया जाता है। वर्ष 2013 में केंद्रीय पर्यावरण, वन एंव जलवायु परिवर्तन मंत्रालय ने विशेष रूप से इस तिथि को चुना था। इसे 1730 में हुए ऐतिहासिक 'खेजरली नरसंहार' के साथ भी जोड़ा जाता है। ताकि लोग उस घटना को याद कर सकें।

खेजड़ली नरसंहार भारतीय इतिहास की एक ऐसी घटना है जिसे कोई भूल नहीं सकता। घटना बिश्नोई समुदाय से जुड़ी है जिनके सदस्यों ने मारवाड़ साम्राज्य में पेड़ों की रक्षा के लिए अपने प्राणों की बलि दे दी थी। उनके 363 सदस्यों ने महाराजा अभय सिंह राठौर के आदेश पर खेजड़ी के पेड़ों को कटने से बचाने के लिए अपने प्राण न्योछावर कर दिए थे। पेड़ों के प्रति उनका ऐसा बलिदान, जिसे सुनकर लोगों की आज भी रूह कांप उठती है।

वनों की मौजूदा स्थिति पर गौर करें तो करीब एक तिहाई जंगली हिस्सा इंसानों ने अपनी जरूरतों के लिए रौंद दिया है। भारत में वनों और वृक्षों का कुल भौगोलिक क्षेत्रफल अब 7,13,789 वर्ग किलोमीटर है जिसमें 2.91 प्रतिशत क्षेत्र में वृक्ष की बहुतायत है। आज का खास दिन जनमानस को वन संपदा और जंगली जानवरों की रक्षा के लिए जागरूक करने को समर्पित है। क्योंकि जिस हिसाब से वनों की कटाई और जानवरों की तस्करी हो रही है, उससे लगता है कि आने वाली पीढ़ियां कहीं इन कुदरती उपहारों से वंचित न हो जाएं। तभी ये दिवस हमारे प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण के महत्व की तरह मार्मिक याद दिलाता है। साथ ही उन वन रक्षकों, रेंजरों और अधिकारियों-कर्मचारियों को श्रद्धांजलि भी देता है जो भारतीय वनों के संरक्षण-संरक्षण के लिए अपना सारा जीवन समर्पित कर चुके हैं और कर रहे हैं।

सरकारी आंकड़ों पर गौर करें, तो जंगलों से करीब 7,204 मिलियन टन कार्बन स्टॉक अर्जित होता है जिसमें बीते 3 वर्षों में 79.4 मिलियन टन की वृद्धि दर्ज हुई है। कार्बन स्टॉक में वार्षिक वृद्धि 39.7 मिलियन टन बताई गई है। ये तब है जब कई राज्यों में वन सिमट गए हैं। दुख इस बात का है कि वनीय क्षेत्र में मानवीय हिमाकतें धड़ल्ले से जारी हैं, उन्हें रोका जाना चाहिए। क्षेत्रफल के हिसाब से, मध्य प्रदेश ही वन का सबसे बड़ा क्षेत्र है। इसके बाद अरुणाचल प्रदेश, छत्तीसगढ़, ओडिशा और महाराष्ट्र आते हैं। फिर शीर्ष पांच राज्यों में मिजोरम, अरुणाचल प्रदेश, मेघालय, मणिपुर और नगालैंड शामिल हैं। ये राज्य आज भी वन संपदा से लबरेज हैं। देश के यूटी राज्य तो वनहीन हैं। दिल्ली, चंडीगढ़ जैसे प्रदेशों में जंगलों का नामोनिशान तक नहीं हैं।

भारत के टाइगर रिजर्व, कॉरिडोर और शेर संरक्षण क्षेत्र में जिन तकनीकों से वनावरण किया जा रहा है, ये तकनीक अभी तक सफल रही है। देश में वन और वृक्ष संसाधनों पर बनी पुरानी नीतियों, योजनाओं को दीर्घकालिक प्रबंधन में तब्दील करके नई धार देने की आवश्यकता है। वनों की रक्षा डिजिटल और आधुनिक किए जाने की दरकार है। मानव जीवन में वनों की महत्वपूर्ण भूमिका और उसकी सुरक्षा कैसे की जाए, इसकी आज ज्यादा से ज्यादा जागरुकता फैलाने की दरकार है। केंद्रीय वन मंत्रालय द्वारा आज विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों और सामाजिक संगठनों के लिए जो कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, उनमें लोगों को बताना चाहिए कि उनके अभियान से आमजन कैसे जुड़े और कैसे अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन करें, क्योंकि बिना जागरुकता लाए, सफलता नहीं मिल सकती। गांव-देहातों की पाठशाला, स्कूल, कॉलेज और सामुदायिक केंद्रों में वनों के महत्व, वन्यजीव संरक्षण और वन शहीदों द्वारा किए गए बलिदान के विषय में युवा पीढ़ी को नियमित रूप से शैक्षिक कार्यक्रम, सेमिनार और कार्यशालाओं के जरिए जागरूक करते रहना चाहिए। मात्र एक दिनी जागरूक कार्यक्रम से बात नहीं बनने वाली। सरकारी स्तर पर पौधरोपण अभियान तो पूरे साल ही चलते रहना चाहिए। हम सभी को अपने बच्चों के साथ प्रकृति से जुड़ने, उसकी सुंदरता को करीब से निहारने और प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण के महत्व पर विचार करने के लिए नजदीकी वन, राष्ट्रीय उद्यान या वन्यजीव अभयारण्य में साल में किसी एक दिन जरूर जाना चाहिए।

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशकः** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं कार्यालय 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी*) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही मान्य होंगे। आरएनआई न . UPHIN/2013/55887

# सड़क हादसे में दो की मौत, वन दरोगा सहित पांच घायल

**महोबा, समृद्धि न्यूज।**

महोबा, जिले में तेज रफ्तार का कहर थमने का नाम नहीं ले रहा सोमवार देर शाम हुए भीषण सड़क हादसे में दो लोगों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई जबकि वन दरोगा सहित पांच अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

हादसे की सूचना पर पहुँची पुलिस ने सभी घायलों को एम्बुलेंसों की मदद से इलाज के लिए सीएचसी चरखारी में भर्ती कराया है। जबकि मृतकों के शवों का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम को भेज अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी है। दरअसल घटना चरखारी कोतवाली कस्बा क्षेत्र के जरौली तिराहे के पास की है जहां वन दरोगा पुष्पेंद्र अपने चार अन्य साथियों के साथ देर शाम बोलेरो कार में सवार होकर खरेला की तरफ जा रहा था तभी चरखारी मुस्कुरा रोड के जरौली तिगैला के पास तेज रफ्तार बोलेरो कार अचानक अनियंत्रित हो गई और कार ने पहले सड़क किनारे खड़े रिवई गांव के रहने वाले राजेंद्र को टक्कर मारी और फिर पास में ही चरखारी कस्बा के शेखन फाटक मुहल्ला के रहने वाले सुरेन्द्र की पत्नी गायत्री को कुचल दिया हादसे में गायत्री की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई जबकि तेज रफ्तार बोलेरो कार अनियंत्रित होकर पलटने से कार सवार खरेला कस्बा के रहने वाले दशरथ की भी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। हादसे में वन दरोगा पुष्पेंद्र,राकेश,श्याम जी,राजेंद्र और सड़क किनारे शौच कर रहा बच्चा ऋतिक घायल हो गए। हादसे की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस द्वारा राहगीरों और एंबुलेंस की मदद से सभी को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चरखारी पहुंचाया गया।



जहां तैनात डॉक्टर ने चिकित्सीय परीक्षण उपरान्त गायत्री और दशरथ को मृत घोषित कर दिया जबकि प्राथमिक उपचार के बाद वन दरोगा पुष्पेंद्र, राकेश, श्याम जी, राजेंद्र और घायल बच्चे ऋतिक को जिला अस्पताल रेफर कर दिया है। पुलिस ने दोनों मृतकों के शवों का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम को भेज अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी है। दर्दनाक सड़क हादसे में मृतकों के परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।

## नाबालिक से यौन उत्पीड़न करने वाले वांछित अभियुक्त को दबोचा

**महोबा।** पुलिस अधीक्षक अपर्णा गुप्ता के निर्देशन में जनपद महोबा में आगामी त्यौहारों के दृष्टिगत अपराध की रोकथाम हेतु आपराधिक घटनाओं को अंजाम देने वाले अभियुक्तों के विरुद्ध चलाये जा रहे सघन चेकिंग/गिरफ्तारी अभियान के अनुपालन में आज अपर पुलिस अधीक्षक वन्दना सिंह व क्षेत्राधिकारी चरखारी रविकान्त गौड़ के निकट पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष गणेश कुमार द्वारा गठित टीम के उप निरीक्षक अनूप कुमार पाण्डेय के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत 01 नफर वांछित अभियुक्त भारत पुत्र रघुनाथ कुशवाहा उम्र करीब 19 वर्ष निवासी ग्राम बैहारी थाना चरखारी जनपद महोबा को काकुन रिवई रोड यात्री प्रतीक्षालय के पास से नियमानुसार गिरफ्तार किया गया।

# घर के बाहर व्यापारी की गोली मारकर की हत्या

**महोबा, समृद्धि न्यूज।**

जिले में आपराधिक घटनाये अब थमने का नाम नहीं ले रहीं है द्य कस्बा चरखारी में पुलिस से बेख़ौफ़ दबंगों ने व्यापारी की अवैध तमंचे से गोली मारकर नृशंश हत्या कर दी । देर रात हुए हत्याकांड की सनसनीखेज वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए द्य कस्बे के बाहर 45 वर्षीय व्यक्ति की हत्या की वारदात से परिजनों में कोहराम मच गया। वहीं पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों की तलाश में जट गई है।



प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना चरखारी के मोहल्ला बजरिया के बड़ी माता मंदिर के पास रहने वाले व्यापारी अनिल चौरसिया बीती शाम कानपुर से घर आये हुए थे। घर के बाहर बने मंदिर में देर रात माथा टेकने जा रहे थे द्य वहीं पहले से घात लगाए खड़े दबंगों ने उन्हें अवैध तमंचे से सीने में गोली मार दी। जिससे वह बुरी तरीके से घायल हो गए मौके पर पहुंचे परिजन उन्हें आनन फानन में इलाज के लिए अस्पताल ले गए द्य जहां डॉक्टरों ने घायल अनिल चौरसिया को देखते ही मृत घोषित कर दिया घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए हैं द्य इस घटना का सीसीटीवी फुटेज सामने आने के बाद पुलिस जांच में जुट गई है और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है तो वहीं मौत की खबर से परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है। एएसपी ने बताया की पुलिस ने मृत ब्यापारी के शव को पंचनामा भर कर पोष्ट मार्टम के लिए भेजा है और प्रकरण की विवेचना की जा रही है।

# क्षेत्र पंचायत की बैठक में योजनाओं की ली जानकारी




**▸ बैठक समापन पर दिवंगत क्षेत्र पंचायत सदस्य स्व. मुन्नी देवी के लिए मौन व्रत रख शोक सभा आयोजित की गयी**

**पनवाड़ी, महोबा, समृद्धि न्यूज।**

जिले के विकासखंड पनवाड़ी ब्लॉक सभागार में ब्लॉक प्रमुख श्रीमती अंजना अनुरागी की अध्यक्षता में क्षेत्र पंचायत की बैठक संपन्न हुई। बैठक में कुल 78 में से 68 क्षेत्र पंचायत सदस्य सहित, ग्राम प्रधान, खण्ड विकास अधिकारी, खण्ड शिक्षा अधिकारी, विभिन्न विभागों के प्रतिनिधि सहित ब्लॉक के सभी अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में वर्ष 2023-24, 2024-25 आय-व्यय, कार्ययोजना पुष्टि, कार्य प्रगति, ब्लॉक के सभी क्षेत्रों के विकास का रोड मेप, ग्रामीण आवास, मनरेगा सहित विभिन्न महत्वपूर्ण योजनाओं पर विस्तृत जानकारी दी गयी। बैठक समापन पर दिवंगत क्षेत्र पंचायत सदस्य स्व. मुन्नी देवी के लिए मौन व्रत रख शोक सभा आयोजित की गयी।

बैठक के उपरांत हमारे द्वारा गणेश चतुर्थी एवं संतान शसमी पर्व उत्सव के उपलक्ष्य में सभी क्षेत्र पंचायत सदस्य साथियों को उपहार देकर शुभकामनायें प्रेषित कीं।

# दो दिवसीय अन्तर्विद्यालयी शतरंज प्रतियोगिता का आगाज

**कुलपहाड़, महोबा, समृद्धि न्यूज।**

**▸ शतरंज छात्रों के दिमाग को निखारता है: राकेश कुमार अग्रवाल**

नगर के रामरतन भुवनेश कुमार पब्लिक स्कूल में मंगलवार से दो दिवसीय अन्तर्विद्यालयी शतरंज प्रतियोगिता का आगाज हुआ। पहले दिन अंडर 13 व अंडर 17 आयु वर्ग में चार राउंड के मुकाबले खेले गए। जिसमें शतरंज प्रेमियों ने जोरदार प्रदर्शन किया। शतरंज चैम्पियन की शुरुआत जिला शतरंज संघ के महामंत्री अमित अग्रवाल ने दीप प्रज्ज्वलित कर की। इस अवसर पर जिला शतरंज संघ के अध्यक्ष राकेश कुमार अग्रवाल ने छात्रों से कहा कि शतरंज दिमाग को निखारने वाला खेल है। इस खेल से एकाग्रता बढ़ती है। जीतने के लिए रणनीतियां बनाना अभी से बच्चे सीखते हैं। उन्होंने बताया कि यह इकलौता ऐसा खेल है जिसे सात साल के बच्चे अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भी खेल सकते हैं।

मंगलवार से प्रारंभ हुए इंटरस्कूल शतरंज चैंपियनशिप के पहले दिन अंडर-13 आयु वर्ग में 4 राउंड्स खेले गए। पहले राउंड में आरबीपीएस तथा सैंट जोसेफ अकादमी के 134 स्टूडेंट्स के बीच मुकाबले हुए। सैंट जोसेफ अकादमी के नावेद, गिरिका, भुवनेंद्र, समीर, वेदांत,प्रिंस, पारुष आरबीपीएस के करन,देवांश यादव , मृत्युंजय , सत्यम, वैष्णवी रघुवंशी श्रेयश गुप्ता समेत कुल 67 खिलाड़ियों ने दूसरे राउंड में प्रवेश किया।

## तमंचा व कारतूस के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

**महोबा।** पुलिस अधीक्षक अपर्णा गुप्ता के निर्देशन पर जनपद महोबा में आगामी त्यौहारों के दृष्टिगत अवैध शस्त्र के निर्माण, बिक्री एवं परिवहन से सम्बन्धित अपराध की रोकथाम एवं आपराधिक घटनाओं को अंजाम देने वाले अभियुक्तों के विरुद्ध चलाये जा रहे सघन चेकिंग/ गिरफ्तारी अभियान के अनुपालन में आज अपर पुलिस अधीक्षक वन्दना सिंह व क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ हर्षिता गंगवार के निकट पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक थाना महोबकंठ राधेश्याम वर्मा द्वारा गठित की गई उप निरीक्षक सुबाषचन्द्र तिवारी के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा 01 अभियुक्त चंचल अहिरवार पुत्र पन्नालाल अहिरवार उम्र 25 वर्ष निवासी मो0 गाँधीनगर गुरसराय थाना गुरसरांय जनपद झाँसी जिसके कब्जे से 01 तमंचा 315 बोर व 01 जिन्दा कारतूस 315 बोर नाजायज बरामद करते हुए ग्राम चौका के पास से नियमानुसार गिरफ्तार किया गया।

# कवि कुंभ में कवि चेतन नितिन खरे हुए लखनऊ में सम्मानित



**महोबा, समृद्धि न्यूज।**

हिंदी साहित्य अकादमी के राष्ट्रीय अध्यक्ष क्रांति कवि सौरभ जैन सुमन और सुपरस्टार कवियत्री डॉ. अनामिका जैन अंबर के नेतृत्व में संस्कृति विभाग उत्तर प्रदेश सरकार के सहयोग से लखनऊ के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में तीन दिवसीय कवि कुंभ का आयोजन किया गया। कवि कुंभ का आयोजन जनवरी से हो रहे प्रयागराज महाकुंभ के आगाज के रूप में किया गया। कवि कुंभ की शुरुआत प्रदेश के उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक एवं संस्कृति विभाग के सचिव मुकेश मेश्राम के कर कमलों से दीप प्रज्वलित करके हुई। इस कवि कुंभ में देश भर चुनिंदा लगभग 400 कवियों ने काव्यपाठ किया। जिसमें महोबा बुन्देलखण्ड के मूल निवासी कवि चेतन नितिन खरे को सम्मानित किया गया। कवि चेतन नितिन खरे वर्तमान में दिल्ली में रहकर अपनी साहित्य साधना कर रहे हैं। उन्होंने कल्पवृक्ष नामक पुस्तक की रचना की है। इसके अलावा आपके काव्यांकुर और काव्यधेनु नामक संयुक्त संग्रह भी प्रकाशित हो चुके हैं। आपने अपना परिचय देते हुए कहा - हवन में मंत्र के संग गंध व अंगार बोलेगा, हमारी कलम बोलेगी तेरा अखबार बोलेगा, मैं आल्हा और ऊदल की महोबा की धरा का हूं।

## मेला देखने को पैसे नही दिये तो पत्नी ने किया आत्महत्या का प्रयास

**राठ, हमीरपुर।** गांव में लगे मेला देखने के पति द्वारा रुपए न देने पर पत्नी ने फांसी लगाकर आत्महत्या करने का प्रयास किया है। स्वजन इलाज के लिए सीएचसी ले गए। जहां चिकित्सक ने मेडिकल कालेज उरई रेफर कर दिया है। जरिया थाने के पथखुरी गांव निवासी बलराम ने बताया कि गांव उसके मेला लगा हुआ है।

मंगलवार को उसकी पत्नी 24 वर्षीय हेमलता ने मेला देखने के लिए रुपए मांगे। जब उसने रुपए देने से मना कर दिया तो उसकी पत्नी ने कमरे में फांसी लगा ली। आननफानन में उसे सीएचसी ले गए। जहां चिकित्सक ने मेडिकल कालेज उरई रेफर कर दिया है।

# मरीज लेकर जा रही एम्बुलेंस पलटी मरीज की मौत, परिजन घायल

**राठ, हमीरपुर। समृद्धि न्यूज**

बाइक की टक्कर से घायल हुए किसान को झांसी ले जाते एंबुलेंस अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गई। इस हादसे में घायल किसान गंभीर रूप से घायल हो गया। जबकि घायल के दो भतीजों को मामूली चोटें आईं हैं। दूसरी एंबुलेंस से घायल किसान को झांसी मेडिकल कालेज ले जाया गया। जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।मझगवां थाने के बकरई गांव निवासी लाखन सिंह ने बताया कि उसका छोटा भाई 50 वर्षीय महेंद्र पाल सिंह राजपूत सोमवार की शाम पैदल शौच के लिए जा रहे थे। तभी गांव से आधा किलोमीटर दूर तेज रफ्तार बाइक सवार ने पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। आननफानन में सीएचसी ले गए। जहां चिकित्सक ने मेडिकल कालेज उरई रेफर कर दिया। उरई से झांसी मेडिकल कालेज रेफर कर दिया। बताया कि 108 एंबुलेंस से भतीजे शिवकुमार रविन्द्र लेकर झांसी जा रहे थे। तभी झांसी कानपुर हाइवे के पास कैथरी गांव के पास एंबुलेंस अनियंत्रित होकर पलट गई। जिससे उसका भाई व भतीजे घायल हो गए।

मौके पर पहुंची दूसरी एंबुलेंस ने घायलों को झांसी पहुंचाया। जहां चिकित्सक ने भाई महेंद्र को मृत घोषित कर दिया।

# कर्मचारियों की उचित मांगों पर कार्यवाही में हो रहे विलंब को लेकर राज्य कर्मचारी देंगे धरना

**महोबा, समृद्धि न्यूज।**


राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद महोबा के जिलाध्यक्ष हेमंत कुमार पाठक ने आज जिले में राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद उत्तर प्रदेश जनपद महोबा के वरिष्ठ पदाधिकारियों के साथ जूम बैठक के बाद अवगत कराया है कि कर्मचारियों की मांगों पर उच्च स्तर पर उदासीनता बढ़ती जा रही है। प्रमुख सचिव कार्मिक एवं मुख्य सचिव के स्तर पर लंबित मांगों पर ना तो कार्रवाई हो रही है और नहीं कोई बैठक ही हो रही है। हेमंत कुमार पाठक ने अवगत कराया है कि राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद उत्तर प्रदेश एक अनुशासित एवं शांतिप्रिय संगठन है। संगठन ने मर्यादित तरीके से अपनी बात मुख्यमंत्री एवं मुख्य सचिव के समक्ष प्रस्तुत कर समाधान किये जाने का प्रयास किया है, लेकिन विगत कुछ दिनों से कर्मचारियों की मांगों पर लगातार उदासीनता बरती जा रही है। विभागीय अधिकारी कर्मचारी संगठनों के साथ वार्ता कर सकारात्मक निर्णय नहीं ले रहे हैं।

राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद उत्तर प्रदेश के पदाधिकारियों को अनावश्यक रूप से जानबूझकर प्रताड़ित किया जा रहा है। राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद उत्तर प्रदेश की प्रदेश सचिव का दिसंबर 22 में 8 दिन का वेतन जिला समाज कल्याण अधिकारी रायबरेली द्वारा कार्यकारिणी की बैठक में प्रतिभाग करने के कारण रोका गया है जिसका भुगतान आज तक नहीं हुआ है। समाज कल्याण/ जनजाति विभाग में संविदा शिक्षकों का उत्पीड़न चरम पर है। संविदा नवीनीकरण के नाम पर 50त्न परीक्षा परिणाम की बाध्यता रखी गई है ताकि आर्थिक शोषण का आसन रास्ता खुला रहे, आउटसोर्स कर्मचारियों की मुख्यमंत्री द्वारा की गई घोषणा के बावजूद भी दैनिक श्रमिकों की न्यूनतम मजदूरी तय नहीं हो पाई है। संविदा कर्मियों के नियमितीकरण की कार्यवाही पिछले पिछले 10 वर्षों से नहीं की गई है। अंतिम नियमितीकरण 2001 तक के कर्मियों का हुआ है।

# हाकी प्रतियोगिता में रहमानियां ने सेंटपाल को 30.0 से हराकर दर्ज की ऐतिहासिक जीत

**मौदहा, हमीरपुर समृद्धि न्यूज।**

जनपदीय हाकी प्रतियोगिता में रहमानिया इंटर कालेज ने सेंटपाल इंटर कालेज को 30.0 के बड़े अंतर से पराजित कर मंडलीय हाकी प्रतियोगिता के लिए प्रवेश पा लिया। मंगलवार को कस्बे के कपसा रोड स्थित रहमानिया स्पोर्ट्स ग्राउंड में जनपदीय हाकी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें रहमानिया इंटर कालेज एवं सेंटपाल इंटर कालेज की टीमों के बीच फाइनल मुकाबला खेला गया। जिसका उद्घाटन रहमानिया कालेज की प्रधानाचार्या डॉ रज़िया सुल्ताना ने दोनों खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। मुकाबला शुरू होते ही रहमानिया टीम के खिलाड़ियों ने गोल दागना शुरू कर दिया और इसी तरह धीरेण्धीरे कर रहमानिया टीम के खिलाड़ियों ने एक के बाद एक-एक करके लगातार 30 गोल मारकर एतिहासिक जीत दर्ज कर ली। रहमानिया टीम की ओर से सार्वाधिक 9 गोल मोहम्मद



अरमान ने किए इसी तरह एहतिशाम, सनी वर्मा एवं आकिब ने 4.4 नाहिद, इमरान व मो0 कैफ ने 3.3 गोल दागे। मुकाबले में रैफरी की भूमिका समीर व बब्लू पठान ने निभाई। इस दौरान रहमानिया इंटर कालेज के क्रीड़ा अध्यापक एवं टीम मैनेजर मुशर्रफ कमाल, सेंटपाल क्रीड़ा अध्यापक राजेश कुमार अवस्थी, रहमानिया टीम कोंच समीर इमाम के साथ निजामी स्पोर्ट्स मैनेजर नौशाद संजरी, शमशाद नबी सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

## डयूटी लगाने के बाद भी इमरजेंसी डयूटी नही करते डॉक्टर, मरीज परेशान

**हमीरपुर।** सीएचसी राठ केवल दो डाक्टरों के भरोसे संचालित हो रही है। वही अधीक्षक द्वारा इमरजेंसी डियूटी लगाये जान के बाद सीएचसी नौरंगा के डाक्टर नही आये वही सीएमओ द्वारा सीएचसी कुरारा से महिला डाक्टर को हटाकर राठ तवादला किया गया था मगर दो सप्ताह व्यतीत हो जाने के बाद उन्होने कार्यभार नही लिया है जिससे अस्पताल में धीरे धीरे चिकित्सा व्यवस्था ध्वस्त होती जा रही है इस मामले की शिकायत प्रभारी चिकित्साधीक्षक ने एडी के अलावा डीएम से की है। जानकारी के मुताबिक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र राठ के अधीक्षक डॉ. अखिलेश सिंह ने सीएमओ डॉ. गीतम सिंह को बताया कि पिछले माह दो डाक्टरों द्वारा इस्तीफा देने के बाद सीएचसी में अधीक्षक व एक डाक्टर केवल कार्य कर रहे है।

# गणेश सेवा समिति में प्रस्तुत हुई झांकियां पारा में हरदौल नाटक का हुआ मंचन

**सुमेरपुर, हमीरपुर समृद्धि न्यूज।**

कस्बे में गणेश सेवा समिति के पंडाल में सोमवार की रात सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। वही पारा गांव में हरदौल नाटक का मंचन किया गया जिसे देख दर्शक आंसू नहीं थाम सके।

नगर पंचायत के समीप गणेश सेवा समिति की ओर से स्थापित गणेश पंडाल में कानपुर के सत्यम शिवम सुंदरम ग्रुप के कलाकारों ने राधाकृष्ण, शिव पार्वती, खाटू श्याम, राम दरबार सहित अन्य देवी देवताओं की धार्मिक झांकियां प्रस्तुत की। इस मौके पर समिति के अध्यक्ष सुरेश चंद्र सोनी, व्यापार मंडल अध्यक्ष महेश गुप्ता दीपू, जयकरन सिंह, सोनू तिवारी, बालगोपाल गुप्ता, संजय ओमर, अंकित ओमर, गंगा सोनी,पुष्पराज सोनी,अनुज शिवहरे, संदीप गुप्ता आदि गणेश भक्त मौजूद रहे। इसी तरह पारा रैपुरा के जल विहार कार्यक्रम में सोमवार की रात झांसी के मशहूर नाटक कंपनी मास्टर मुशर्रफ के कलाकारों ने वीर बुंदेला लाला हरदौल का जीवंत मंचन करके जमकर वाहवाही लूटी। भाभी देवर के अटूट प्रेम की इस कहानी में भाभी द्वारा जहर देने के सीन पर लोगों के आंसू छलक पड़े। इस मौके पर कार्यक्रम के आयोजक बिहारीलाल प्रजापति, प्रधान शिवदयाल प्रजापति, विजय कुमार, पूर्व प्रधान राकेश शर्मा, अवधेश प्रजापति सहित सैकड़ो लोग रातभर मौजूद रहकर रंगारंग कार्यक्रम का लुफ्त उठाया।



## बीडीसी सदस्यों की बैठक में योजनाओं की दी गई जानकारी

**पनवाड़ी।** ब्लॉक प्रमुख अंजना श्री प्रकाश अनुरागी की अध्यक्षता में मंगलवार सुबह बीडीसी सदस्यों की बैठक हुई। जिसमें साल 2023-24, 2024-25 आय-व्यय, कार्ययोजना पुष्टि, कार्य प्रगति, ब्लॉक के सभी क्षेत्रों के विकास का रोड मेप, ग्रामीण आवास और मनरेगा समेत विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गयी। ब्लॉक सभागार में आयोजित इस बैठक में कुल 78 में से 68 क्षेत्र पंचायत सदस्य, बड़ी संख्या में ग्राम प्रधान, खण्ड विकास अधिकारी, खण्ड शिक्षा अधिकारी, विभिन्न विभागों के प्रतिनिधि और ब्लॉक अधिकारी मौजूद रहे। बैठक में क्षेत्र पंचायत सदस्य स्व. मुन्नी देवी की आत्मशांति के लिए उपस्थित लोगों द्वारा मौन व्रत रखा गया। अंत में श्री मती अनुरागी की ओर से सभी क्षेत्र पंचायत सदस्य को उपहार देकर विदा किया गया।

# गायत्री शक्ति पीठ के मुख्य ट्रस्टी बने नीरज द्विवेदी

**पनवाड़ी, महोबा समृद्धि न्यूज।**

स्थानीय गायत्री शक्तिपीठ पर गायत्री परिजनों , क्षेत्रीय कार्यकर्ताओं तथा नगर के संभ्रान्त नागरिकों की उपस्थिति में एक वृहद संगोष्ठी का आयोजन संपन्न हुआ। अध्यक्षता शान्तिकुंज प्रतिनिधि पंडित चन्द्र शेखर मिश्र ने की।

संचालन शान्तिकुंज प्रतिनिधि डॉ. एलएल त्रिपाठी ने किया इस अवसर पर दीप प्रज्वलन तथा गुरु - ईश वंदना के पश्चात डॉ त्रिपाठी द्वारा क्रांति गीत युग धर्म निभाने को जो भी अकुलाता है प्रस्तुत किया गया। साथ ही अपसंस्कृति के प्रलोभन और आकर्षण से समाज को बचाना होगा विषय पर परम पूज्य गुरुदेव पंडित श्रीराम शर्मा जी के विचार रखे गए



शान्तिकुञ्ज हरिद्वार के निर्देशन पर गायत्री परिवार ट्रस्ट , पनवाड़ी का पुनर्गठन भी किया गया। पुनर्गठन हेतु जिम्मेदार परिजनों ने प्रस्ताव रखे , सर्वसम्मति से निर्णय लेकर उन्हें ट्रस्ट में सम्मिलत किया गया। मुख्य ट्रस्टी नीरज द्विवेदी का सर्वसम्मति से चयन किया गया। मुन्नी लाल गुप्त, केसर देवी गुप्ता , राम कुमारी राजपूत तथा रघुनंदन सोनी को संरक्षक मंडल में सम्मिलित किया गया। इस अवसर पर पूर्व मुख्य ट्रस्टी मुन्नी सेठ ने शारीरिक असमर्थता के कारण मुख्य ट्रस्टी पद से त्याग पत्र भी दे दिया नव निर्वाचित मुख्य ट्रस्टी नीरज द्विवेदी एवं सहायक समिति के अध्यक्ष लल्लू नायक ने अपनी - अपनी टीम सहित गायत्री परिवार की गतिविधियों को पूरे पनवाड़ी क्षेत्र में आगे बढ़ाने में तथा शक्तिपीठ के विकास में अपना विशेष योगदान करने- कराने का वचन देकर खुशी - खुशी गोष्ठी का समापन हुआ।

## महिला ने गृह कलह के चलते डाई पीकर दी जान

**मौदहा, हमीरपुर।** गृह कलह के चलते महिला ने घर में राखी डाई पी लीजिससे उपचार के लिये ले जाते समय महिला की मौत हो गयी। नगर निवासी संध्या पत्नी सुशील ने गृहकलह के चलते घर में रखी डाई पी ली जिससे उसकी हालत बिगड़ने लगी यह देख आनन फानन में परिजनों ने नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया जहां हालात नाजुक होने पर प्राथमिक उपचार कर डॉक्टर ने सदर अस्पताल के लिए रेफर कर दिया वहीं हमीरपुर जाते समय महिला ने रास्ते में दम तोड़ दिया पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।


## त्यौहार विशेष रेलगाड़ियाँ-2024 की संख्या में वृद्धि

रेलयात्रियों के सुविधाजनक आवागमन हेतु रेलवे द्वारा निम्नलिखित त्यौहार विशेष रेलगाड़ियां नीचे दर्शाई गई समय—सारणी के अनुसार संचालित की जाएंगी :—

**रेलगाड़ी सं. 03107/03108 सियालदह—लखनऊ जं. —सियालदह त्यौहार विशेष रेलगाड़ी (साप्ताहिक)** — 18 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 03107 आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 03108 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| ---- | 00:10 | सियालदह | 23:50 | ---- |
| 00:10 | ---- | लखनऊ जं. | ---- | 01:40 |

चलने के दिन : 03107 सियालदह से दिनांक 05,12,19,26.10.2024, 02,09,16,23,30.11.2024 को एवं 03108 लखनऊ जं. से दिनांक 06,13,20, 27.10.2024, 03,10,17,24.11.2024, 01.12.2024 को।
ठहराव: बर्द्धमान जं., दुर्गापुर, आसनसोल जं., चित्तरंजन, मधुपुर जं., जसीडीह जं., झाझा, किऊल जं., मोकामा, बख्तियारपुर जं., पटना जं., दानापुर, आरा जं., बक्सर, पंडित दीन दयाल उपाध्याय जं., वाराणसी जं. एवं सुलतानपुर जं. स्टेशन।
स्थान: प्रथम वाता., 2 टियर वाता. एवं 3 टियर वाता.

**रेलगाड़ी सं. 03423/03424 भागलपुर जं.—हरिद्वार— भागलपुर जं. त्यौहार विशेष रेलगाड़ी (साप्ताहिक)** — 16 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 03423 आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 03424 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| ---- | 13:55 | भागलपुर जं. | 21:20 | ---- |
| 17:55 | ---- | हरिद्वार | ---- | 19:55 |

चलने के दिन : 03423 भागलपुर जं. से दिनांक 07,14,21,28.10.2024, 04,11,18,25.11.2024 को एवं 03424 हरिद्वार से दिनांक 08,15, 22,29.10.2024, 05,12,19,26.11.2024 को।
ठहराव: सुलतानगंज, जमालपुर जं., अभयपुर, किऊल जं., मोकामा, बख्तियारपुर जं., पटना जं., आरा जं., बक्सर, पंडित दीन दयाल उपाध्याय जं., वाराणसी जं., जौनपुर जं., अयोध्या धाम जं., लखनऊ जं., बरेली जं., मुरादाबाद जं. एवं लक्सर जं. स्टेशन।
स्थान: 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य

**रेलगाड़ी सं. 05736/05735 कटिहार जं.—अमृतसर जं. कटिहार जं. त्यौहार विशेष रेलगाड़ी (साप्ताहिक)** — 22 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 05736 आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 05735 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| ---- | 21:00 | कटिहार जं. | 23:45 | ---- |
| 09:45 | ---- | अमृतसर जं. | ---- | 13:25 |

चलने के दिन : 05736 कटिहार जं. से प्रत्येक बुधवार दिनांक 18.09.2024 से 27.11.2024 तक 05735 अमृतसर जं. से प्रत्येक शुक्रवार दिनांक 20.09.2024 से 29.11.2024 तक।
ठहराव: पूर्णियां जं., अररिया कोर्ट, फारबिसगंज जं., ललितग्राम, सरायगढ़ जं., निर्मली, झंझारपुर जं., सकरी जं., दरभंगा जं., सीतामढी जं., रक्सौल जं., नरकटियागंज जं., कप्तानगंज जं., गोरखपुर जं., बस्ती, गोंडा जं., सीतापुर जं., शाहजहाँपुर, बरेली जं., मुरादाबाद जं., लक्सर जं., रूड़की, सहारनपुर जं., अम्बाला छावनी जं., राजपुरा जं., ढंडारी कलां, जालंधर शहर जं. एवं ब्यास जं. स्टेशन।
स्थान: 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य

**रेलगाड़ी सं. 04195/04196 आगरा छावनी—फारबिसगंज जं. —आगरा छावनी त्यौहार विशेष रेलगाड़ी (साप्ताहिक)** — 16 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 04195 आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 04196 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| ---- | 05:00 | आगरा छावनी | 07:10 | ---- |
| 17:25 | 17:35 | लखनऊ जं. | 16:55 | 17:05 |
| 15:15 | ---- | फारबिसगंज जं. | ---- | 18:40 |

चलने के दिन : 04195 आगरा छावनी से प्रत्येक शुक्रवार दिनांक 04.10.2024 से 22.11.2024 तक 04196 फारबिसगंज जं. से प्रत्येक शनिवार दिनांक 05.10.2024 से 23.11.2024 तक।
ठहराव: धौलपुर जं., ग्वालियर जं., डबरा, दतिया, वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी, उरई, पुखरायाँ, कानपुर सेंट्रल, उन्नाव जं., लखनऊ जं., बाराबंकी जं., बुढ़वल जं., करनैलगंज, गोंडा जं., मनकापुर जं., बस्ती, गोरखपुर जं., देवरिया सदर, भटनी जं., सीवान जं., छपरा जं., हाजीपुर जं., शाहपुर पटोरी, बरौनी जं., बेगूसराय, खगड़िया जं., नवगछिया, कटिहार जं., पूर्णिया जं., अररिया एवं अररिया कोर्ट स्टेशन।
स्थान: 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., 3 टियर वाता. (इकॉनमी) एवं शयनयान

उपरोक्त रेलगाड़ियों के मार्ग में आने वाले ठहरावों की समय—सारणी के लिए कृपया रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139 डायल करें अथवा रेलगाड़ी पूछताछ वेबसाइट www.enquiry.indianrail.gov.in देखें।

रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139
रेलमदद वेबसाइट देखें : www.railmadad.indianrailways.gov.in
रेलमदद ऐप डाउनलोड करें
पर हमें फॉलो करें
उत्तर रेलवे
आपकी सुविधा - हमारा ध्येय
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें
2832/2024
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# संसार मे सबसे बड़ी पूजा माता-पिता की सेवा है: स्वतंत्र देव सिंह

**मसौली बाराबंकी। समृद्धि न्यूज**



**संसार में** सबसे बड़ी पूजा माता पिता की सेवा ही है। इसलिए ईश्वर के इस उपहार को हमें ठुकराना नहीं चाहिए। साथ ही मर्यादा के विपरीत आचरण करने वाले लोगों का तत्काल त्याग कर देना चाहिए। जिस घर में माता पिता का अपमान होगा उस घर में प्यार नही मिलेगा।

उक्त बाते मंगलवार को ग्राम पंचायत मुंजापुर स्थित संत कबीर अध्यात्म संस्थान मे संत निष्ठा साहेब के जन्मदिवस पर आयोजित कार्यक्रम मे लोगो से रूबरू होते हुए प्रदेश सरकार के जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने कही उन्होंने कहा कि किसी भी गरीब को सताना नही चाहिए।जब दो भाई आपस में किसी बात को लेकर आपस में ही लड़ाई झगड़ा करते है तो आपसी नुकसान होता है। यही सन्त वाणी है। इससे पूर्व क्षेत्र पंचायत निधि से निर्मित संत विशाल देव एवं प्रेम साहेब की स्मृति में बने गेट द्वार का फीता काटकर उद्घाटन किया। इस मौक़े पर ज्वाइंट मजिस्ट्रेट काव्या सी, ब्लाक प्रमुख रइस आलम आदि लोग मौजूद रहे। उद्घाटन पश्चात सन्त कबीर अध्यात्म संस्थान मूजापुर विशाल नगर पहुंच कर पूज्य गुरुदेव से भेंट कर जन्मदिन की बधाई दी। ततपश्चात विशाल देव एवं प्रेम साहेब की समाधि पर पुष्प अर्पित किया। कार्यक्रम के दौरान सत्संग सभागार भवन का भूमि पूजन भी जल शक्ति मंत्री ने किया। इसके बाद पूज्य सन्त निष्ठा साहेब के साथ विराजमान हुए। निष्ठा साहेब की पूजा-अर्चना की गई।सन्त निष्ठा साहेब ने आशीर्वचन देते हुए कहा कि जब कोई साधु, वृद्ध अथवा मां मिले तो उससे सीख लेना चाहिए लेकिन पैसे मत देना।आपके जीवन में जन्म और मृत्यु के बीच अनेकों बधाएं आयेंगी। त्याग की शक्ति श्री राम में थी तभी अयोध्या से चलकर जिन्होंने दुनिया को सीख दी।हमारे गुरुदेव ने जो कुछ सिखाया है, उसी का पालन करना है।पैसा का जीवन में कोई महत्व नहीं होता है। यदि सच्चा बनना है तो बच्चों के साथ रहे ,उनसे सीखें यही बच्चे आगे चलकर कोई अधिकारी बनेगा तो कोई राजनेता बनकर देश की सेवा करेगा। इसके पश्चात भव्य भंडारा का आयोजन किया गया। जिसमें महिलाएं, पुरुष और बच्चों ने पुड़ी, सब्जी और मिष्ठान का प्रसाद ग्रहण किया। इस मौके पर जिला पंचायत अध्यक्ष राजरानी रावत,सदस्य विधान परषिद अंगद सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष अरविंद मौर्या, संत श्री शत्विक साहेब शुभ साहेब नेपाल,हरि शंकर वर्मा महानिदेशक उत्तर प्रदेश रेलवे, प्रमुख सचिव एल वेंकटेश्वर उत्तर प्रदेश अपर प्रमुख सचिव परिवहन विभाग, आलोक दास,प्रांजल दास, प्रज्वल दास, प्रभात दास, गुजरात प्रांत से प्रहलाद भाई,हरियाणा देवी भक्ति सज्जन सहित तमाम भक्त मौजूद रहे।

## नकब लगाकर लाखो की हुई चोरी

**जैदपुर बाराबंकी।** थाना क्षेत्र के ग्राम बेरी निवासी साहेब लाल के घर मे नक़ब लगाकर घुसे चोरो ने हजारों की नकदी सहित लाखों के जेवरात चोरी कर लिए।सूचना पर पहुंची पुलिस ने जाचं पड़ताल शुरू कर दी है।भुक्तभोगी के घर मे दीवार मे नकब लगाकर घुसे चोरो ने घर मे रखे बक्से को खोलकर नगदी वा जेवरात सहित कीमती बर्तनो पर हाथ साफ कर दिया यहां तक चोरों ने खाने के लिए अनाज तक नहीं छोड़ा।जानकारी के अनुसार जैदपुर थाना क्षेत्र के ग्राम बेरी निवासी साहेब लाल चौहान के मकान की दीवार मे सेंध लगाकर घुसकर नकदी व लाखों के जेवरात पर हाथ साफ कर दिया।चोर जेवरात के साथ बर्तन,अनाज व हजारोसकी नकदी उठा ले गए।वारदात की जानकारी मंगलवार की सुबह जगने पर परिवारीजनों को हुई।सूचना पर मौके पर पहुँची जैदपुर पुलिस ने गृह स्वामी से पूछताछ की और घटना स्थल का जायजा लिया।

# कलेक्ट्रेट परिसर में ई-आफिस उच्चीकरण कक्ष का मंडलायुक्त ने किया शुभारंभ

**उरई (जालौन)। समृद्धि न्यूज**



मंगलवार को मंडलायुक्त विमल दुबे ने कलेक्ट्रेट परिसर में ई-आफिस कक्ष का उच्चीकरण किया गया जिसका फीता काटकर शुभारम्भ किया। इसके बाद संयुक्त कार्यालय के विभिन्न पटलों के कर्मचारियों से बातचीत कर उनके कार्यों के बारे में जानकारी ली। मंडलायुक्त ने कहा कि जनपद जालौन में ई-ऑफिस प्रणाली (पेपर लेस ऑफिस) की शुरूआत की है। ''डिजिटल इंडिया'' अभियान तेजी से आगे बढ़ रहा है। इसी के अंतर्गत आज ई-आफिस कक्ष का उच्चीकरण किया गया ई-ऑफिस प्रणाली के तहत कार्य किये जा रहे हैं। जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने कहा कि ई-ऑफिस उप्र शासन का एक मिशन मोड प्रोजेक्ट है जो एनआईसी के सॉफ्टवेर पर कार्य करता है। इस प्रणाली में पारंपरिक फाइलिंग प्रणाली की तुलना में अतिरिक्त लाभ हैं। ई-ऑफिस को शुरू करने का मुख्य उद्देश्य कार्यालयों को पेपरलेस बनाते हुए शासकीय कार्यों को गति प्रदान करना है। ई-ऑफिस में किसी भी समय पत्रों एवं फाइलो पर कार्य किया जा सकता है। साथ ही ई-ऑफिस प्रणाली पेपरलेस होने के कारण पर्यावरणनुकूल भी है और सभी प्रपत्रों के ऑनलाइन होने के कारण उनके गायब होने अथवा किसी अन्य प्रकार की त्रुटि होने की आशंका समाप्त हो जायेगी। सारे कागजात क्लाउड पर सुरक्षित रहते हैं। अधिकारी तथा कर्मचारी ई-फाइल पर डिजिटल रूप में हस्ताक्षर करते है। ई-ऑफिस प्रणाली में अधिकारियों और कर्मचारियों की जवाबदेही को पारदर्शी तरीके से तय किया जा सकेगा। ई-ऑफिस में अगर कोई फाइल आती है तो उसका नोटिफिकेशन सम्बंधित को मिल जाता है। तय समय के अंतर्गत उस फाइल का निस्तारण गुणवत्ता पूर्वक किया जाता हैं। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व संजय कुमार, नगर मजिस्ट्रेट अजीत कुमार जायसवाल, अतिरिक्त मजिस्ट्रेट अतुल कुमार, वरिष्ठ कोषाधिकारी आनंद सिंह आदि सहित संबंधित अधिकारी।

# 20 हजार का इनामी वांछित गिरफ्तार

**बाराबंकी। समृद्धि न्यूज**



**थाना मोहम्मदपुर** खाला पुलिस टीम द्वारा गैंगस्टर एक्ट में वांछित 20 हजार रूपये का इनामियां अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया है।जानकारी के अनुसार पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह द्वारा जनपद मे अपराध पर प्रभावी नियंत्रण लगाने हेतु अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान मे अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी चिरंजीव नाथ सिन्हा के निर्देशन व क्षेत्राधिकारी फतेहपुर डॉ बीनू सिंह के पर्यवेक्षण मे आज प्रभारी निरीक्षक अनिल सिंह,उप निरीक्षक शक्ति शरण श्रीवास्तव, हेड कांस्टेबल सुनील कुमार, दिनेश कुमार यादव, कांस्टेबल प्रमोद सिंह, दीपक काकरान, गोपाल सिंह की थाना मोहम्मदपुर खाला पुलिस टीम द्वारा मुअसं 404/2024 धारा 3(1) यूपी गैंगेस्टर एक्ट में वांछित 20 हजार रूपये का इनामियां अभियुक्त शिवओम मिश्रा उर्फ मोनू मिश्रा पुत्र राजकुमार मिश्रा निवासी बाबापुरवा मजरे बरैय्या थाना मोहम्मदपुर खाला को फूलपुर चौराहा कस्बा सूरतगंज थाना मोहम्मदपुर खाला से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त का एक गैंग है जो अपने गैंग के अन्य सदस्यों के साथ मिलकर ऋण दिलाने के नाम पर धोखाधड़ी कर रूपये हड़पने जैसे आपराधिक कृत्यो मे लिप्त है। अभियुक्त की गिरफ्तारी के सम्बन्ध में पुलिस अधीक्षक बाराबंकी द्वारा 20,000 रूपये का पुरस्कार घोषित किया गया था।

## प्लाट का इकरारनामा कराकर ठगे लाखो रुपये, बेंच दिया दूसरे को

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।** कस्बा स्थित एक प्लाट का इकरारनामा करके लाखों रुपए वसूलने के बाद भी विपक्षियों ने प्लाट दूसरे के हाथ बेच दिया।पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध जालसाजी की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। मामला कस्बा हैदरगढ़ के कुरेशी वार्ड का है। यहां के निवासी सगीर पुत्र खच्चू ने थाने में में दी गई तहरीर में बताया कि उन्होंने कस्बा हैदरगढ़ के ही घोसियाना वार्ड में एक प्लाट का सौदा कर इकरारनामा कराया जिसके बाद पीड़ित ने छः लाख रुपए से अधिक का भुगतान भी कर दिया।इसके बावजूद घोसियाना वार्ड निवासी विपक्षी राजाबाबू,राजन पुत्रगण किसन व इनकी मां ने इस प्लाट की बिक्री हर्षवर्धन सिंह को कर दी ।पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कर छानबीन शुरू कर दी है।

# रसोइयां ने जातीय उत्पीड़न का लगाया आरोप

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़**

**स्थानीय कोतवाली** अंतर्गत भिखरा गांव में स्थित प्राथमिक विद्यालय में रसोइया के पद पर कार्यरत अनुसूचित जाति की महिला ने विद्यालय में कार्यरत शिक्षिका पर विद्यालय में प्रताड़ित करने और जाति सूचक शब्दों का प्रयोग करने और विद्यालय में पढ़ने वाली उसकी दो बच्चियों का हाथ पकड़ कर विद्यालय से भागने का आरोप लगाया है। इस मामले में कोतवाली में तहरीर देकर रसोईया ने शिक्षिका के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर कानूनी कार्यवाही की गुहार लगाई है। भिखरा गांव निवासी परमावती पत्नी आसाराम विद्यालय में रसोईया के पद पर कार्यरत हैं इनकी दो बच्चियां सुधा और उर्मिला क्रमशः कक्षा 5 व कक्षा 3 में पढ़ती हैं। महिला ने बताया कि उनके गांव की ही सोनम सिंह विद्यालय में अध्यापिका के रूप में कार्यरत है। आरोप लगाया की शिक्षिका ने अपने घर पर काम करने के लिए बुलाया था और मना कर देने के बाद से विद्यालय में परेशान किया जाता है यही नहीं जाति सूचक शब्दों का प्रयोग करके उसे बुलाकर अपमानित किया जाता है ।तहरीर में बताया कि विद्यालय में पढ़ने वाली उसकी दो बच्चियों सुधा व उर्मिला को अध्यापिका के पुत्र सार्थक सिंह ने मंगलवार को भी छड़ी से पीटा और शिकायत करने पर अध्यापिका ने गाली गलौज की और उनकी दोनों बच्चियों का हाथ पकड़ कर विद्यालय से भगा दिया।

## खबरें एक नजर में

### अपर पुलिस महानिदेशक ने पुलिस लाइन का निरीक्षण किया

**इटावा।** अपर पुलिस महानिदेशक पीटीएस उन्नाव नवनीत सिकेरा एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा द्वारा रिजर्व पुलिस लाइन का निरीक्षण किया गया। अपर पुलिस महानिदेशक पीटीएस उन्नाव नवनीत सिकेरा द्वारा जनपद में आगमन कर रिजर्व पुलिस लाइन इटावा में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा संजय कुमार के साथ पुलिस लाइन का निरीक्षण किया गया इस दौरान एडीजी द्वारा रिजर्व पुलिस लाइन में चल रहे मुख्य आरक्षी के प्रशिक्षण का जायजा लिया गया एवं क्लासरूम में जाकर उन्हें नये कानून से सम्बन्धित जानकारी दी गयी तदोपरान्त महोदय द्वारा ट्रेनिंग की व्यवस्थाओं को देखा गया जिसमें बैरक में रहने की व्यवस्थाओं एवं पुलिस लाइन स्थित भोजनालय में जाकर देखा गया एवं साफ-सफाई हेतु सभी को निर्देशित किया गया एवं आवश्यक सुधारों एवं व्यवस्थाओं के सम्बन्ध में सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक अपराध श्री सुबोध गौतम एवं अन्य अधि./कर्मचारी उपस्थित रहे।

### ताइक्वांडो खिलाड़ी एक बार फिर परचम लहराने को तैयार

**इटावा।** जिला ताइक्वांडो संघ के खिलाड़ी एक बार फिर इटावा जिला ताइक्वांडो संघ का परचम लहराने के लिए तैयार हैं। जिला महासचिव हिमांशु यादव ने बताया कि इटावा के विभिन्न सीबीएसई स्कूल से इटावा जिला ताइक्वांडो संघ के खिलाड़ी वैष्णवी यादव, वैष्णवी वर्मा,तृषा सिंह, आराध्या सिंह, आयुष सिंह,शौर्य सिंह,अभिनव कुशवाहा,रुद्र प्रताप, हर्षित भदौरिया,सिद्धी त्रिपाठी, सानिध्य कटियार बनारस के सनबीम बाबतपुर में आयोजित होने वाले सीबीएसई के ईस्ट जोन प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने के लिए तैयार हैं। इटावा जिला ताइक्वांडो संघ की कोषाध्यक्ष व महिला मुख्य कोच नबीला जी ने बताया कि यह प्रतियोगिता 9 सितंबर से 12 सितंबर तक आयोजित हो रही है। पिछली वर्ष इटावा जिला ताइक्वांडो संघ के 10 खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में अपना स्थान सुनिश्चित किया था। संघ के अध्यक्ष इंजीनियर हरि किशोर तिवारी व उपाध्यक्ष प्रत्युष तिवारी ने बताया की पिछले वर्ष हमारे बच्चो ने राष्ट्रीय प्रतियोगिता में भी 3 स्वर्ण पदक व 2 रजत पदक हासिल किए थे।संघ के मीडिया प्रभारी तरुण गुप्ता ने बच्चों की तैयारी को देखते हुए इस वर्ष उत्कृष्ट प्रदर्शन कर पदक की संख्या में वृद्धि होने की आशा व्यक्त की है।

### मतदेय स्थलों के संभाजन के संबंध में कलेक्ट्रेट सभागार में हुई बैठक

**इटावा।** अपर जिलाधिकारी/उप जिला निर्वाचन अधिकारी अभिनव रंजन श्रीवास्तव की अध्यक्षता में मतदेय स्थलों के संभाजन के संबंध में कलेक्ट्रेट सभागार में सभी मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय एवं राज्यीय राजनैतिक दलों के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक में सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों द्वारा अपनी-अपनी समस्याओं को रखा गया एवं निस्तारण हेतु अपर जिलाधिकारी ने संबंधित को निर्देशित किया। उन्होंने मतदेय स्थल संशोधन के प्रस्ताव 11 तारीख तक मांगे एवं शिकायत प्राप्त होने पर विधिवत जांच कर नियमानुसार कार्यवाही के निर्देश दिए गए।बैठक के दौरान उप जिलाधिकारी भरथना सुशांत श्रीवास्तव, उप जिलाधिकारी सदर विक्रम सिंह राघव,सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी संतोष कुमार, शिवाकांत चौधरी भारतीय जनता पार्टी,पल्लव दुबे कांग्रेस पार्टी, उदय भान सिंह यादव समाजवादी पार्टी , संजीव शाक्य जिला अध्यक्ष आम आदमी पार्टी ,इकरार अहमद जिला महासचिव आम आदमी पार्टी , राकेश कुमार बहुजन समाज पार्टी सहित समस्त राजनीतिक दल आदि उपस्थित रहे।

### पुलिस ने बैंकों का किया निरीक्षण

**इटावा।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा के निर्देशन में जनपद के समस्त थाना प्रभारी, थानाध्यक्ष व चौकी प्रभारियों द्वारा थाना क्षेत्रान्तर्गत बैंकों/वित्तीय संस्थानों का निरीक्षण किया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा संजय कुमार के निर्देशन में जनपद के समस्त थाना प्रभारी/थानाध्यक्ष व चौकी प्रभारियों द्वारा थाना क्षेत्रान्तर्गत पड़ने बाले बैंकों में पहुंचकर चेकिंग अभियान चलाया गया। चैकिंग के दौरान बैंक के बाहर एवं अंदर आने-जाने एवं अन्य आवश्यक स्थानों पर सीसीटीवी कैमरा एवं अन्य सुरक्षा उपायों की पूर्ति करने के लिए संबंधित को निर्देशित किया गया।

# आयुष आपके द्वार कार्यक्रम के तहत लगाया गया शिविर




**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़**

**आयुष आपके** द्वार कार्यक्रम के तहत राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय की महिला डॉक्टर के नेतृत्व में मंगलवार को राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया इस शिविर में जहां छात्रों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया वही आयुर्वेद पर आधारित स्वस्थ जीवन शैली अपना कर बीमारियों से दूर रहने की विस्तृत जानकारी दी गई। इस अवसर पर मौजूद महिला चिकित्साधिकारी डॉ राखी साहू ने छात्राओं को स्वच्छता के प्रति जागरुक करते हुए बेहतर स्वास्थ्य के लिए तमाम टिप्स दिए।। इस अवसर पर छात्राओं का स्वास्थ्य परीक्षण कर 67 छात्राओं को दवाइयां उपलब्ध कराई इस कार्यक्रम में चिकित्सा अधिकारी के अलावा फार्मासिस्ट अमरीश त्रिपाठी स्टाफ नर्स सरोज शैलजा चौधरी एवं आशुतोष तिवारी ने अपना सक्रिय योगदान दिया।

# सहजनवा तहसील क्षेत्र के सेक्टर 22 में संचालित हो रहे होटलों पर तहसील प्रशासन के संयुक्त टीम ने मारा छापा

**खबर का दिखा असर**

- तहसील प्रशासन व पुलिस की संयुक्त टीम के कार्यवाही से होटल कारोबारियों मे मचा हड़कंप

**अश्वनी कुमार**



**सहजनवा गोरखपुर।** सहजनवां तहसील क्षेत्र के औद्योगिक विकास प्राधिकरण सेक्टर 22 में कुकुरमुत्ते की तरह दर्जनों होटल संचालित हो रहे हैं इन होटल कारोबारीयो के द्वारा होटल की आड़ में अनैतिक गोरख धंधे को बढ़ावा दिया जा रहा था जिसको लेकर मीडिया में प्रमुखता से खबरों को संचालित किया जा रहा था जिस पर तहसील प्रशासन की संयुक्त टीम के साथ सी ओ गीडा प्रशाली गंगवार की संयुक्त टीम ने कई होटलों पर छापेमारी कर होटल की स्थिति को जाना वहीं इस कार्यवाही से अवैध होटल संचालकों में हड़कंप मचा हुआ है संयुक्त टीम द्वारा कई होटलों की जांच की गई जिसमें सेक्टर 22 में स्थित कैलाश होटल, हैप्पी ग्रैंड होटल, नैनदीप होटल की जांच किया गया होटल कारोबारी से संचालित हो रहे होटल का रजिस्ट्रेशन व अन्य विभागों के मिलने वाले एनओसी व होटल लाइसेंस की जांच की गई और सभी होटल कारोबारी से कहा गया कि आप लोगों के द्वारा होटल चलाने के लिए जो भी मानक पूरा किया जाता है उसे मानक के साथ-साथ आप अपने सभी दस्तावेजों को लाकर दिखावे अन्यथा आप लोगों के ऊपर कार्रवाई की जाएगी विकास प्राधिकरण गीडा सेक्टर 22 मैं कुकुरमुत्ते की तरह तमाम दर्जनों होटल संचालित हो रहे हैं जो पूरी तरह से मानक की धज्जियां उड़ाते नजर आ रहे हैं होटल कारोबारी द्वारा गैंग बनाकर अनैतिक धंधों को अंजाम दिया जा रहा था जिसकी शिकायत अधिकारियों को बार-बार मिलने के बाद कार्रवाई शुरू हो गई है जिसके क्रम में संयुक्त टीम द्वारा छापेमारी के दौरान वहां मिलने वाले लोगों का आईडी प्रूफ भी चेक किया गया तथा होटल के बेसमेंटों को भी जांच किया गया जिसको लेकर होटल कारोबारी में हड़कंप मचा हुआ है वहीं गीडा सी ओ प्रशाली गंगवार ने बताया कि यहां पर जितने भी होटल संचालित हो रहे हैं सभी लोगों की जांच की जा रही है और होटल मालिकों से कहा गया है कि आप लोग अपने-अपने होटल के जो भी मानक के हिसाब से जो भी डॉक्यूमेंट है उनको आप दिखाएं जिसकी जांच करके आगे कार्रवाई की जाएगी और उन्होंने कहा कि सेक्टर 22 में खास करके पुलिस की गस्त भी बढ़ा दी जाएगी संयुक्त टीम में नायब तहसीलदार दुर्गेश चौरसिया वह गीडा सी ओ प्रशाली गंगवार मौके पर मौजूद रही और होटलो की जांच किया।

**निर्देश** — नियम विरुद्ध वाहनों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई और जनता की समस्याओं के त्वरित निस्तारण का दिया निर्देश

# राजस्व एवं मण्डलीय समीक्षा बैठक में आरटीओ प्रशासन के तेवर से मातहतों में बेचैनी

**अमिताभ श्रीवास्तव**



अयोध्या। शासन की मंशानुसार अयोध्या संभाग में राजस्व लक्ष्यों की पूर्ति एवं वाहनों की फिटनेस, मानक के अनुसार पंजीयन,दर्पण पोर्टल सेवाएं तथा आईजीआरएस आदि पोर्टल पर शिकायतों के त्वरित निस्तारण, आडिट आदि की समीक्षा को लेकर मंगलवार को आरटीओ प्रशासन ऋतु सिंह की अध्यक्षता में संभागीय परिवहन कार्यालय में मैराथन बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में सुल्तानपुर,अयोध्या, अमेठी व अम्बेडकरनगर के एआरटीओ प्रशासन/प्रवर्तन तथा संभागीय निरीक्षक अयोध्या ने प्रतिभाग किया। बैठक के दौरान मौजूद अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्देशित किया गया कि सितम्बर माह में युद्ध स्तर पर कार्रवाई करते हुए राजस्व की शत प्रतिशत प्राप्ति सुनिश्चित करें तथा बकाया वसूली हेतु सबसे बड़े बकायेदारों की सूची कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर चस्पा करते हुए संभाग के सभी बकायेदारों से दूरभाष व डोर टू डोर नाकिंग की गति तेज करके प्रभावी बकाया कर वसूली करें।

बैठक की शुरुआत में ही अधिकारियों को निर्देश देते हुए आरटीओ ने कहा कि दलालों या किसी प्रकार की अनियमितता के विरुद्ध जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई जाएगी। इस क्रम में मुख्यमंत्री के निर्देशों का अक्षरशः पालन करते हुए कार्यालय के आस पास यदि अतिक्रमण है तो अनाधिकृत व्यक्तियों के खिलाफ जिला प्रशासन एवं पुलिस से समन्वय कर उनके विरुद्ध निरन्तर कार्यवाही करें। अयोध्या मण्डल के सभी एआरटीओ को कार्यालय की स्थिति पारदर्शी एवं अनाधिकृत व्यक्तियों के हस्तक्षेप से मुक्त रखने तथा काउण्टर से ही कार्य सम्पादित किये जाने के संबंध में भी निर्देशित किया गया। राजस्व लक्ष्य के अनुरूप शत प्रतिशत प्राप्ति न किये जाने पर आरटीओ ने रोष व्यक्त करते हुए निर्देश दिया कि गत वितीय वर्ष के सापेक्ष कम से कम 20 प्रतिशत मासिक एवं क्रमिक वृद्धि हर हाल में सुनिश्चित करें। साथ ही यह भी निर्देश दिये गये कि यात्री वाहनों एवं माल वाहनों के वाहन स्वामी तथा स्कूल वाहनों के वाहन स्वामियों को कर जमा और फिटनेस,परमिट आदि अद्यतन वैध कराने हेतु दूरभाष पर संपर्क करें और जिला प्रशासन की टास्क फोर्स का भी गठन करवायें। बिना फिटनेस वाहनों, पंजीयन समाप्त वाहनों, आयु सीमा पूर्ण कर चुके वाहनों को नोटिस भेजने, प्रपत्र अद्यतन वैध कराने के निर्देश दिए गए एवं समर्पित वाहनों का स्थलीय निरीक्षण करने के निर्देश दिए गए।आरटीओ द्वारा बताया गया कि जो वाहन स्वामी निर्धारित समयावधि में कर जमा नहीं कराते हैं,उनके विरुद्ध कर की वसूली भू-राजस्व की भांति की जायेगी, इसलिए कर जमा करायें। उन्होंने बताया कि सभी वाहन स्वामी अपना कर घर बैठे parivahan.gov.in पर जा कर आन लाइन माध्यम से कर जमा कर सकते हैं और इसके लिए कार्यालय आने की आवश्यकता नहीं है।मण्डल के सभी जिलों के एआरटीओ को निर्देशित किया गया कि आर.सी. प्रेषण करने के साथ राजस्व विभाग की बेबसाइट पर मिलान व प्रतिदिन स्टेटस मानिटर करें, जनपदीय व तहसील स्तर अधिकारियों,अमीनों से अनुश्रवण कर कार्यवाही करें। अनाधिकृत एवं बिना वैध प्रपत्रों के संचालित वाहनों के विरुद्ध स्क्रैपिंग (आरवीएसएफ) की कार्रवाई की जा सकती है, इसलिए वाहन स्वामी तत्काल अपने प्रपत्र वैध करा ले।साथ ही व्यासायिक वाहनों के चालकों को बीमा से आच्छादित कराये जाने की भी समीक्षा की गयी और इसका प्रचार प्रसार करने के लिये कहा गया।इसके साथ ही दर्पण पोर्टल की सभी सेवाओं पर पेंडेन्सी शून्य करने एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने के निर्देश दिये और कहा गया कि पंद्रह वर्ष पूर्ण सरकारी वाहन को निष्प्रयोज्य करने की कार्यवाही सभी विभागों से करवायें।निजी वाहनों का कमर्शियल प्रयोग, एचएसआरपी आदि पर भी प्रभावी प्रवर्तन कार्यवाही व जागरुकता बैठकें आदि के निर्देश दिये गये।बैठक में आरटीओ सुश्री ऋतु सिंह, एआरटीओ सुल्तानपुर नन्दकुमार, एआरटीओ अयोध्या आर.पी.सिंह, एआरटीओ अम्बेडकरनगर सत्येन्द्र यादव, एआरटीओ अमेठी सर्वेश कुमार सिंह, आर.आई प्रेम सिंह तथा अन्य कर्मचारी उपस्थित थे।


## कार्यालय ग्राम पंचायत ज्योनी विकास खण्ड नवाबगंज, फर्रुखाबाद।

पत्रांकः ग्रा0पं0/ 15वां वित्त/राज्य वित्त/मनरेगा योजनान्तर्गत/ वित्तीय वर्ष 2024-2025 — दिनांक 10/09/2024

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

15वां वित्त/राज्य वित्त/मनरेगा योजना के अन्तर्गत ग्राम पंचायत ज्योनी द्वारा कराये जाने वाले निर्माण कार्यों पर सामग्री व अन्य आपूर्ति हेतु निम्नलिखित विवरण के अनुसार रजिस्टर्ड निविदादाताओं से सीलबंद लिफाफे में निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा दिनांक 11/09/2024 से 18/09/2024 तक अपरान्ह 3 बजे तक आमंत्रित की जाती है, जो दिनांक 18/09/2024 को अपरान्ह 4 बजे प्रधान/सचिव के समक्ष खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र ग्रा0पं0 कार्यालय से रु0 500 नगद जमा कर प्राप्त किये जा सकते है।

| क्र.स | कार्य का नाम | सामग्री लागत (लाख रु0 में) | जमानत धनराशि | टेण्डर मूल्य |
|---|---|---|---|---|
| 1- | मैन रोड से रवेन्द्र के दरवाजे तक सीसी रोड व नाली निर्माण कार्य | 2 लाख | 2 प्रतिशत | 500 |
| 2- | अमीर चन्द्र के घर से संजू के घर तक इंटरलाकिंग व नाली निर्माण कार्य | 4.55 लाख | 2 प्रतिशत | 500 |
| 3- | मैन रोड से बलवीर के घर तक इंटरलाकिंग व नाली निर्माण कार्य | 2.25 लाख | 2 प्रतिशत | 500 |
| 4- | ओमकार सिंह के घर से कबीर आश्रम तक दोनों तरफ नाली व इंटरलाकिंग कार्य | 4.60 लाख | 2 प्रतिशत | 500 |
| 5- | अमीर चन्द्र के घर से दुर्वेश के घर तक इंटरलाकिंग कार्य | 4.90 लाख | 2 प्रतिशत | 500 |

**नियम व शर्ते-** निविदा ग्राम पंचायत कार्यालय में अवकाश को छोड़कर किसी भी कार्य दिवस में देखी जा सकती है।

**प्रधान (बबलू)　ग्रा0पं0 ज्योनी, नवाबगंज　सचिव (बृजेश यादव)**

## कार्यालय ग्राम पंचायत मझोला विकास खण्ड कायमगंज, फर्रु0

पत्रांकःमीमो/ ग्रा0पं0/15वां वित्त/ राज्य वित्त टेण्डर प्रकाशन वित्तीय वर्ष 2024-2025 — दिनांक 10/09/2024

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

15वां वित्त/राज्य वित्त योजना के अन्तर्गत ग्राम पंचायत मझोला द्वारा कराये जाने वाले निर्माण कार्यों पर सामग्री व अन्य आपूर्ति हेतु निम्नलिखित विवरण के अनुसार निविदादाताओं से सीलबंद लिफाफे में निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा दिनांक 11/09/2024 से 17/09/2024 तक अपरान्ह 3 बजे तक आमंत्रित की जाती है, जो दिनांक 17/09/2024 को अपरान्ह 4 बजे प्रधान/सचिव/अवर अभियंता एवं उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र ग्रा0पं0 कार्यालय से रु0 100 नगद जमा कर प्राप्त किये जा सकते है।

| क्र.स | कार्य का नाम | सामग्री लागत (लाख रु0 में) | जमानत धनराशि | टेण्डर मूल्य |
|---|---|---|---|---|
| 1- | सलमान के बाग से रुप सिंह के घर तक नाली निर्माण कार्य | 2.20 लाख | 2 प्रतिशत | 100 |
| 2- | सलमान के बाग से चन्द्रपाल के घर तक इंटरलाकिंग निर्माण कार्य | 4.30 लाख | 2 प्रतिशत | 100 |
| 3- | विनोद के घर से प्रताप के घर तक नाली निर्माण कार्य | 1.74 लाख | 2 प्रतिशत | 100 |
| 4- | विनोद के घर से प्रताप के घर तक इंटरलाकिंग निर्माण कार्य | 3.07 लाख | 2 प्रतिशत | 100 |
| 5- | चन्द्रपाल के घर से सोलर प्लांट तक नाला निर्माण कार्य | 2.14 लाख | 2 प्रतिशत | 100 |
| 6- | सोलर प्लांट से राजा के घर तक नाला निर्माण कार्य | 2.15 लाख | 2 प्रतिशत | 100 |
| 7- | चन्द्रपाल के घर से रुप सिंह के घर तक इंटरलाकिंग कार्य | 3.66 लाख | 2 प्रतिशत | 100 |
| 8- | राजा के घर से ट्रासफार्मर तक नाला निर्माण कार्य | 6.50 लाख | 2 प्रतिशत | 100 |
| 9- | मैन सीसी से विजय पाल के घर तक नाली निर्माण कार्य | 1.93 लाख | 2 प्रतिशत | 100 |
| 10 | मैन सीसी से विजय पाल के घर तक इंटरलाकिंग कार्य | 3.23 लाख | 2 प्रतिशत | 100 |

**नियम व शर्ते-** निविदा ग्राम पंचायत कार्यालय में अवकाश को छोड़कर किसी भी कार्य दिवस में देखी जा सकती है।

**प्रधान (रामकली)　ग्रा0पं0 मझोला, कायमगंज　ग्राम विकास अधिकारी (शशि देव सिंह)**

# एडीएम ने तीन दिवस में अधिकारियों को स्पष्टीकरण उपलब्ध कराने के दिए निर्देश

- अपर जिलाधिकारी ने आईजीआरएस प्रकरणों के निस्तारण के संबंध ली बैठक

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़**




**अपर जिलाधिकारी** आशीष कुमार सिंह एवं अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) देवेन्द्र सिंह ने संयुक्त रुप से कलेक्ट्रेट गांधी सभागार में आईजीआरएस प्रकरणों के निस्तारण के संबंध में बैठक ली। जिलाधिकारी के निर्देशन में आईजीआरएस संदर्भो के गुणवत्तापरक निस्तारण के संबंध में फीडबैक खराब होने तथा जिले की रैंकिंग प्रभावित होने की स्थिति में मुख्य चिकित्साधिकारी, उप जिलाधिकारी छिबरामऊ, उप जिलाधिकारी कन्नौज, उप जिलाधिकारी तिर्वा, बन्दोबस्त अधिकारी चकबन्दी, अधिक्षण अभियंता विद्युत, क्षेत्राधिकारी नगर, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद छिबरामऊ, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी, जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी को तीन दिवस के अन्दर स्पष्टीकरण उपलब्ध कराने के निर्देश दिये गये। अपर जिलाधिकारी ने कहा कि आईजीआरएस सन्दर्भ के निस्तारण में जनपद की रैंकिंग खराब होने पर लापरवाही बरतने वाले अधिकारी के विरुद्ध प्रतिकूल प्रवष्टि/वेतन रोकने जैसी कठोर कार्रवाई की जायेगी। कहा कि आईजीआरएस शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता में है। जन शिकायतों एवं समस्याओं के निस्तारण में गंभीरता लाएं। अपर जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिये कि सभी के मोबाइल में आईजीआरएस ऐप इंस्टाल होना चाहिये। ऑपरेटर आधारित व्यवस्था को छोड़े और शिकायतो को स्वयं देखकर समय से गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करें। जनपद की बेहतर रैंकिंग आए, इसके लिए सभी अधिकारी हर संभव प्रयास करें। शिकायत के निस्तारण के बाद शिकायतकर्ता से फीडबैक भी लिया जाए। उन्होने खण्ड विकास अधिकारियो को निर्देश दिये कि एडीओ पंचायत स्तर से संबंधित शिकायतो का निस्तारण यथाशीघ्र कराया जाये। बैठक में प्रशिक्षु आईएएस स्मृति मिश्रा, जिला विकास अधिकारी नरेन्द्र देव द्विवेदी सहित संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# उप्र मिलेट्स पुनरोद्धार कार्यक्रम के अन्तर्गत कृषक प्रशिक्षण आयोजित

- विकास खण्ड स्तरीय कृषक प्रशिक्षण में किसानों को दिया प्रशिक्षण

**जलालाबाद, समृद्धि न्यूज़**




प्रशिक्षण में किसानों को जानकारी देते वैज्ञानिक डॉ. अमर सिंह

**उ0प्र0 मिलेट्स** पुनरोद्धार कार्यक्रम राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन योजनान्तर्गत आयल सीड कृषक प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। मंगलवार को कस्वा के राजकीय कृषि बीज भंडार में विकास खण्ड स्तरीय कृषक प्रशिक्षण में अध्यक्षता कर रहे। अरविन्द कुमार एडीओ ( एजी) एवं राकेश कुमार एडीओ (पीपी) तथा कृषि विज्ञान केंद्र अनौगी के वैज्ञानिक डॉ अमर सिंह एवं डॉ अमरेंद्र सिंह ने कृषक प्रशिक्षण में कृषकों को प्रशिक्षित किया। एडीओ (एजी) अरविंद कुमार द्वारा मृदा स्वास्थ्य संरक्षण एवं प्राकृतिक खेती के सम्बन्ध में किसान भाइयों को जानकारी दी गई। वैज्ञानिक डॉ अमर सिंह ने धान की सीधी बुवाई से होने वाले लाभ एवं लागत में कमी के सम्बन्ध में किसान भाइयों को अवगत कराया। साथ ही जैविक खाद एवं गौ आधारित खेती के बारे में भी बताया गया। इस मौके पर प्रभारी विमलेश कुमार, दिलीप कुमार, सुमित कुमार, शैलेंद्र कुमार सहित किसान उपस्थित रहे।

# खबरें चलते-चलते

## बिना डिग्री व पंजीयन के अस्पतालों में मरीजों का कर रहे इलाज

**छिबरामऊ कन्नौज।** कस्बे ब ग्रामीण क्षेत्र में झोलाछाप डॉक्टरों की दुकान है दिनों दिन बढ़ती जा रही है इन फर्जी डॉक्टरों द्वारा मरीजों के जीवन से खिलवाड़ किया जा रहा है कस्बा क्षेत्र में जगह-जगह बिना रजिस्ट्रेशन वाले अस्पताल का संचालन कर रहे हैं डॉक्टर इतना ही नहीं हॉस्पिटलों के नाम पर बड़े-बड़े शहरों की तर्ज पर रखते हैं शहर के पास नगला दिलू मैं 100 सैया संयुक्त चिकित्सालय के पूर्व मुख्य चिकित्सा अधीक्षक वर्तमान चिकित्सक मैं प्राइवेट नर्सिग होम खोल रखा है जिसमें 100 सैयद संयुक्त चिकित्सालय में तैनात चिकित्सा वापुर में तैनात चिकित्सक कर रहे हैं धन उगाई जिससे लोग आसानी से प्रभावित हो जाते हैं मेरी अच्छा डॉक्टर समझ कर इलाज करवाते हैं लेकिन उन्हें इस बात का पता नहीं रहता है कि उनका इलाज भगवान भरोसे किया जा रहा है डॉक्टर के लिए वह धंधा काफी लाभदायक है मरीज को लुभाने के लिए बड़े डॉक्टर की तर्ज पर मरीज की जांच करवाते हैं और जांच के आधार पर मरीज का इलाज करते हैं क्षेत्र में कई हॉस्पिटल बिना पंजीकरण के चल रहे हैं फर्जी डॉक्टरों में इस कौरव धंधे को और लाभदायक बनाने के लिए बड़े शहरों के कुछ निजी अस्पतालों से भी साथ घाट बनाए रखी है मरीज की हालत ज्यादा खराब गंभीर होने पर उन्हें अस्पतालों में भेज देते हैं जहां से उन्हें अच्छा खासा कमीशन के तौर पर फायदा होता है फर्जी डॉक्टरों का कस्बा ही नहीं ग्रामीण क्षेत्रों में भी धंधा खूब फल फूल रहा है यह फर्जी डॉक्टर ग्राम स्तर पर शाखाएं जमा हुए हैं इलाज और यह डॉक्टर वही दवा लिखते हैं जिसमें इन्हें अच्छा खासा कमीशन मिल सके अक्सर ऐसे मामले दिखने को मिलते हैं की फर्जी डॉक्टर या उसके कंपाउंडर की वजह से मरीज की जान पर आ जाती है तब यह फर्जी डॉक्टर अपने बचाव के लिए मरीज को बड़े शहरों में प्राइवेट स्थान के लिए रेफर कर देते हैं स्वास्थ्य विभाग एवं प्रशासन को इसकी भनक तक नहीं है कि क्षेत्र में फर्जी डॉक्टर द्वारा कितने बिना पंजीकरण के क्लीनिंग वह अस्पताल का संचालन किया जा रहा है शहर के मोहल्ले मोहल्ले मेडिकल स्टोर में क्लीनिंग खुले हुए हैं जिससे मैरिज कहीं बाहर नहीं जा पाते हैं क्योंकि कस्बे के हर गली मोहल्ले में चार छे झोलाछाप डॉक्टर अपनी अपनी क्लीनिंग खोले हुए हैं जिससे खुलेआम गरीबों का खून चूस रहे हैं कोई तो डी फार्मा करे हुए हैं कोई प्राइवेट झोलाछाप डॉक्टर के यहां कंपाउंड्री करे हुए हैं वह भी मोहल्ले में अपनी-अपनी दुकान खोलकर बैठ गए हैं।

## बिजली के पोल पर लटकता मिला किशोरी का शव

छिबरामऊ। कोतवाली क्षेत्र के सराय दायमगंज गांव मे एक किशोरी का शव मक्का के खेतों में खड़े एक बिजली के पोल पर फंदे से लटकता मिला परिजनों ने घटना की जानकारी पुलिस को थी मौके पर पहुंचे पुलिस जांच पड़ताल में जुट गई। छिबरामऊ कोतवाली क्षेत्र के सराय दायमगंज निवासी भूप सिंह की पुत्री रागिनी का शब एक मक्का के खेत में खड़े बिजली के पोल में फांसी के फंदे पर लटकते मिलने से गांव में सनसनी फैल गई। आई लव यू उसका शब सोमवार की दिन रात आई लव यू उसका शव सोमवार की दिन रात करीब 11 बजे फसी के फंदे पर मिलने से हड़कंप मच गया वही परिजनों ने घटना की जानकारी पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस जांच में जुटी गई। वहीं परिजनों द्वारा हत्या की आशंका जताई गई है। मृतिका रागनी के कपड़े फटे हुए थे। वही मौके पर पहुंची फोरेंसिक टीम ने नमूने लिए जिसके बाद पुलिस ने शव को कब्जे मे लेकर पंचनामा पर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। वही इस मामले में प्रभारी निरीक्षक सचिन कुमार सिंह ने बताया कि मुकदमा पंजीकृत हो गया है आरोपियों की जल्दीही गिरफ्तारी की जाएगी।

# राष्ट्रीय लोक अदालत के प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

- 14 सिंतबर को आयोजित होगी राष्ट्रीय लोक अदालत

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़**




प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते न्यायाधीश चन्द्रोदय कुमार — समृद्धि न्यूज

**सचिव जिला** विधिक सेवा प्राधिकरण लवली जायसवाल की देखरेख में न्यायालय से न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण चन्द्रोदय कुमार द्वारा 14 सिंतबर को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत के प्रचार-प्रसार हेतु प्रचार वाहन को हरी झण्डी दिखाकर परिवार न्यायालय, एम0ए0सी0टी0 कोर्ट, पुलिस कार्यालय, कलेक्ट्रेट, विकास भवन, सी0एम0ओ0, नगरपालिका सदर जिला अस्पताल होते हुये पाल चौराहा, तहसील सदर, ग्राम न्यायालय तिर्वा, तहसील तिर्वा, एवं बाह्य न्यायालय छिबरामऊ, तहसील छिबरामऊ के गाँवों के साथ ही साथ अन्य सार्वजनिक स्थानों पर लोक अदालत के व्यापक प्रचार प्रसार हेतु जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से जनपद न्यायालय कन्नौज से रवाना किया गया। इस मौके पर अपर जनपद न्यायधीश-प्रथम/ नोडल अधिकारी राष्ट्रीय लोक अदालत लोकेश वरूण तथा समस्त न्यायिक अधिकारीगण एवं लीगल एड डिफेन्स काउन्सिल, पैनल अधिवक्ता, पराविधिक स्वयं सेवक एवं समस्त कर्मचारीगण उपस्थित रहे। इसीकम में प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय, पीठासीन अधिकारी मोटर दुर्घटना परितोष अधिकरण, जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक, मुख्य चिकित्साधिकारी, द्वारा प्रचार-प्रसार वाहन को हरी झण्डी दिखा कर रवाना किया गया। जिससे प्रत्येक तहसील के गाँवों एवं सुदुर क्षेत्रों में लोक अदालत का व्यापक प्रचार प्रसार हो सके एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा विधिक साक्षरता शिविरों के माध्यम से लोंगों को जागरूक किया जा रहा है।

# राष्ट्रीय लोक अदालत के प्रचार प्रसार हेतु वाहन को झंडी दिखाकर किया रवाना




**छिबरामऊ कन्नौज।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष जनपद न्यायाधीश चंद्रोदय कुमार एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव अपर जिला जज श्रीमती लवली जायसवाल के निर्देश पर- जनमानस को 14 जुलाई 2024 को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत के प्रचार प्रसार हेतु प्रचार वाहन को संजय सिंह वरिष्ठ लिपिक ने झंडी दिखाकर रवाना किया निशुल्क विधिक सहायता उपलब्ध कराए जाने के सम्बंध में, वैवाहिक विवाद के बारे में, हेल्पलाइन नंबर 15100 के बारे में,घरेलू हिंसा से संबंधित,विरासत एवं कृषि दुर्घटना योजना, आदि की जानकारी प्रचार वाहन से दी जाएगी जिसमे मोहम्मद साजिब ,मोशमीन बेगम पीएलवी एवम पालिका के कर्मचारी अमरदीप, प्रदीप कश्यप, रमेश चंद्र, ज्ञानेद कुमार, रामबीर, प्रवेश यादव, रामेंद्र सिंह, दयाशंकर सैनी मनोज कुमार, अभय तिवारी, फिरोज, अमर आदि कर्मचारी उपस्तिथि हुए।

# ईओ नें हरी झण्डी दिखाकर प्रचार वाहन को रवाना किया




पालिका कार्यालय से प्रचार वाहन को रवाना करते ईओ — समृद्धि न्यूज

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज**

**दिनांक** 14 सितंबर को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत को सफ्ल बनाने एवं नागरिकों को जागरूक करनें के उददेश्य से अधिसाषी अधिकारी ने कर्मियों के साथ पालिका कार्यालय से प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना। मंगलवार को स्थानीय नगर पालिका परिषद में प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना करनें के उपरान्त अधिसाषी अधिकारी अनिल पंडित ने कहा कि त्वरित, सस्ता, सुलभ न्याय प्रत्येक भारतीय का नैतिक अधिकार है। राष्ट्रीय लोक अदालत तहसील न्यायालय से लेकर सर्वोच्च न्यायालय स्तर तक किसी भी न्यायालय अथवा विभागीय मामलों को सुलह समझौते के आधार पर निस्तारित किये जाने हेतु आवेदन पत्र देकर अंतिम आदेश व निर्णय प्राप्त कर सदैव के लिये लम्बित मामले से छुटकारा पानें का स्वर्णिम अवसर है। कहा कि लोक अदालत में दीवानी/फौजदारी एवं राजस्व न्यायालय में लम्बित मुकदमों के साथ प्री-लिटिगेशन, मोटर वाहन अधिनियम से संबन्धित वाद, बिजली एवं जल के बिल सं संबन्धी शमनीय वाद, बैंक रिकबरी वाद एवं वैवाहिक विवादों का समाधान भी सुलह समझौते के माध्यम से कराया जायेगा। इस दौरान उनके साथ वरिष्ठ लिपिक आरपी सिंह, जिलेदार सिंह, राजेश वर्मा, अशोक शर्मा, जगदीश सिंह, जनार्दन मिश्रा, मनोज तिवारी, गौरव मिश्रा सहित तमाम कर्मी मौजूद रहे।

# समाजसेवियों एवं नागरिकों ने की विघ्न विनाशक की आरती बंदना

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज**



गणेश महोत्सव में पूजा बंदना करते भाजपा पिछडा मोर्चा क्षेत्रीय महामंत्री

**भगवान** श्री गणेश महोत्सव के चलते विघ्न विनाशक एवं प्रथम पूज्य भगवान श्री गणेश की भक्ति में समूचा नगर लीन दिखाई दे रहा है। गणेश महोत्सव पर जनप्रतिनिधियों सहित श्रद्धालुओं ने विधि विधान से पूजा वंदना करने के बाद प्रसाद ग्रहण किया।

बीती शाम नगर के मोहल्ला रामगंज, चकोर रोड, तिर्वारोड, रामकिशन नगर, गांधीनगर आदि स्थानों पर चल रहे गणेश महोत्सव में भाजपा पिछडा मोर्चा महामंत्री विनय वर्मा, भाजपा क्षेत्रीय मंत्री देवेन्द्र देव, भाजपा नगर अध्यक्ष धर्मेन्द्र कौशल, भाजयुमों नगर अध्यक्ष मानव गुप्ता, सभासद प्रतिनिधि दीपक गुप्ता आदि ने विघ्न विनाशक भगवान श्री गणेश की पूजा अर्चना कर आरती उतारी। जिसके बाद श्रद्धालुओं ने भगवान श्री गणेश को भोग लगाकर प्रसाद वितरित किया। इस दौरान विभिन्न स्थानों पर सभासद सुनील सैनी उर्फसोनू नेता, चरणजीत, परमजीत, सुरेन्द्र कुमार, आजाद चक, संतोष गुप्ता उर्फ मुल्लू, कपिल यादव, शिवा गुप्ता आदि मौजूद रहे।

# हैंडबॉल प्रतियोगिता में छात्रों ने दिखाया दम



**जलालाबाद, समृद्धि न्यूज़**

- प्रथम जनपद स्तरीय हैंडबॉल प्रतियोगिता में कई विद्यालय के छात्रों ने लिया भाग
- अंडर 14, 17, 19 बालक वर्ग में राजकीय मॉडल इंटर कॉलेज जसोदा टीम रही विजेता

**क्षेत्र के** फतेहपुर जसोदा स्थित पंडित दीनदयाल उपाध्याय राजकीय मॉडल इंटर कॉलेज में प्रथम जनपद स्तरीय हैंडबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ जिला विद्यालय निरीक्षक पूरन सिंह द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। प्रतियोगिता में राजकीय इंटर कॉलेज समधन, पंडित दीनदयाल उपाध्याय राजकीय मॉडल इंटर कॉलेज फतेहपुर जसोदा, पंडित दीनदयाल उपाध्याय राजकीय मॉडल इंटर कॉलेज बिरौली, आकाश एजुकेशन सेंटर गुरसहायगंज की टीमों ने प्रतिभाग किया। जिसमें अंडर 17, अंडर 19 बालक वर्ग मे पंडित दीनदयाल उपाध्याय राजकीय मॉडल इंटर कॉलेज फतेहपुर जसोदा कि टीम विजेता और पंडित दीनदयाल उपाध्याय राजकीय मॉडल इंटर कॉलेज बिरौली की टीम उपविजेता रही। अंडर 14 बालक वर्ग मे राजकीय इंटर कॉलेज समधन उपविजेता और पंडित दीनदयाल उपाध्याय राजकीय मॉडल इंटर कॉलेज फतेहपुर जसोदा विजेता रही।

इस मौके पर विद्यालय के प्रधानाचार्य शिव मोहन सिंह कुशवाहा, स्पोर्ट्स फॉर स्कूल के जनपद नोडल अजय कुमार यादव, क्रीड़ा सचिव सुनील यादव, निर्णायक मंडल चंद्रभान यादव, अभिषेक वर्मा, आदित्य गंगवार, नरेंद्र खैरवार, राहुल त्रिपाठी, संगीता वर्मा सहित स्टाफ मौजूद रहा।

**गोष्ठी** — मेडिकल कॉलेज के ऑडिटोरिएम सभागार में महिला कल्याण विभाग द्वारा आयोजित हुई वूमेन वर्कशाप गोष्ठी

# कार्यस्थल पर महिलाओं के उत्पीड़न को लेकर किया जागरूक

- विषय विशेषज्ञों ने लैंगिक उत्पीड़न को लेकर महिलाओं को दी कानूनी जानकारियां

**तिर्वा। समृद्धि न्यूज**




दीप पृज्जवलन करते मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. सीपी पाल व अन्य — समृद्धि न्यूज

राजकीय मेडिकल कॉलेज के ऑडिटोरिएम सभागार में मंगलवार को जिले के महिला कल्याण विभाग द्वारा महिलाओं के कार्यस्थल पर लैगिंक उत्पीड़न अधिनियम 2013 को लेकर वूमेन सेफ्टी प्रोग्राम वर्कशाप का आयोजन किया गया। इसमें विषय विशेषज्ञों ने कार्य स्थल पर महिलाओं के होने वाले उत्पीड़न को लेकर विस्तार से चर्चा की। उन्हे जागरूक करते हुए उनकी सुरक्षा व कानूनी अधिकारों के बारे में बताया। कार्यक्रम की शुरूआत मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ.सीपी पाल, सीएमएस डॉ.दिलीप सिंह, जिला प्रोवेशन अधिकारी ईरा आर्या, रिटायर्ड पीसीएस अधिकारी डीके वर्मा व डॉ. संजय श्रीवास्तव ने संयुक्त रूप से दीप पृज्जवलन कर की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए आली की कॉडिनेटर नीतू ने कहा कि महिलाओं के कार्यस्थल पर इंटर्नल कमेटी व लोकल कमेटी का गठन होता हैं। जिसमें कोई भी पीड़ित महिला अपनी शिकायत दर्ज करा सकती है। इसके अलावा सी बॉक्स के जरिए आनलाइन शिकायतें भी दर्ज कराई जा सकती है। शिकायत मिलने पर तुरंत जांच शुरू होती है। शिकायत सही पाए जाने पर दोषी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की अनुशंसा होती है। आली की ही आलिमा जैदी ने कार्यस्थल पर महिलाओं के साथ होने वाले लैंगिक उत्पीड़न के बारे में जानकारी दी। बताया कि किस तरह से महिलाएं उत्पीड़न का विरोध कर सकती है। उन्होने भी सी बॉक्स के बारे में विस्तार से बताया कि ऑनलाइन शिकायतें दर्ज होने पर कड़ी कार्रवाई की जाती है। स्थानीय परिवाद समिति की चेयरपर्सन सिमरन शर्मा ने कहा कि महिलाएं कार्यस्थल पर अनुशासन व संयम में रहकर अपनी ड्यूटी निभाएं। इसके बावजूद भी यदि उनका कोई शोषण करने का प्रयास करता है, तो तत्काल अपनी शिकायत दर्ज कराएं। रिटायर्ड पीसीएस अधिकारी डीके वर्मा ए,बी,सी के जरिए उदाहरण देते हुए बताया कि महिलाओं को कार्यस्थल पर हमेशा, अवेयरनेस, बिलीव व इन्जावमेंट के साथ काम करना चाहिए। उन्होने कहा कि पहले अपने को जाने। तत्पश्चात अपनो को जाने। खुद को जान लेने व दूसरों को समझ लेने से व्यक्ति कभी धोखा नहीं खाता। डॉ.संजय श्रीवास्तव ने कार्पोरेट टेऊनिंग व पर्सनल डेवलपमेंट के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होने चेतन मस्तिष्क व अचेतन मस्तिष्क के बारे में भी कई उदाहरण देकर मौजूद लोगों को समझाया। बताया कि किस तरह से हमारा मस्तिष्क खतरों को लेकर जागरूक करता है। कार्यक्रम के अंत में प्रधानाचार्य डॉ.सीपी पाल ने आए सभी अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में एमबीबीएस स्टूडेंटस, चिकित्सा शिक्षकों के अलावा वनस्टॉप सेंटर की केन्द्रीय प्रशासक विनीता कुमारी, मनोसमाजिक परामर्शदात्री संघमित्रा के अलावा समस्त स्टॉफ मौजूद रहा।

# सीएम डैशबोर्ड में जनपद की रैंकिंग खराब होने पर डीएम नाराज

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

**जिलाधिकारी** डॉ0 वी0के0 सिंह की अध्यक्षता में सी0एम0 डैशबोर्ड की समीक्षा बैठक का आयोजन कलेक्ट्रेट सभागार में किया गया।

बैठक में जनपद की रैंकिंग खराब होने पर जिलाधिकारी द्वारा नाराजगी जताई गई। समीक्षा में चिकित्सा विभाग की एम्बुलेन्स सेवाएं, समाज कल्याण, पंचायती राज विभाग, कृषि विभाग, जलजीवन मिशन, बेसिक शिक्षा विभाग, लोक निर्माण विभाग, पशु चिकित्सा, पिछड़ा वर्ग, दिव्यांगजन विभाग, एनआरएलएम का कार्य अत्यंत खराब पाया गया। जिलाधिकारी द्वारा मुख्य विकास अधिकारी को रैंक खराब होने के लिये जिम्मेदार अधिकारियों को चिन्हित कर उनके खिलाफ कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट महेंद्र सिंह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी व संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।



बैठक लेते जिलाधिकारी व मौजूद अधिकारीगण — समृद्धि न्यूज

## जिलाधिकारी के निर्देश पर बाइक चोरी का मुकदमा दर्ज

कायमगंज, समृद्धि न्यूज

**कोतवाली क्षेत्र** के मोहल्ला पाठक निवासी अभिषेक दुबे पुत्र शंकर दयाल दुबे ने तहसील दिवस में जिलाधिकारी को शिकायती पत्र देकर कहा है कि मेरी मोटर साइकिल स्प्लेंडर प्लस नम्बर यू.पी.76 एबी 9117 घर के बाहर खड़ी थी। दिनांक 19.8.2024 को मेरी मोटर साइकिल को अज्ञात चोरों द्वारा चोरी कर ली गई। यह घटना मेरे मोहल्ले में लगे सी0सी0टी0वी0 कैमरे मे कैद हो गयी। मैंने पिछले 20 दिनों से कई बार कोतवाली कायमगंज और पूर्व कस्बा चौकी इन्चार्ज को शिकायती पत्र दिया, लेकिन अभी तक रिपोर्ट नहीं लिखी गई। जिलाधिकारी के निर्देश पर कोतवाली पुलिस ने धारा 303/2 में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# जिलाधिकारी को निर्माणाधीन गौशाला की गुणवत्ता मिली खराब

- कार्य रुकवाने व उच्च स्तरीय कमेटी द्वारा जाँच कराने के दिये निर्देश

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

**जिलाधिकारी** डॉ. वीके सिंह द्वारा निर्माणाधीन गौशाला अछरौड़ा विकास खंड मोहम्मदाबाद का निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण में कार्य की गुणवत्ता खराब पाई गई। पिलर की ढलाई ठीक नहीं पाई गई। दो शेड का काम अधूरा व दो शेड का काम शुरू हुआ नहीं पाया गया। कार्यदायी संस्था यू0पी0सी0एल0डी0एफ0 को अगस्त तक कार्य समाप्त करना था। केवल 25 प्रतिशत कार्य ही पूर्ण हुआ है। डी0पी0सी0 की क्वालिटी खराब पाई गई। चिनाई सही तरीके से नहीं हुई है। ईंट दोयम दर्जे की पाई गई। मौके पर कार्यदायी संस्था का कोई भी अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित नहीं पाया गया। वर्कमैनशिप कार्य की क्वालिटी मानक के अनुरूप नहीं पाये जाने पर जिलाधिकारी द्वारा कार्य रुकवाने व कार्य की उच्च स्तरीय कमेटी द्वारा जाँच कराने के निर्देश दिये गये। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी, प्रशिक्षु डिप्टी कलेक्टर, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी व खंड विकास अधिकारी उपस्थित रहे।


कर्मचारी को दिशा निर्देश देते जिलाधिकारी — समृद्धि न्यूज

# आवारा सांडों ने वृद्ध को पटक-पटक कर उतारा मौत के घाट

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज




**सुबह टहलने** निकले वृद्ध को आवारा सांडों ने पटक-पटक कर मौत के घाट उतार दिया। सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। वहीं मृतक के परिजनों ने मुआवजा दिये जाने की मांग की है।

जानकारी के अनुसार आवारा गौवंशों से नगरवासी परेशान हैं। यह गौवंश कई बार लोगों पर हमला कर उन्हें घायल अथवा मौत के घाट उतार चुके हैं, लेकिन नगर पालिका इन्हें पकड़ने की जेहमत नहीं उठा रही है। मंगलवार को सुबह थाना कादरीगेट के ग्राम देवरामपुर निवासी 105 वर्षीय राजाराम मंगलवार सुबह टहलने निकले। उसी दौरान दो सांड अचानक आ गए और उन्होंने राजाराम पर हमला कर दिया। सांडों ने पटक-पटककर राजाराम को मौत के घाट उतार दिया। जानकारी होने पर परिजन मौके पर पहुंचे। राजाराम की अचानक हुई मौत से परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। मृतक के पौत्र मोहित जाटव निवासी भोपतपट्टी ने पुलिस को घटना के संबंध में तहरीर दी। जिसमें मुआवजा दिए जाने की मांग भी की गई है।

# आगामी त्योहारों को लेकर थानाध्यक्ष ने ली पीस कमेटी की बैठक

- गणेश महोत्सव व वारह रवीउल अव्वाल को लेकर दिये दिशा निर्देश

नवाबगंज, समृद्धि न्यूज

**थानाध्यक्ष ने** आगामी त्योहारों को लेकर पीस कमेटी की बैठक बुलायी। जिसमें दोनों समुदायों के धर्म गुरुओं से बातचीत कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

जानकारी के अनुसार कस्बा नवाबगंज स्थित थाना प्रांगण पर थाना अध्यक्ष बलराज भाटी ने वारह रवीउल अव्वल तथा गणेश महोत्सव को लेकर पीस कमेटी की बैठक बुलायी। जिसमें सभी समुदाय के धर्म गुरुओं को बुलाकर थाना अध्यक्ष बलराज भाटी ने आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए बताया कि जिस दिन गणेश महोत्सव का समापन है, उसी दिन वारह रवीउल अव्वल का त्यौहार है। जिसमें दोनों तरफ से जुलूस निकाले जाते हैं, लेकिन ऐसा ना करके मुस्लिम समुदाय के लोग सुबह से अपना जुलूस निकालकर 1.00 बजे तक समापन कर दें। वहीं उसके बाद कस्बे में चल रहे गणेश महोत्सव के विसर्जन के लिए 1.00 बजे के बाद का समय रखने के निर्देश थाना अध्यक्ष ने दिए। इस मौके पर थाना अध्यक्ष बलराज भाटी, दरोगा हेमंत कुमार, इंद्रजीत सिंह, गिरीश चंद्र तथा गणेश महोत्सव के मंझना रोड के संस्थापक अरविंद प्रताप, शेष दीप, अंकित कुमार, गुड्डू सक्सेना, सुखवीर सिंह शाक्य, दिनेश शाक्य, मुकेश कश्यप, संजीव कश्यप, दिनेश सिंह, रामसेवक सक्सेना, दुष्यंत कश्यप, जाफर नगर के मस्जिद के पेश इमाम नजमुल कादरी, मौलाना अकरम खान तथा क्षेत्र के सभी मस्जिदों के धर्मगुरु व मंदिरों के पुजारी आदि बैठक में मौजूद रहे।


पीस कमेटी की बैठक लेते थानाध्यक्ष — समृद्धि न्यूज

# खबरें चलते-चलते

## बैगनआर कार की टक्कर से बाइक सवार दो युवक घायल


अस्पताल में घायल का उपचार करते चिकित्सक

**मोहम्मदाबाद, समृद्धि न्यूज।** बैगनआर कार की टक्कर से बाइक सवार दो युवक घायल हो गये। जिन्हें एक प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार मंगलवार को थाना मेरापुर के गांव अर्जुनपुर निवासी रजत सिंह 17 वर्ष व अनुराग सिंह 18 वर्ष बाइक से अपने आधार कार्ड का बेरीफिकेशन करवाने फर्रुखाबाद गये थे। वहां से वापस घर आ रहे थे, तभी खाटू श्याम मंदिर के पास एक बैगनआर कार ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। जब तक लोग कार को पकड़ पाते, तब तक वह कार लेकर भाग गया। घायलों को एक प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

## पत्नी से विवाद में पति ने स्वयं को मारा चाकू


सीएचसी में घायल

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** पत्नी से विवाद होने पर पति ने पेट में चाकू मारकर आत्महत्या करने का प्रयास किया। परिजन सीएचसी में लेकर पहुंचे। जहां हालत बिगड़ने पर लोहिया अस्पताल रेफर कर दिया गया। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के गाँव पहाडपुर अठसैनी निवासी आशीष कुमार उम्र 30 पुत्र बादल सिंह का खाने को लेकर पत्नी से विवाद हो गया। गुस्साए पति ने अपने पेट में चाकू मारकर आत्महत्या का प्रयास किया। हालत बिगड़ने पर परिजन उसे लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लेकर पहुंचे। जहां डियूटी पर तैनात चिकित्सक डॉ0 जितेन्द्र कुमार ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत गम्भीर होने पर लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

## न्यायालय के आदेश पर मुकदमा दर्ज

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला श्यामनगर गंगा दरवाजा निवासी अजय कुमार गुप्ता पुत्र कृष्ण कुमार गुप्ता ने न्यायालय के आदेशानुसार कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराते हुए कहा है कि मेरा भाई प्रवीन गुप्ता अपने तीन अज्ञात साथियों के साथ मिलकर आया और मेरे साथ धोखाधड़ी कर रुपये ले लेना। रुपये वापस मांगने पर गाली-गलौज कर मेरे साथ मारपीट करना तथा जान से मारने की नियत से मेरे ऊपर फायर करना। फायर मिस होने के सम्बन्ध में न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने धारा-147, 420, 406, 504, 323, 325, 506, 307 आई.पी.सी. के अन्तर्गत मुकदमा दर्ज कराया है।

# उर्वरक की ओवररेटिंग करने वाले दुकानदार पर दर्ज कराया जाये मुकदमा: डीएम


बैठक लेते जिलाधिकारी डॉ0 वी0के0 सिंह — समृद्धि न्यूज

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** जिलाधिकारी डॉ0 वी0के0 सिंह की अध्यक्षता में कलक्ट्रेट सभागार में कृषकों को उर्वरक उपलब्धता के संबंध में जिला स्तरीय समिति की बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक में जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि जनपद में रवी सीजन के लिये सभी कृषकों के लिये पर्याप्त उर्वरक की उपलब्धता सुनिश्चित की जाये, उर्वरक पर ओवररेटिंग न हो, वेट सही हो, कोई भी आर्टिफिशियल क्राइसेस क्रिएट न हो, कोई भी विक्रेता ओवररेटिंग करे तो उसके खिलाफ सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया जाये। कृषि विभाग से अपेक्षा की गई कि ये सुनिश्चित करे कि सभी डीलर के यहाँ उर्वरक की उपलब्धता हो। किसानों को जागरूक करे कि फसलों में उर्वरक की ओवरडोजिंग से बचें। सभी उर्वरक कंपनी जनजागरूकता अभियान चलायें। जो कंपनी किसानों को उर्वरक की ओवरडोजिंग से बचने के लिये जागरुकता अभियान न चलाये उसको जिले में कारोबार न करने दिया जाये। जिले में पिछले 03 सालों में उर्वरक कंपनियों द्वारा सी0एस0आर0 के तहत किये गये कार्यो का विवरण उपलब्ध कराने के निर्देश दिये गये। इस अवसर पर उप कृषि निदेशक, जिला कृषि अधिकारी, उर्वरक कंपनियों के प्रतिनिधि व थोक उर्वरक विक्रेता उपस्थित रहे।

# प्रशिक्षण में दूसरे दिन शिक्षकों ने लिया भाग


प्रशिक्षण के दौरान मौजूद शिक्षकगण — समृद्धि न्यूज

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** खंड शिक्षा कार्यालय पर खंड शिक्षा अधिकारी के निर्देशन में भारत मिशन के तहत बुनियादी भाषा एवं गणित पर आधारित कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कस्बा नवाबगंज स्थित विकास खंड कार्यालय परिसर में बने खंड शिक्षा कार्यालय पर खंड शिक्षा अधिकारी अमर सिंह राणा के नेतृत्व में आरपी शिक्षकों ने विकास खंड क्षेत्र के समस्त शिक्षकों के साथ शासनादेश के अनुसार चलाए जा रहे निपुण भारत मिशन के अंतर्गत बुनियादी भाषा एवं गणित पर आधारित प्रशिक्षण में दूसरे दिन शिक्षकों ने प्रशिक्षण लिया। इस मौके पर प्रशिक्षण डाटा आरपी बृजेश कुमार, पुष्कर, बलवीर सिंह, प्रदीप पाल, पंकज यादव, सुरेश चंद्र तथा शिक्षक बैठक में मौजूद रहे।

# पुलिस ने की वाहनों की चेकिंग, कई के काटे चालान


वाहन का चालान काटती पुलिस — समृद्धि न्यूज

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** अधिकारियों के निर्देशन में थाना पुलिस ने कस्बे के मेन चौराहे पर सघन चेकिंग अभियान चलाया तथा कई वाहनों के चालान किये।

जानकारी के अनुसार कस्बा नवाबगंज चौराहे पर उच्च अधिकारियों के निर्देशन में नवागंतुक थाना प्रभारी बलराज भाटी की टीम ने कस्बे के मेन चौराहे पर वाहनों की सघन चेकिंग की। वहीं संदिग्ध व्यक्तियों की भी तलाशी ली गई। हेलमेट न लगाकर वाहन चलाने वालों को हिदायत दी गयी। वहीं तीन सवारी बैठालकर वाहन चलाने वालों के चालान काटे गये। कई वाहन चालकों के पास डीएम व आर.सी. नहीं मिली। जिस पर उनके वाहनों को सीज किया गया। चेकिंग अभियान से वाहन चालकों में हड़कंप की स्थिति रही। कई वाहन चालक तो इधर उधर से रास्ता बदलकर निकलते दिखायी दिये। इस दौरान एस.एस.आई. राम सिंह, दरोगा इंद्रजीत सिंह, दरोगा हेमंत कुमार, दरोगा गिरीशचंद्र, हेड कांस्टेबिल कमलेश कुमार आदि पुलिस बल मौजूद रहा।

# भाकियू ने जन समस्याओं को लेकर एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

कायमगंज, समृद्धि न्यूज

**भारतीय किसान** यूनियन (भानू गुट) ने जनसमस्याओं को लेकर उपजिलाधिकारी रवेन्द्र कुमार ज्ञापन सौंपा।

सौंपे गये ज्ञापन में मांग की गयी है कि गांव भगौतीपुर में सरकारी जमीन गाटा संख्या 113 पर गांव के ही सुदामा व श्रीकृष्ण और सतीश चन्द्र आदि उक्त जमीन पर गुंडागर्दी और नेतागीरी के बल पर कब्जा किए हुए है और गांव के सड़क किनारे ग्राम समाज की जगह जहां खाद के गड्ढे हैं, पर अवैध कब्जा है। गाटा संख्या 114 नॉन जैड ए जमीन पर अवैध कब्जा कर दुकानों का निर्माण करवा रहे हैं एवं उक्त स्थान पर मकान का निर्माण भी करवा चुके हैं। सक्षम अधिकारियों से जांच कराकर उक्त स्थान से अवैध कब्जा हटवाया जाये व सख्त कानूनी कार्यवाही की जावे। कस्बा कायमगंज व देहात क्षेत्रों में मीटर रीडर अधिक कमीशन के चक्कर में मीटर रीडिंग अधिक निकाल रहे हैं। जब उपभोक्ता एक्सईएन के पास बिल सही कराने जाता है, तो रीडिंग में सौदेबाजी का खेल चालू हो जाता है । इसकी जांच कराकर एक्सईएन और मीटर रीडर को दंडित कर मीटर के अनुसार रीडिंग से बिल वसूला जावे। नगर पालिका परिषद कायमगंज को 23.07.2024 को मांगपत्र प्रस्तुत किया गया था। जिसमें अतिक्रमण, बंदरों की समस्या, गंदा पेयजल, मृत्यु प्रमाण पत्र की समस्या आदि मांगे थीं, लेकिन समय व्यतीत हो जाने के बाद कोई कार्यवाही नहीं की गई। जब नगरपालिका कायमगंज से आरटीआई के अंतर्गत सूचना मांगी गयी, तो नगर पालिका द्वारा भ्रामक सूचना दी गई। कोई भी काम नहीं हुआ। सम्बंधित पटल बाबू, बड़े बाबू रामभुवन व अधिशासी अधिकारी के खिलाफ सख्त कार्यवाही कर मांगों पर तत्काल कार्यवाही करायी जाये। इस मौके पर प्रदेश सचिव गोपाल तिवारी, जिला प्रभारी मुन्नालाल सक्सेना, जिला संगठन सचिव रामवीर, जिला महासचिव प्रताप सिंह गंगवार, जिला मीडिया प्रभारी विनीत कुमार, तहसील अध्यक्ष विजय शाक्य, जिला संगठन और प्रचार मंत्री अमरीश शुक्ला, अनुज सक्सेना, महिपाल राजपूत और सुधीर शाक्य आदि कार्यकर्ता और पदाधिकारी मौजूद रहे।


ज्ञापन देने के बाद जानकारी देते भाकियू पदाधिकारी — समृद्धि न्यूज

# कोई भी पात्र आवास से ना रहे वंचितः ब्लॉक प्रमुख

राजेपुर, समृद्धि न्यूज।

**विकासखंड राजेपुर** के सभागार में ब्लॉक प्रमुख पल्लव सोमवंशी की अध्यक्षता में बैठक का सम्पन्न हुई। ग्राम प्रधान व क्षेत्र पंचायत सदस्य, पंचायत सचिवों एवं उपस्थित ग्रामीणों को शासन द्वारा जारी की गई आवास के पात्र व्यक्तियों की नई गाइडलाइन के बारे में अवगत कराया गया। बैठक में ब्लाक प्रमुख पल्लव सोमवंशी बोले आभारी हूं क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों का जिन्होंने अपने अथक प्रयास ईमानदारी व निष्ठा से अपने दायित्वों का पालन करते हुए देश में विकासखंड राजेपुर को 14वां स्थान दिलवाया यह हमारे बहुत ही गौरव का विषय है। आने वाले समय में विकासखंड राजेपुर प्रथम स्थान पर होगा। सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं को पारदर्शिता एवं प्राथमिकता के आधार पर सभी पात्र व्यक्तियों को लाभ दिलाना सुनिश्चित करें, ताकि कोई पात्र व्यक्ति सरकार की योजना से वंचित न रहे। बीडीओ सुनील कुमार जयसवाल ने उपस्थित ग्राम पंचायत अधिकारी व ग्राम प्रधान, क्षेत्र पंचायत सदस्यों को संबोधित कर बताया कि केवल उन्हीं परिवारों को लाभ मिलेगा जो सरकार के द्वारा जारी की गई गाइडलाइन में पात्र हैं। उनको प्राथमिकता के आधार पर लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा ग्राम सभा की बैठक के लिए डुगडुगी पिटवाकर आयोजन करें। जिससे योजनाओं का लाभ पात्रों को मिल सकें। जिनकी मासिक आय 15 हजार रुपये से कम हो, तीन व चार पहिया वाहन न हो, कच्चा मकान हो, भूमिहीन हो, फूस पत्ती मकान सहित विधवा निराश्रित सरकारी योजनाओं का पहले से आवासीय लाभ प्राप्त न हो उन्हीं को लाभ मिलेगा। इस मौके पर सांसद व विधायक के प्रतिनिधि मौजूद रहे। इस अवसर पर क्षेत्रीय विधायक अमृतपुर विधानसभा सुशील शाक्य सांसद मुकेश राजपूत के जन प्रतिनिधि एवं ब्लॉक प्रमुख सोमवंशी शाहित समस्त ब्लॉक के कर्मचारी उपस्थित रहे।



बैठक को सम्बोधित करते ब्लाक प्रमुख पल्लव सोमवंशी — समृद्धि न्यूज

# व्यापार मण्डल के अधिवेशन में जनपद के व्यापारियों ने लिया भाग

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

**नगर उद्योग** व्यापार मंडल द्वारा आगरा में उद्योग व्यापार मंडल के त्रिवार्षिक चुनाव में जनपद के व्यापारियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। प्रदेश भर के व्यापारियों ने पुनः सर्वसम्मति से मुकुंद मिश्रा को प्रदेश अध्यक्ष, राजेन्द्र गुप्ता को प्रदेश महामंत्री व डा0 दिलीप सेठ को निर्विरोध चुनाव गया। व्यापारियों ने फूल मालाओं से लादकर नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का स्वागत किया। नगर व जिला के अलग-अलग पदाधिकारियों ने पहुंचकर कार्यक्रम में भाग लिया। जिलाध्यक्ष संजीव मिश्रा बॉबी, प्रमोद गुप्ता, राजू गौतम के अलावा नगर से नगर अध्यक्ष हाजी मोहम्मद इकलाख खान, महामंत्री राकेश सक्सेना, नगर कोषाध्यक्ष राजन रॉय जॉली राजपूत, नगर प्रभारी ठाकुर सर्वेन्द्र सिंह, नगर युवा अध्यक्ष अंकुर श्रीवास्तव, महिला नगर अध्यक्ष सोनी शुक्ला, योगेंद्र प्रकाश आर्य, रेखा मिश्रा, रामजी पाठक, डॉ0 महेंद्र श्रीवास्तव, ओमबाबू, आफताब अंसारी आदि व्यापार मण्डल के पदाधिकारियों ने अधिवेशन में भाग लिया और नवनियुक्त पदाधिकारियों का स्वागत कर शील्ड भेंट की।



नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष के साथ नगर कमेटी के पदाधिकारी

## खबरें एक नजर में

### अब तक एनआई एक्ट के 8 व लघु अपराधिक के 4917 मामले चिन्हित



तैयारी बैठक में मौजूद न्यायिक अधिकारी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा लघु अपराधिक एवं 138 एनआई एक्ट मामलों से संबंधित विशेष लोक अदालत के संबंध में तैयारी बैठक जनपद न्यायाधीश विनय कुमार के निर्देशन में अपर जिला जज एससी/एसटी अभिनितम उपाध्याय की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। संचालन अपर जिला जज सचिव संजय कुमार ने किया। तैयारी बैठक में अध्यक्ष द्वारा लघु अपराधिक एवं धारा 138 एनआई एक्ट मामलों से संबंधित अधिक से अधिक मामलों को विशेष लोक अदालत में चिन्हित किये जाने हेतु संबंधित अधिकारी को निर्देश दिये गये। चिन्हित मामलों का विवरण भी प्रस्तुत करने का भी निर्देश दिया गया। धारा 138 एनआई एक्ट संबंधित अब तक कुल 8 मामले चिन्हित एवं लघु अपराधिक संबंधित अब तक कुल 4917 मामले चिन्हित किये जा चुके है। बैठक में मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी धनश्याम शुक्ला, न्यायिक अधिकारी प्रीती माला चतुर्वेदी, जयवीर सिंह, प्रियंका गांधी, ओमश्री चौरसिया आदि न्यायिक अधिकारी मौजूद रहे।

### बीते दिन आंधी आने से गिरा पेड़, विद्युत आपूर्ति रही ठप्प



आंधी से टूटा पेड़

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** कमालगंज विकास खंड क्षेत्र के अंतर्गत रुनीचुरसाई, नौधापुर, सितौली, चौकी महमदपुर, कुंदन गनेशपुर आदि गांवों में बीती शाम के समय आंधी तूफान के साथ भारी बारिश से कई पेड़ व बिजली के खंभे गिरने से छिबरामऊ फर्रुखाबाद हाईवे पर जाम लग गया। काफी देर तक जाम लगा रहा। विद्युत आपूर्ति ठप्प रही। बीते दिन से पेयजल की आपूर्ति भी बंद हो गयी। ग्रामीणों ने शीघ्र विद्युत बहाली करने की मांग की। पेड़ गिरने से ठप्प हुई विद्युत आपूर्ति व पेयजल के बंद होने से आमजनों, पशु पानी पीने को तरस रहे। बेहाल लोगों का जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। किसानों की फसलें धान, मक्का, गिरने से नुकसान पहुंचा है। किसान नेता पूर्व प्रधान अरविन्द राजपूत ने जिला प्रशासन से शीघ्र ही विद्युत आपूर्ति बहाल करने की मांग की है।

### आईटीआई में प्रवेश की अंतिम तिथि 15 सितम्बर

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** राज्य व्यवसाय प्रशिक्षण परिषद लखनऊ द्वारा प्रदेश में चल रहे राजकीय निजी औद्योगिक संस्थानों में प्रवेश सत्र अगस्त में तृतीय चरण प्रवेश प्रक्रिया के उपरान्त रिक्त विकल्प पंजीकृत कराने हेतु नवीन आवेदन दाताओं को ऑन लाइन आमंत्रित किया जा रहा है। जो 11 सितम्बर से 15 सितम्बर दोपहर 12 बजे तक बेवसाइड खुली रहेगी। साथ ही चौथे चरण के लिए आवेदन के लिए जनपद स्तर पर प्रवेश लेने वाले विद्यार्थी रिक्त व्यवसायों का विकल्प भरकर पंजीकृत करा लें। अभ्यार्थी द्वारा मूल आवेदन में चतुर्थ चरण की प्रक्रिया में समलित किया जायेगा। बेवसाइड पर उपलब्ध है। यह जानकारी प्रधानाचार्य राजवीर सिंह ने दी है।

# धूमधाम से मनाया गया बुढ़वा मंगल उत्सव

▸ अखण्ड रामायण पाठ का हुआ आयोजन

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

**प्रचीन मंदिर** श्री बड़े-बूढे हनुमान जी अड़तियान स्ट्रीट में पंच दिवसीय बुढ़वा मंगल उत्सव धूमधाम के साथ मनाया गया। अखंड रामायण पाठ, राजगद्दी, राज्याभिषेक एवं चिंतामणि सुंदरकांड पाठ समिति द्वारा सुंदरकांड का पाठ घनश्याम बाजपेई, अनूप मिश्रा, निर्मल दीक्षित, प्रशांत सिंह, नवीन गुप्ता, अशोक वर्मा, पवन गुप्ता, कमलेश दीक्षित, अनुपम आदि ने सुंदरकांड का पाठ किया। हनुमान जी का भाव एवं दिव्य श्रृंगार, भजन कीर्तन, महा आरती एवं प्रसाद निकाल किया गया। बड़े पुजारी पंडित चंद्र प्रकाश औदिच्य ने मंगलवार को भक्तों को आशीर्वाद दिया और सुख समृद्धि का आशीर्वाद दिया एवं सुख शांति की मंगल कामना की। प्रातः काल हनुमान का मंगलवार को मंगला दर्शन आरती के साथ शुरू किया। इसके बाद चोला सिंगर आरती एवं छोटे पुजारी दीपक, हिमांशु, अरुण ने भक्तों को आशीर्वाद एवं प्रसाद वितरण किया। सायंकल हनुमान जी का महा आरती विमलेश मिश्रा हिंदू महासभा के युवा अध्यक्ष ने की। बुढ़वा मंगल उत्सव में महेंद्र भदोरिया, पिंकू वर्मा, आशीष वर्मा, आलोक गौड़, रामसनेही, अनुराग, पवन अग्रवाल, सरल दुबे, भानु सिंह, समाजसेवी संजय गर्ग, कल्लू दीक्षित, रितेश पाण्डेय, रविंदर भदोरिया, सुरेंद्र पाण्डेय आदि मौजूद रहे।



# नागेन्द्र सिंह ने संभाला कस्बा चौकी का चार्ज

▸ जनता की समस्याओं का समाधान करना हमारी प्राथमिकता

कायमगंज, समृद्धि न्यूज

**एसआई नागेन्द्र** सिंह ने कस्बा चौकी कायमगंज का चार्ज संभालते हुए कहा कि जनता की समस्याओं का प्राथमिकता से समाधान करना मेरी जिम्मेदारी है। पद संभालते ही उन्होंने उम्मीदों पर खरा उतरने की बात कही। उन्होंने कहा कि आम जन को पुलिस से बड़ी अपेक्षा रहती है और उस अपेक्षा पर खरा उतरना हमारा दायित्व है। आम जनता समस्या लेकर चाहे थाना पहुंचे या चौकी पहुंचे उनकी हर समस्याओं का समाधान होना चाहिए, ताकि लोगों का पुलिस पर विश्वास बना रहे। उन्होंने कहा अब अपराधियों की खैर नहीं, अपराधियों को किसी भी कीमत पर वक्शा नहीं जायेगा। क्राइमों पर अंकुश लगाना हमारी पहली प्राथमिकता होगी। अगर क्षेत्र में किसी को कोई दिक्कत हो तो उसकी समस्या के समाधान के लिए 24 घन्टे हाजिर रहूंगा।



कस्बा चौकी इंचार्ज नागेन्द्र सिंह

# ललिता सखी का वैदिक मंत्रों से कराया गया पूजन



पूजा अर्चना करते भक्तगण — समृद्धि न्यूज

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

**श्रीराधा श्याम** शक्ति मंदिर लोहाई रोड युगल जयन्ती के अन्तर्गत अष्ठ साखियों में सबसे बड़ी सखी ललित कलाओं की देवी श्री ललिता देवी का विद्वान पण्डित, आनन्द मिश्र, पं0 सोनू त्रिपाठी, सुशील मिश्रा ने वैदिक मंत्रों के साथ श्री ललिता देवी का मुख्य यजमान रेनू खेमका ने विधिवत पूजन कराया। पंचामृत से अभिषेक, सोलह श्रृंगार, भव्य एवं दिव्य झांकी, आरती एवं प्रसाद विवरण किया गया। सुरेन्द्र सफ्फड़ ने बताया कि ललिता देवी लगभग एक माह बड़ी थी। श्री राधा रानी से वह अष्ठ सखियों में ललित कालाओं की देवी है। इनकी आराधना करने से मनुष्य का जीवन सुखमय, आनन्दमय, शांति के मय होता है। श्री राधा रानी की भक्ति एवं शक्ति में श्री ललिता देवी सहायक दैवीय शक्ति है। भक्ति में श्रीराधा श्याम शक्ति की भक्ति में ललिता का पूजन किया गया। प्रातः काल मंगला-दर्शन के साथ श्री राधारानी का जन्मोत्सव युगल उत्सव की व्यवस्था हर्षित सिंगतिया, जितेन्द्र अग्रवाल, संजीव सिंगतिया, अश्वनी गुप्ता, रेनू सिंगतिया ने श्री राधा श्याम शक्ति मंदिर का दरवार सजाया। ललित देवी के पूजन में अष्ठ सुखिया, राधारानी, श्याम सुन्दर की दिव्य एवं भव्य झांकी की आरती उतारी एवं प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम का विराम हुआ। सायंकाल महिला मण्डल द्वारा भजन-कीर्तन एवं मंगल-गीतों के साथ उत्सव मनाया गया।

# समीक्षा बैठक में संगठन की मजबूती पर दिया बल

▸ भाकियू के नवनियुक्त पदाधिकारियों का कार्यालय पर हुआ स्वागत

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

**भारतीय किसान** यूनियन टिकैत के बुंदेलखंड कानपुर जोन के अध्यक्ष बैजनाथ अवस्थी, उपाध्यक्ष प्रभाकांत मिश्रा, कानपुर मंडल के अध्यक्ष चौधरी रमेश यादव ने समीक्षा बैठक में भाग लिया। बैजनाथ अवस्थी ने किसान नेताओं से बैठककर संगठन को मजबूत करने के दिशा निर्देश देकर कहा कि संगठन को हर ग्राम स्तर पर पहुंचाना है और वह सक्रिय किसान कार्यकर्ताओं को जोड़ने का कार्य करें। उन्होंने ब्लॉक अध्यक्षों को और जिला कमेटी के समस्त पदाधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि जिले के समस्त ग्राम पंचायतों में संगठन को सक्रिय करना है। आगे किसानों को लेकर के हमें लंबी लड़ाई लड़नी है। ग्राम बाहिदपुर में गलत तरीके से आबादी क्षेत्र में बना रहे टोल प्लाजा को किसी भी कीमत पर बनने नहीं दिया जाएगा। उपाध्यक्ष प्रभाकांत मिश्रा ने कहा कि ट्रैक्टर किसान का टैंक है, किसान कहीं भी मीटिंग या पंचायत में जाएंगे तो अपना ट्रैक्टर साथ लेकर ही जाएंगे। इसको कोई नहीं रोक सकता। मंडल अध्यक्ष चौधरी रमेश यादव ने कहा कि संगठन मजबूत होगा तो हम अपनी लड़ाई को अच्छे ढंग से लड़ पाएंगे। किसानों की मदद अच्छे ढंग से कर पाएंगे, इसलिए सभी जिले के पदाधिकारी और ब्लॉक अध्यक्षों के साथ मिलकर के ज्यादा से ज्यादा सक्रिय सदस्य बनाएं और किसानों की समस्याओं का प्रशासन से हल निकलवाए। जिलाध्यक्ष अरविंद शाक्य ने कहा कि हमारे सभी पदाधिकारी और ब्लॉक अध्यक्ष अपना कार्य सुचारू रूप से कर रहे हैं और हम आगे जिले की समस्त ग्राम पंचायत में जाकर के ग्राम अध्यक्ष और उनकी कमेटियों को पदाधिकारी के सहयोग से पूरी करेंगे। जिला विधिक सलाहकार एवं प्रवक्ता अजय कटियार ने कहा कि राकेश टिकैत के आवाह्न पर किसानों को ट्रैक्टर और ट्विटर पर सबसे ज्यादा ध्यान देना है ट्रैक्टर रोड पर चलेगा और ट्विटर के माध्यम से सोती हुई सरकार को जागने का काम करेगा। ट्विटर के माध्यम से ही हम अपनी बात उच्च स्तर तक पहुंचा पाएंगे। इस मौके पर जिलाध्यक्ष अरविन्द शाक्य, अजय कटियार, पुजारी कटियार, अभय यादव, लक्ष्मीशंकर जोशी सहित बड़ी संख्या में भाकियू नेता मौजूद रहे।



बैठक लेते भाकियू के मण्डलीय पदाधिकारी — समृद्धि न्यूज

# ताइक्वांडो प्रतियोगिता में खिलाड़ियों का मण्डल के लिए हुआ चयन



मैडल के साथ मौजूद विजेता खिलाड़ी — समृद्धि न्यूज

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

महीयसी महादेवी वर्मा राजकीय बालिका इंटर कालेज फतेहगढ़ में माध्यमिक विद्यालयी जनपद स्तरीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का शुभारम्भ प्रधानाचार्या दीपिका राजपूत व जिला क्रीड़ा प्रभारी अतुल दास ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। प्रतियोगिता में अंडर-14, अंडर-17, अंडर-19 वर्गो में महीयसी महादेवी वर्मा राजकीय बालिका इंटर कालेज फतेहगढ़, एमआईसी फतेहगढ़, महावीर इंटर कालेज खैरबंद नगला, बाबा मथुरागिरी इंटर कालेज, कृष्ण बालिका इंटर कालेज, पंडित दीन दयाल मॉडल स्कूल कनकापुर, राजकीय इंटर कालेज फतेहगढ़, सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज के छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। अंडर-14 बालक वर्ग 29 से 32 किलो भार वर्ग में आदित्य बाथम, अंडर-17 बालक वर्ग 35 से 38 किलो भार वर्ग में सूरज कुमार एमआईसी फतेहगढ़, 48 से 51 किलो भार वर्ग में जीआईसी फतेहगढ़, 45 से 48 किलो भार वर्ग में हर्ष पंडित दीन दयाल उपाध्याय कनकापुर, अंडर-14 बालिका वर्ग 26 से 29 किलो भार वर्ग में कंचन उच्च प्राथमिक विद्यालय चाचूपुर, आदिति त्रिवेदी जीआईसी फतेहगढ़, सिद्धि कुशवाहा, आकांक्षा जीआईसी फतेहगढ़, रोहिणी कुमारी, 49 से 52 किलो भार वर्ग में कृष्णा बालिका इंटर कालेज के खिलाड़ियों ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। चयनित खिलाड़ी 14 सितम्बर को कानपुर में होने वाली मण्डलीय प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगे। प्रतियोगिता का संचालन आरती यादव ने किया। रेफरी की भूमिका कोच अजय प्रताप सिंह व मुस्कान राजपूत, रुबी, निकिता दुबे, सनी, अर्जुन सिंह ने निभाई। निर्णायक मण्डल में केशव कुमार गंगवार, देवेन्द्र सिंह चौहान, अर्जुन प्रताप सिंह, अभिषेक अवस्थी ने निभाई।

# पुण्यतिथि पर दुख की बदली नीर भरी को नमन्



महादेवी वर्मा


**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। उमड़ी कल थी, मिट आज चली मैं नीर भरी दुख की बदली, विस्तृत नभ का कोई कोना मेरा न कभी अपना होना, परिचय इतना इतिहास यही, उमड़ी कल थी मिट आज चली...............**

छायावाद की दीपशिखा से आलोकित करने वाली महादेवी वर्मा फर्रुखाबाद में जन्मीं तो पांचाल धरा धन्य हो गयी, लेकिन आज भी विडंबना है कि उनकी प्रतिमा के आसपास फल विक्रेता उन्हें घेरे रहते हैं। उनकी पुण्यतिथि पर हिन्दी प्रेमियों व महादेवी के अनुयाइयों ने उन्हें याद किया और अपने श्रद्धासुमन छायावाद की देवी को अर्पित किये।



डा0 शालिनी

मान्यवर काशीराम महाविद्यालय निनौआ की शिक्षिका डा0 शालिनी ने बताया के महादेवी वर्मा चार प्रमुख स्तम्भों में एक प्रमुख मानी जाती हैं। 26 मार्च 1907 को उनका जन्म फर्रुखाबाद में हुआ। उनकी 36वें पुण्यतिथि पर आधुनिक युग की मीरा को हम उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित करते हैं।



भूपेन्द्र प्रताप सिंह, समन्वयक

एलआईसी प्राचार्य व समाजसेवी तथा अभिव्यंजना संस्था के समन्वयक भूपेन्द्र प्रताप सिंह ने बताया कि हिन्दी साहित्य में साहित्य प्रेमियों के बीच आधुनिक युग की मीरा के नाम से सुविख्यात महादेवी वर्मा को हिन्दी के विशाल मंदिर में सरस्वती का जन्म फर्रुखाबाद में हुआ। उन्होंने इलाहाबाद में साहित्य संसद की स्थापना करके हिन्दी साहित्य को अत्यंत समृद्ध किया। नीहार, रश्मि, नीरजा, सांध्यगीत, सप्तपर्णा जैसी उत्कृष्ट काव्यकृतियों को लेखनी दी।



संजय गर्ग, व्यापारी नेता

समाजसेवी व व्यावारी नेता, हिन्दी प्रेमी व अभिव्यंजना संस्था के कार्यक्रम संयोजक संजय गर्ग ने बताया कि फर्रुखाबाद का नाम पूरे भारत में आज भी महादेवी वर्मा के नाम से जाना जाता है। छायावाद की कवियत्री महादेवी वर्मा ने देश में अपनी ख्याति बनायी। आज उनकी यह छाप सबके दिलों में सीज है। ऐसी महान छायावाद देवी को हम सत्-सत् नमन करते हैं और उनकी पुण्यतिथि पर उन्हें अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं।



दर्शना शुक्ला, सह0 अध्यापिका

कानोडिया बालिका इंटर कालेज की सहायक अध्यापिका दर्शना शुक्ला ने बताया कि छायावाद के नाम से जानी जाने वाली कवियत्री महादेवी वर्मा की रचनायें आज भी प्रमुख हैं। नीर भरी दुख की बदली व उनकी चार अन्य कृतियां जो मशहूर हुईं। आज भी उनको सब याद करते हैं। हिन्दी संस्थान का पहला भारत भारती सम्मान महादेवी वर्मा को मिला। खड़ी बोली को उन्होंने हिन्दी की मधुरता और कोमलता से सुसज्जित किया।

प्रस्तुति, लक्ष्मीकांत भारद्धाज, संवाददाता

## गंगा में उतर रहा बाढ़ का पानी, नमो घाट से राजघाट तक चला अभियान

समृद्धि न्यूज

**वाराणसी।** गंगा नदी में अब बाढ़ का पानी उतरने लगा है। बाढ़ का पानी उतरने के बाद घाटों पर जमी सिल्ट गाद और मिट्टी को हटाने के लिए नगर निगम की टीम के साथ अन्य संगठन भी जुट गए हैं।

मंगलवार को नमोघाट पर नमामि गंगे के सदस्यों ने सबका साथ हो गंगा साफ हो का नारा बुलन्द कर घाट पर स्वच्छता अभियान चलाया। स्वच्छ नदियां-बेहतर कल का सन्देश देकर सदस्यों ने लोगों से गंगातट पर किसी प्रकार की गंदगी न करने की अपील की। कचरा मुक्त गंगा घाट का आह्वान कर गंगा किनारे सफाई की गई। बाढ़ के बाद गंगा तट पर फैले कचरे को सदस्यों ने बंटोर कर कूड़ेदान तक पहुंचाया?। गंगा के सतही जल पर बिखरे निर्माल्य को समेटा गया। घाटों पर श्रमदान के बाद वहां उपस्थित पर्यटकों और स्नानार्थियों को गंगा और घाटों को स्वच्छ रखने की शपथ भी दिलाई गई। संयोजक राजेश शुक्ला ने कहा कि सबका साथ हो, गंगा साफ हो के संकल्प के साथ आम जनमानस के सहयोग से ही गंगा स्वच्छता का मार्ग प्रशस्त होगा। गंगा स्वच्छता अभियान से सबको जोड़ना है।

# भारतीय नौसेना के दो जहाज मालपे और मुल्की एक साथ कोच्चि में लॉन्च

### तटीय सीमाओं पर दुश्मनों की पनडुब्बियों का पता लगाने में होगी आसानी, रणनीतिक महत्व के भारतीय तट से सटे बंदरगाहों के नाम पर रखे जहाजों के नाम

एजेंसी



**नई दिल्ली।** भारतीय नौसेना के लिए एंटी-सबमरीन वारफेयर शैलो वाटर क्राफ्ट मालपे और मुल्की को मंगलवार को एक साथ कोच्चि में लॉन्च किया गया।

समुद्री परंपराओं को ध्यान में रखते हुए दोनों जहाजों को दक्षिणी नौसेना कमान के फ्लैग ऑफिसर कमांडिंग इन चीफ वाइस एडमिरल वी श्रीनिवास की उपस्थिति में उनकी पत्नी विजया श्रीनिवास ने लॉन्च किया। भारतीय नौसेना को ये साइलेंट हंटर्स मिलने पर तटीय सीमाओं पर दुश्मनों की पनडुब्बियों का पता लगाने में आसानी होगी।

रक्षा मंत्रालय ने मेसर्स कोचीन शिपयार्ड लिमिटेड (सीएसएल) के साथ 30 अप्रैल, 2019 को आठ एंटी-सबमरीन वारफेयर शैलो वाटर क्राफ्ट के लिए अनुबंध पर हस्ताक्षर किए थे। इसी प्रोजेक्ट के तहत भारतीय नौसेना के लिए बनाए गए चौथे और पांचवें जहाज मालपे औरमुल्की को आज सीएसएल, कोच्चि में लॉन्च किया गया। समुद्री परंपराओं को ध्यान में रखते हुए दोनों जहाजों को दक्षिणी नौसेना कमान के फ्लैग ऑफिसर कमांडिंग इन चीफ वाइस एडमिरल वी श्रीनिवास की पत्नी विजया श्रीनिवास ने अथर्ववेद के मंत्रोच्चारण के साथ लांच किया।

रक्षा मंत्रालय के अनुसार माहे श्रेणी के एएसडब्ल्यू शैलो वाटर क्राफ्ट के नाम भारत के तट पर सामरिक महत्व के बंदरगाहों के नाम पर रखे गए हैं। इन जहाजों को स्वदेशी रूप से विकसित अत्याधुनिक अंडरवाटर सेंसर से लैस किया जाएगा।

**जहाजों में 80 प्रतिशत से अधिक होगी स्वदेशी सामग्री**

इन जहाजों को तटीय जल में पनडुब्बी रोधी अभियानों के साथ-साथ कम तीव्रता के समुद्री संचालन तथा खदान बिछाने के काम के लिए तैयार किया गया है। यह जहाज 1800 समुद्री मील तक की सहनशक्ति के साथ 25 समुद्री मील की अधिकतम गति प्राप्त कर सकते हैं। इन जहाजों में 80 प्रतिशत से अधिक स्वदेशी सामग्री होगी, जिससे देश के भीतर रोजगार की भी क्षमता बढ़ेगी। इस प्रोजेक्ट के तीन जहाज माहे, मालवन और मंगरोल 30 नवंबर, 2023 को सीएसएल में लॉन्च किये गए थे। अब दो जहाज एक साथ लॉन्च किये जाने के बाद यह कार्यक्रम भारतीय शिपयार्ड की मेक इन इंडिया क्षमता को दिखाता है। भारतीय नौसेना के लिए कुल 16 जहाजों का निर्माण किया जा रहा है। भारतीय नौसेना की योजना 2026 तक सभी 16 जहाजों को सक्रिय सेवा में रखने की है। एएसडब्ल्यू एसडब्ल्यूसी जहाज 78 मीटर लंबे हैं और 25 समुद्री मील अधिकतम गति सहित इनका विस्थापन लगभग 900 टन है।

# अगले पांच साल में पांच हजार साइबर कमांडो हो जाएंगे तैयार : अमित शाह

एजेंसी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को कहा कि साइबर सुरक्षा अब केवल डिजिटल दुनिया तक सीमित न रहकर राष्ट्रीय सुरक्षा का अहम पहलू भी बन गई है। उन्होंने कहा कि सरकार ने साइबर अपराध से निपटने के लिए अगले पांच वर्षों में करीब 5,000 साइबर कमांडो को प्रशिक्षित करने का लक्ष्य रखा है।

केंद्रीय मंत्री शाह ने आज नई दिल्ली के विज्ञान भवन में एलवाईसी के प्रथम स्थापना दिवस समारोह को मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित करते हुए ये बातें कहीं। साथ ही उन्होंने साइबर अपराध की

**एलवाईसी के प्रथम स्थापना दिवस को मंत्री ने किया संबोधित**

रोकथाम के लिए प्रमुख पहलों का शुभारंभ भी किया।

केंद्रीय मंत्री शाह ने कहा कि साइबर सुरक्षा के बिना किसी भी देश का विकास असंभव है। उन्होंने कहा कि तकनीक मानव जीवन के लिए आशीर्वाद साबित होती है और आज सभी नई पहलों में तकनीक का बहुत उपयोग हो रहा है। लेकिन तकनीक के बढ़ते उपयोग से कई खतरे भी पैदा हो रहे हैं, इसीलिए साइबर सुरक्षा अब केवल डिजिटल दुनिया तक सीमित न रहकर राष्ट्रीय सुरक्षा का अहम पहलू भी बन गई है। उन्होंने कहा कि एलवाईसी जैसे प्लेटफॉर्म इस प्रकार के खतरों से निपटने में बहुत बड़ा योगदान कर



सकते हैं। उन्होंने ढ्4ष्ट से सभी स्टेकहोल्डर्स के साथ मिलकर जागरूकता, समन्वय और साझा प्रयास को जारी रखने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि कोई भी एक संस्था अकेले साइबर स्पेस को सुरक्षित नहीं रख सकती। यह तभी संभव है जब कई स्टेकहोल्डर्स एक ही मंच पर आकर एक ही तरीके और रास्ते पर आगे बढ़ें। शाह ने कहा कि आज से एलवाईसी एक जनजागरूकता अभियान भी शुरू कर रहा है। देश के 72 से अधिक टीवी चैनल्स, 190 रेडियो एफएम चैनल्स, सिनेमाघरों और कई अन्य प्लेटफॉर्म्स के माध्यम से इस अभियान को गति देने का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जब तक पीड़ित को साइबर अपराध से बचने का तरीका नहीं पता होगा, तब तक यह अभियान सफल नहीं हो सकता।

**इबर अपराध की रोकथाम को बनेगा प्लेटफॉर्म**

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि साइबर धोखाधड़ी न्यूनीकरण केंद्र (सीएफएमसी)के साथ बैंक, वित्तीय संस्थान, टेलीकॉम कंपनी, इंटरनेट सर्विस प्रोवाइडर और पुलिस को एक ही मंच पर लाकर इस केन्द्र का विचार रखा गया है। उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में यह साइबर अपराध की रोकथाम का एक प्रमुख प्लेटफॉर्म बनेगा। उन्होंने कहा कि इस केन्द्र को अलग-अलग डेटा का एआई के उपयोग से साइबर अपराधियों के काम करने के तरीकों (एमओ)की पहचान कर इसकी रोकथाम का काम करना चाहिए। उन्होंने कहा कि साइबर कमांडो कार्यक्रम के तहत 5 साल में लगभग 5 हज़ार साइबर कमांडो तैयार करने का लक्ष्य रखा गया है। केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि तीन नए आपराधिक कानूनों - भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम -में देश को साइबर सुरक्षित बनाने के लिए सभी कानूनी इंतजाम किए गए हैं।

**एलवाईसी के चार प्रमुख साइबर प्लेटफॉर्म्स का शाह ने किया शुभारंभ**

अमित शाह ने आज यहां एलवाईसी के चार प्रमुख साइबर प्लेटफॉर्म्स का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि साइबर धोखाधड़ी न्यूनीकरण केंद्र (सीएफएमसी) प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की परिकल्पना थी, जिसका आज शुभारंभ हुआ है। उन्होंने कहा कि इसके साथ-साथ आज साइबर कमांडो, समन्वय प्लेटफॉर्म और सस्पेक्ट रजिस्ट्री का भी शुभारंभ हुआ है।

## बांग्लादेश नहीं रोक पा रहा रोहिंग्या घुसपैठ को, अवैध रूप से कर रहे प्रवेश

**ढाका।** बांग्लादेश रोहिंग्या घुसपैठ को नहीं रोक पा रहा। म्यांमार के रखाइन राज्य के माउंगडॉ से बड़ी संख्या में रोहिंग्या एजेंटों की मदद से नाव से नाफ नदी पार करके बांग्लादेश में प्रवेश कर रहे हैं। एजेंट इन लोगों से मोटा पैसा ले रहे हैं। वह तटीय जिलों में विभिन्न शरणार्थी शिविरों में शरण ले रहे हैं। ढाका से छपने वाले बांग्ला अखबार प्रोथोम अलो (अंग्रेजी संस्करण) की खबर के अनुसार, अवैध रूप से प्रवेश करने वाले लगभग 14,000 रोहिंग्याओं ने पिछले सात-आठ दिन में उखिया के कई शिविरों में शरण ली है। इसके अलावा 60 हजार से 70 हजार रोहिंग्या बांग्लादेश में प्रवेश करने के लिए सीमावर्ती क्षेत्रों में एकत्र हैं। रिपोर्ट के अनुसार, बॉर्डर गार्ड बांग्लादेश और कोस्ट गार्ड के सदस्यों की बांग्लादेश-म्यांमार सीमा और नाफ नदी पर कड़ी निगरानी के बावजूद रोहिंग्याओं की अवैध घुसपैठ से स्थानीय नागरिक और जन प्रतिनिधि चिंतित हैं। माउंगडॉ टाउनशिप में सशस्त्र विद्रोही समूह, अराकान सेना और म्यांमार सुरक्षा बलों के बीच चल रही लड़ाई पिछले कुछ दिनों में तेज हो गई है। दोनों पक्ष मोर्टार, ग्रेनेड और बम का प्रयोग कर रहे हैं। कहीं-कहीं तो ड्रोन हमले भी किए जा रहे हैं।

# मध्य प्रदेश सरकार की मांग के अनुसार की जाएगी सोयाबीन की खरीद : शिवराज चौहान

एजेंसी



**भोपाल।** मध्य प्रदेश में सोयाबीन के दाम छह हजार रुपये प्रति क्विंटल किए जाने की मांग को लेकर किसान आंदोलित हैं। कांग्रेस सोयाबीन किसानों की मांग को लेकर कांग्रेस द्वारा किए जा रहे आंदोलन के बीच केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान का बड़ा बयान सामने आया है। उन्होंने कहा है कि मध्य प्रदेश सरकार जैसी डिमांड करेगी, वैसे केन्द्र सरकार सोयाबीन की खरीद कराएगी।

केन्द्रीय कृषि मंत्री चौहान अपने प्रतिदिन पौधरोपण के संकल्प के क्रम में मंगलवार को भोपाल के स्मार्ट सिटी उद्यान में पौधरोपण करने के लिए पहुंचे थे। यहां उन्होंने पौधा रोपने के बाद मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि पेड़-पौधे हमें ऑक्सीजन ही नहीं देते, बल्कि धरती की हरियाली और सुंदरता को भी बढ़ाते हैं। आप भी पौधरोपण अवश्य करें। इस मौके पर कांग्रेस द्वारा सोयाबीन के दाम को लेकर मंगलवार से शुरू की गई किसान न्याय यात्रा को लेकर केन्द्रीय कृषि मंत्री से सवाल पूछा गया तो उन्होंने कहा कि नरेन्द्र मोदी किसान हितैषी प्रधानमंत्री हैं। सोयाबीन का समर्थन मूल्य चार हजार 994 रुपये प्रति क्विंटल तय है और हमारी प्रतिबद्धता है कि हम न्यूनतम समर्थन मूल्य पर किसानों का सोयाबीन खरीदेंगे। किसानों को उसके पसीने की पूरी कीमत देना प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी और एनडीए सरकार की प्रतिबद्धता है।

केन्द्रीय कृषि मंत्री चौहान ने कहा कि सोयाबीन खरीद के लिए योजना है। महाराष्ट्र-कर्नाटक जैसे तीन राज्यों ने सोयाबीन खरीद की मांग की थी और उनको पीएसएस योजना के तहत सोयाबीन खरीद की अनुमति दी गई है। उन्होंने कहा कि मध्य प्रदेश की सरकार के हम संपर्क में हैं। अभी सोयाबीन की फसल आने में थोड़ी देर है। हमारी दो योजनाएं खरीदी की हैं, उनमें से किसी भी योजना के अंतर्गत मध्य प्रदेश सरकार न्यूनतम समर्थन मूल्य पर सोयाबीन खरीदने की तैयारी करेगी, तो हम तत्काल अनुमति देंगे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की प्राथमिकता है कि किसान को उसके उत्पादन का ठीक दाम मिले।

अभी फसल आने में देर है और प्रदेश सरकार से हमारे अधिकारी संपर्क में हैं, जल्द ही फैसला होगा। उन्होंने कहा कि मैं मध्य प्रदेश में किसान भाइयों को आश्वस्त करना चाहता हूं और मध्य प्रदेश सहित अन्य राज्यों में भी यह कहना चाहता हूं कि न्यूनतम समर्थन मूल्य जो हमने तय किए हैं, उस पर जो सरकार की योजना है, हम राज्य सरकार के साथ ही मिलकर खरीदी करते हैं तो राज्य सरकार जैसा चाहेगी, तत्काल खरीदने की अनुमति दी जाएगी।

## मेदांता में सुपर-स्पेशलाइज्ड पीडियाट्रिक व एडोलसेंट केयर यूनिट का शुभारंभ



समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** मेदांता लखनऊ ने उत्तर प्रदेश की पहली पीडियाट्रिक और एडोलसेंट क्रिटिकल केयर यूनिट का शुभारंभ किया है। यह यूनिट 1 महीने से 19 वर्ष तक के गंभीर रूप से बीमार बच्चों और किशोरों के लिए चौबीसों घंटे विशेष देखभाल प्रदान करेगी।

यह यूनिट बच्चों और किशोरों की स्वास्थ्य देखभाल में मौजूद बड़े अंतर को खत्म करने का काम करेगी। यहां इलाज की अत्याधुनिक सुविधाएँ मिलेंगी, जैसे पीडियाट्रिक इंटेंसिव केयर यूनिट, इंटरमीडिएट केयर यूनिट और हाई डिपेंडेंसी यूनिट। यहाँ एक मल्टी डिसिप्लिनरी टीम काम करेगी, जिसमें पीडियाट्रिक और एडल्ट इंटेंसिविस्ट्स शामिल हैं, जो विशेष मेडिकल जरूरत वाले मरीजों के लिए उनकी हेल्थ कंडीशन के मुताबिक देखभाल प्रदान करेंगे। इस यूनिट की खासियत इसका मल्टी-डिसिप्लिनरी अप्रोच है। यहाँ पीडियाट्रिक इंटेंसिविस्ट्स और एडल्ट इंटेंसिविस्ट्स मिलकर किशोरों की देखभाल करते हैं। किशोरों में कई बार ऐसी मेडिकल कंडीशंस होती हैं जो न तो पूरी तरह से बच्चों की होती हैं और न ही वयस्कों की। इस साझा विशेषज्ञता से यह सुनिश्चित होता है कि किशोरों को उनकी खास जरूरतों के हिसाब से सही और पूरी देखभाल मिले। डॉ. अतहर जमाल, मेदांता लखनऊ में पीडियाट्रिक क्रिटिकल केयर यूनिट के हेड ने कहा, हमारी यूनिट बच्चों से संबंधित सभी प्रकार की जटिल बीमारियों के इलाज और विशेष देखरेख के लिए पूरी तरह से समर्पित है। टीम के प्रशिक्षित डॉक्टर, नर्स, और आवश्यकता पड़ने पर अन्य विशेषज्ञ भी मिलकर बच्चे की स्थिति पर कड़ी नज़र रखते हैं, ताकि उपचार तेज़ी से और प्रभावी ढंग से हो सके।

## भारतीय लेखक अमिताव घोष ब्रिटिश अकादमी बुक प्राइज की रेस में शामिल

**लंदन।** प्रख्यात भारतीय लेखक अमिताव घोष का नाम मंगलवार को ब्रिटिश अकादमी बुक प्राइज फॉर ग्लोबल कल्चरल अंडरस्टैंडिंग 2024 के संभावित विजेताओं में चुना गया। इसे कथेतर (नॉन फिक्शन) साहित्य के क्षेत्र में प्रमुख अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार माना जाता है। इसके तहत 25,000 पाउंड की इनाम राशि प्रदान की जाती है। ब्रिटिश अकादमी की वेबसाइट पर उपलब्ध सूचना के अनुसार, घोष की कृति स्मोक एंड एशेज : ओपियम्स हिडेन हिस्ट्रीज का मुकाबला पांच अन्य अंतरराष्ट्रीय कृतियों के साथ है। उल्लेखनीय है कि भारत के कोलकाता में जन्मे अमिताव घोष अमेरिका में रहते हैं। निर्णायक मंडल ने इस अत्यंत पठनीय यात्रा वृतांत, संस्मरण और इतिहास को जीवंत बनाने में उनके कहानी कहने के कौशलकी प्रशंसा की। ब्रिटिश अकादमी बुक प्राइज के बयान में कहा गया है कि घोष ने अपने इस उपन्यास में दशकों के अभिलेखीय शोध का उपयोग किया है।

# 2030 तक एक करोड़ इकाई का होगा भारत का इलेक्ट्रिक वाहन बाजार : नितिन गडकरी

**भारत जल्द ही लिथियम-आयन बैटरी के निर्यात की स्थिति में होगा : केन्द्रीय मंत्री**

एजेंसी



**नई दिल्ली।** केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने मंगलवार को कहा कि देश का इलेक्ट्रिक वाहन बाजार वर्ष 2023 तक एक करोड़ इकाई सालाना बिक्री के आंकड़े को छू लेगा। इससे पांच करोड़ नौकरियां पैदा होंगी। उन्?होंने कहा कि भारत जल्द ही लिथियम-आयन बैटरी निर्यात करने की स्थिति में होगा।

केंद्रीय परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने राजधानी नई दिल्ली में आयोजित सोसायटी ऑफ इंडियन ऑटोमोबाइल मैन्युफैक्चरर्स (सियाम) के 64वें वार्षिक सम्मेलन को संबोधित करते हुए यह बात कही। गडकरी ने कहा कि भारत भविष्य में दुनिया का शीर्ष वाहन विनिर्माण केंद्र बन जाएगा। उन्होंने कहा कि भारत का इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) बाजार 2030 तक एक करोड़ इकाई सालाना तक पहुंच सकता है। इससे पांच करोड़ नौकरियां पैदा होने की उम्मीद है।

गडकरी ने अपने संबोधन में कहा कि भारतीय ईवी बाजार की क्षमता वर्ष 2030 तक 20 लाख करोड़ रुपये तक पहुंचने की संभावना है। उन्होंने यह भी कहा कि लिथियम-आयन बैटरियों की लागत में और कमी आने की उम्मीद है, जिससे किफायत में मदद मिलेगी और इस प्रकार बड़े पैमाने पर इसकी स्वीकार्यता में तेजी आएगी। दरअसल एक अनुमान के मुताबिक ईवी वित्तपोषण बाजार का आकार 4 लाख करोड़ रुपये है। उल्लेखनीय है कि सोसायटी ऑफ इंडियन ऑटोमोबाइल मैन्युफैक्चरर्स एक गैर-लाभकारी शीर्ष निकाय है। यह देश में सभी प्रमुख वाहन और वाहन इंजन निर्माताओं का प्रतिनिधित्व करता है।

## खबरें एक नजर में

**आम आदमी पार्टी ने जारी की दूसरी सूची**

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी ने मंगलवार को हरियाणा विधानसभा चुनाव के लिए अपने उम्मीदवारों की दूसरी सूची जारी की। इसमें पार्टी ने 9 उम्मीदवारों के नामों की घोषणा की है। आआपा ने अब 5 अक्टूबर को होने वाले हरियाणा विधानसभा चुनाव के लिए 90 सीटों में से 29 सीटों पर उम्मीदवार घोषित कर दिए हैं। आआपा की ओर से दूसरी सूची जारी करने का अर्थ है कि आआपा और कांग्रेस के बीच राज्य में गठबंधन की संभावना लगभग समाप्त हो गई है और दोनों पार्टियां अकेले चुनावी मैदान में उतरेंगी। साढौरा से रीता बामनिया, थानेसर से कृष्ण बजाज, इंद्री से हवा सिंह, रतिया से मुख्तियार सिंह बाजीगर, आदमपुर से भूपेन्द्र बेनीवाल, बरवाला प्रो छतर पाल सिंह, बावल से जवाहर लाल, फरीदाबाद से प्रवेश मेहता और तिगांव से आभाष चंदेला को उम्मीदवार बनाया है।

**स्कूल एडटेक कंपनी लीड ग्रुप लॉच करेगी टेकबुक**

**नई दिल्ली, समृद्धि न्यूज।** भारत की सबसे बड़ी स्कूल एडटेक कंपनी, लीड ग्रुप ने आज टेकबुक लॉन्च करने की घोषणा की, जिसे पारंपरिक पाठ्यपुस्तक-आधारित शिक्षा में आमूल बदलाव लाने के लिए तैयार किया गया इंटेलीजेंट बुक है। टेकबुक आज स्कूली छात्रों की पठन-पाठन से जुड़ी चुनौतियों का समाधान करने के लिए तीन अत्याधुनिक टेक्नोलॉजी और एनसीएफ के अनुकूल पाठ्यक्रम लेकर आया है। लीड ग्रुप के सह-संस्थापक और मुख्य कार्यकारी, सुमीत मेहता ने कहा, सदियों से, पाठ्यपुस्तकों की कक्षा में पढ़ाई के लिहाज़ से महत्वपूर्ण भूमिका रही है, जबकि एआई और एआर/वीआर ने दुनिया भर में उद्योगों में व्यक्तिगत ज़रूरत के अनुरूप मल्टी-मॉडल और गेमीफाइड अनुभवों की ओर बढ़ने में मदद की है। हम अपने देश के भविष्य के लिए कुछ आगे का लेकर आए हैं। टेकबुक टेक्नोलॉजी, शिक्षाशास्त्र और पाठ्यक्रम पर किए गए सालों के शोध का एक क्रांतिकारी परिणाम है, और यह छात्रों के पठन-पाठन के तरीके को हमेशा के लिए बदल देगा। हमें उम्मीद है कि 2028 तक भारत के शीर्ष 5000 स्कूल टेकबुक को अपना लेंगे।

**एलायंस एयर एक अक्टूबर से बेंगलुरु उड़ान का संचालन टर्मिनल-2 पर**

**नई दिल्ली।** एलायंस एयर अपने बेंगलुरु उड़ान का संचालन 01 अक्टूबर, 2024 से केम्पेगौड़ा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के टर्मिनल 1 से टर्मिनल 2 पर स्थानांतरित करेगी। एयरलाइन ने कहा कि सभी यात्रियों को सूचित किया जाता है कि एक अक्टूबर, 2024 से एलायंस एयर के उड़ान का संचालन बेंगलुरु केआईए हवाई अड्डे पर टर्मिनल 1 से टर्मिनल 2 पर स्थानांतरित कर दिया जाएगा।

## हॉलीवुड अभिनेता जेम्स अर्ल जोन्स का 93 वर्ष की आयु में निधन

**वाशिंगटन।** हॉलीवुड के दिग्गज अभिनेता जेम्स अर्ल जोन्स का 93 वर्ष की आयु में निधन हो गया। उन्होंने नौ सिंतबर की सुबह पावलिंग में अपने आवास पर अंतिम सांस ली। उनके प्रवक्ता बैरी मैकफरसन ने इसकी पुष्टि की है पर मृत्यु का कोई कारण नहीं बताया। दिवंगत अभिनेता के पुत्र मार्क हैमिल ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर लिखा है, पापा आपकी बहुत याद आएगी। द वाशिंगटन टाइम्स की खबर के अनुसार जोन्स को खनकती और जोरदार आवाज के रूप में ख्याति मिली। छह फुट दो इंच लंबे इस अभिनेता ने आधी सदी से अधिक समय तक लाखों प्रशंसकों के दिलों में राज किया। जेम्स अर्ल जोन्स को टोनी, एमी, ग्रैमी और अकादमी पुरस्कार से अलंकृत किया गया। 2011 में मानद ऑस्कर पुरस्कार मिला। जोन्स ने 1961 में द ब्लैक्स में अपनी भूमिका से समीक्षकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। उन्होंने सात दशक के करियर में मंच और स्क्रीन दोनों पर अपने अभिनय की छाप छोड़ी।

# पीएसआई-इंडिया बनी देश की पहली 'हैपिएस्ट प्लेस टू वर्क' वाली स्वयंसेवी संस्था, मिला प्रमाण पत्र

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** पापुलेशन सर्विसेज इंटरनेशनल-इंडिया (पीएसआई-इंडिया) को देश की पहली हैपिएस्ट प्लेस टू वर्क (काम करने के लिए सबसे सुखद स्थान) वाली प्रमाणित स्वयंसेवी संस्था बनने का गौरव हासिल हुआ है। हैपीनेस रिसर्च एकेडमी प्राइवेट लिमिटेड ने संस्था को यह प्रमाणपत्र प्रदान किया है। कर्मचारियों से बातचीत, फीडबैक और संतुष्टि की तकनीक के आधार पर यह उपलब्धि जुलाई 2024 से जुलाई 2025 के लिए हासिल की गयी है। यह प्रमाणपत्र कर्मचारी कल्याण और सकारात्मक कार्यस्थल संस्कृति के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है। यह जानकारी पीएसआई-इंडिया के एक्जेक्युटिव डायरेक्टर मुकेश कुमार शर्मा ने दी।

मुकेश कुमार शर्मा ने बताया कि आज यह बहुत ही गर्व का पल है कि पीएसआई-इंडिया अब एक प्रमाणित ÷काम करने के लिए सबसे सुखद स्थान÷ (हैपिएस्ट प्लेस टू वर्क) वाली संस्था बन गयी है। इसके साथ ही यह सम्मान प्राप्त करने वाली देश की पहली स्वयंसेवी संस्था भी बन गयी है। उनका कहना है कि यह महत्वपूर्ण उपलब्धि एक खुशहाल दुनिया बनाने की हमारी यात्रा का एक अहम हिस्सा है। हम भरोसा दिलाते हैं कि संस्था इस दिशा में निरंतर आगे ब?ते हुए देश को खुशहाली के रास्ते पर ले जाने का कार्य करती रहेगी। उन्होंने बताया कि संस्था कर्मचारियों को एक पारिवारिक माहौल प्रदान करने के साथ ही उनकी सुख-सुविधाओं और सुरक्षा का भी पूरा ख्याल रखती है। उन्होंने एक उदाहरण देते हुए बताया कि देश में अभी हाल ही में हुए लोकसभा चुनावों के दौरान संस्था ने अपने उन कर्मचारियों के मताधिकार का पूरा ख्याल रखा जो अपने मतदान स्थल से दूर अन्य जिलों में कार्यरत थे। संस्था ने उन कर्मचारियों को उनके मतदान वाले शहर में आने-जाने की व्यवस्था करते हुए मतदान दिवस के अवकाश के साथ एक अतिरिक्त दिन वहीं से कार्य करने की सुविधा भी प्रदान की और मतदान के लिए प्रेरित किया।

## बीजापुर में बाढ़ जैसे हालात, महाराष्ट्र, ओडिशा, आंध्र प्रदेश व तेलंगाना से टूटा संपर्क

**जगदलपुर।** बस्तर संभाग में पिछले 3 दिनों से लगातार मूसलाधार बारिश हो रही है। सुकमा और बीजापुर जिले में बाढ़ जैसे हालात हैं। सुकमा में शबरी, बीजापुर में इंद्रावती और चिंतावागु नदी उफान पर है। सुकमा में एनएच-30 और बीजापुर में एनएच-63 पर पानी भर गया है। ऐसे में छत्तीसगढ़ का महाराष्ट्र, ओडिशा, आंध्र प्रदेश और तेलंगाना इन 4 राज्यों से संपर्क टूट गया है। सुकमा जिला मुख्यालय की सड़कें भी पानी से लबालब भरी हुई हैं, यहां लगभग 50 से ज्यादा घर डूब गए हैं। लोगों को राहत शिविर कैंप में स्थानांतरित करवाया जा रहा है। इधर, अंदरुनी गांवों में छिंदगढ़, चिंतलनार समेत आस-पास के क्षेत्र के करीब 30 से 40 मकान ढह गए हैं। प्रशासन की टीम गांव से लेकर शहर तक घरों से लोगों को सुरक्षित बाहर निकालने का काम कर रही है। सुकमा में भारी बारिश को देखते हुए आज भी स्कूलों की छुट्टी कर दी गई है।

# गणेश चतुर्थी के दौरान मेरा घर बन जाता है मंदिर जैसा : काम्या पंजाबी

समृद्धि न्यूज



**मुंबई।** गणेश उत्सव महाराष्ट्र का एक बड़ा त्योहार है, जो खुशी, संगीत, सजावट और आरती की ध्वनि से भरा होता है। इस त्योहार की एकता और भक्ति की भावना इसे खास बनाती है। सन नियो के इश्क़ जबरिया शो में मोहिनी का किरदार निभा रही अभिनेत्री काम्या पंजाबी ने बताया कि वे इस उत्सव को कैसे मनाती हैं।

35 वर्षों से काम्या, बप्पा का स्वागत अपने घर पर करती आ रही हैं, इस पर अधिक बात करते हुए उन्होंने कहा, गणेश चतुर्थी के समय, मेरा घर रंगबिरंगी सजावट और एक खास ऊर्जा से भर जाता है। मेरा घर गणेश जी के आते ही मंदिर में बदल जाता है। हम नए कपड़े पहनते हैं, मिठाइयों का आनंद लेते हैं और मेरी माँ प्रसाद तैयार करती हैं। वह हर चीज का ध्यान रखती हैं, जैसे खाना और निमंत्रण। मुझे पारंपरिक महाराष्ट्रीयन पोशाक पहनना बहुत पसंद है, जिसमें नथ और वेणी शामिल हैं। काम में व्यस्त होते हुए भी मैं उत्सव में जरूर शामिल होती हूं। इतना ही नहीं गौरी गणपति को घर लाना हमेशा रोमांचक होता है और हम हर साल बप्पा का आशीर्वाद मिलने का इंतजार करते हैं। जब वह हमारे साथ होते हैं, तो मुझे किसी चीज की चिंता नहीं होती, उनके सिर्फ दर्शन मात्र से मेरी सारी चिंताएं दूर हो जाती हैं। मैं हमेशा एक इकोफ्रेंडली मूर्ति चुनती हूं, जिसमें बड़ा पेट, बड़े कान और मुस्कुराता हुआ चेहरा होता है। रूप कोई भी हो, मैं हमेशा उनकी उपस्थिति को घर पर महसूस करती हूं।

## वित्त मंत्री सीतारमण से मिले विश्व आर्थिक मंच के कार्यकारी अध्यक्ष

**नई दिल्ली।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से विश्व आर्थिक मंच के संस्थापक और कार्यकारी अध्यक्ष प्रो. क्लॉस श्वाब ने मंगलवार को यहां मुलाकात की। इस मुलाकात के दौरान दोनों नेताओं के बीच कई मसलों पर बातचीत हुई। हालांकि, इसका पूरा ब्योरा अभी मिल पाया है। वित्त मंत्रालय ने 'एक्स' पोस्ट पर जारी एक बयान में बताया कि विश्व आर्थिक मंच के संस्थापक और कार्यकारी अध्यक्ष प्रो. क्लॉस श्वाब ने नई दिल्ली स्थित नार्थ ब्लॉक स्थित वित्त मंत्री कार्यालय में केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से मुलाकात की है। विश्व आर्थिक मंच एक गैर-लाभकारी एवं अंतरराष्ट्रीय संगठन है। इस संगठन की स्थापना 1971 में हुई थी। इसका मुख्यालय स्विट्जरलैंड के जिनेवा में स्थित है। ये फोरम वैश्विक, क्षेत्रीय और औद्योगिक एजेंडों को आकार देने के लिए राजनीतिक, व्यापारिक, सामाजिक और शैक्षणिक क्षेत्र के अग्रणी नेतृत्व को एक साझा मंच उपलब्ध कराता है।